CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 14°C

मुरादाबाद, शनिवार 8 नवम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 84 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 जमादिउल उला 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुज़फ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


अखिलेश से मिले आजम खां, बोले 'अब भी जिंदा हैं पत्थर से मजबूत लोग' पेज 2


ब्रिस्बेन में सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने के आसार खेल टाइम्स



परीक्षा देने का सबसे अच्छा समय क्या है सम्पादकीय


पाकिस्तान एटमी हथियारों की तस्करी कर रहा: भारत पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### गायिका-अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का हुआ अंतिम संस्कार



**मुंबई।** हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका और अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का शुक्रवार को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर परिवार के सदस्य और करीबी लोग मौजूद थे। सुलक्षणा पंडित का गुरुवार शाम लंबी बीमारी के बाद 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। सुलक्षणा पंडित 1970 और 1980 के दशक के आरंभ में लोकप्रिय गायिका एवं अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई और उन्होंने उस समय हिंदी फिल्मों के बड़े सितारों जितेन्द्र, संजीव कुमार, राजेश खन्ना, विनोद खन्ना, शशि कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ फिल्में की। उन्होंने अपने अभिनय की शुरुआत 1975 की सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म 'उलझन' में संजीव कुमार के साथ की और उन्होंने क्लासिक उपन्यास परिणीता पर आधारित अनिल गांगुली की फिल्म 'संकोच' (1976) में लोलिता की भूमिका के लिए प्रशंसा अर्जित की। उनकी फिल्मों में हेरा फेरी, अपनापन, खानदान, चेहरे पे चेहरा, धरम कांटा और वक्त की दीवार जैसे लोकप्रिय फिल्में शामिल हैं।

### 68 करोड़ के बैंक गारंटी मामले में रिलायंस पावर का संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़ी जाली ऋण गारंटी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के नवीनतम घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को एक और संदिग्ध अमरनाथ दत्ता को गिरफ्तार किया। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दत्ता को रिलायंस पावर लिमिटेड की एक सहायक कंपनी द्वारा सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को 68 करोड़ रुपये से अधिक की जाली बैंक गारंटी (बीजी), फर्जी बैंक गारंटी अनुमोदन और एसएफएमएस जमा करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने व्यापार के लिए वित्तीय सेवा उपलब्ध कराने के नाम पर परामर्श सेवाएं प्रदान करने का दावा किया था। दत्ता ने पहले गिरफ्तार किए गए अशोक पाल और पार्थसारथी बिस्वाल के साथ मिलकर फर्जी बैंक गारंटी प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। अमरनाथ दत्ता को नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 नवम्बर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया।

### अतीक के बहनोई, वकील, ड्राइवर और नौकर की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी रहे अतीक अहमद के बहनोई डा. अखलाक अहमद, वकील विजय मिश्रा, ड्राइवर व नौकर नियाज की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। सभी आरोपियों की ओर से दाखिल अपराधिक अपील पर न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकल पीठ सुनवाई कर रही थी। मेरठ निवासी अतीक के बहनोई डा. अखलाक अहमद पर हत्याकांड के बमबाज गुड्डू मुस्लिम को शरण देने का आरोप है। जबकि, बाकी मुल्जिमों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। हत्याकांड के बाद से फरार बमबाज गुड्डू मुस्लिम पांच लाख का इनामी है। पुलिस का दावा है कि घटना को अंजाम देने के बाद इसने डा. अखलाक के मेरठ स्थित घर पर शरण ली थी। मेरठ से गिरफ्तार एकलाख ने जमानत पर रिहाई के लिए सितम्बर 2023 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। डा. अखलाक के अधिवक्ता ने दलील दी थी कि उनका नाम एफआईआर में नामजद नहीं है। वह पेशे से डाक्टर हैं। अपराध की दुनिया से उसका कोई वास्ता नहीं है। उसे केवल अतीक के रिश्तेदार होने के कारण फंसाया गया है। अतीक के वकील विजय पर उमेश पाल हत्याकांड में मुखबिरी करने का आरोप है।

# मोदी से चल रही अच्छी बात, जल्द करूंगा भारत का दौरा: ट्रम्प

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका के राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत बेहद अच्छी चल रही है और वे जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। ट्रम्प ने मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा हमारे बीच बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद कर दिया है।

मोदी मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं और उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है। हम तारीख तय करेंगे, प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं और मैं भारत जाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अगले साल भारत का दौरा करेंगे, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, हो सकता है, हां। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत अभी जारी है। ट्रम्प ने कहा कि ट्रेड के कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन हमारी टीम इस पर काम कर रही है। हालांकि दोनों देशों के बीच बीते कुछ समय से व्यापार को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजारों को और अधिक खोलने पर विचार करे, जबकि भारत कृषि और तकनीकी क्षेत्र में अमेरिकी रियायतों की उम्मीद कर रहा है। ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान भी दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक समझौतों पर बात हुई थी, लेकिन कुछ मतभेदों के कारण वे अधूरे रह गए थे। ट्रम्प ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रम्प इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे।

> टैरिफ विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति का बड़ा ऐलान
> कहा- भारत ने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद किया, मोदी मेरे दोस्त हैं, उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है



### सीबीआई ने अकील अख्तर की संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और पंजाब की पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री रजिया सुल्ताना के बेटे अकील अख्तर की गत 16 अक्टूबर को पंचकूला में हुई संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली। सीबीआई ने शुक्रवार को बताया कि अकील अख्तर की संदिग्ध मौत का मामला सबसे पहले 20 अक्टूबर को पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स पुलिस थाने में दर्ज किया गया था।

# आवारा कुत्तों को सड़कों-हाईवे से हटाएं

## सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया अहम निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अहम निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि सभी आवारा पशुओं को सड़कों, राज्य के हाईवे और राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर राज्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नगरपालिकाओं को भी निर्देश जारी किया है।

इतना ही नहीं कोर्ट ने निर्देश दिया है कि आवारा पशुओं को हटाने के लिए हाईवे निगरानी टीमें बनाई जाएं जो उन्हें पकड़ कर सड़कों से हटाएंगी और शेल्टर होम्स में रखेंगी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में आगे आवारा कुत्तों के मुद्दे पर भी आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, बस और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए और उन्हें शेल्टर होम में जगह दी जाए। साथ ही उन्हें टीकाकरण के बाद भी उसी इलाके में न छोड़ जाने के निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान कुत्तों के काटने के मामलों में चौंकाने वाली बढ़ोतरी की बात कही और आदेश दिया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के बाद उन्हें शेल्टर में टीके दिए जाएं। इसके बाद उन्हें पुरानी जगहों पर न छोड़ा जाए। इसके अलावा सार्वजनिक जगहों पर आवारा कुत्तों के दोबारा न घुसने देने के इंतजाम भी तय हों। कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 13 जनवरी को करेगी। पीठ ने आवारा कुत्तों को सार्वजनिक रूप से भोजन कराने पर भी रोक लगाई और उनके लिए भोजन स्थल बनाने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से आगे बढ़ाकर इसे पूरे भारत में लागू कर दिया है। पीठ ने शुक्रवार को स्वतः संज्ञान लेकर आवारा कुत्तों के मामले में यह आदेश पारित किया।



> राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नगर पालिकाओं को भी शीर्ष अदालत ने निर्देश किया जारी

### विमान हादसा: पायलट के पिता की याचिका पर केंद्र- डीजीसीए से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए पायलट के पिता की स्वतंत्र जांच की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब तलब किया है। वहीं इस मामले में कोर्ट ने मृत पायलट के पिता से साफ कहा कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में भी पायलट के खिलाफ कोई आरोप नहीं है। कोर्ट ने पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल के 91 वर्षीय पिता से कहा कि उनके बेटे को हादसे के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है और उन्हें खुद पर इसका बोझ नहीं लेना चाहिए।पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी किया है।

### SIR: DMK की याचिका पर सुनवाई को तैयार हुआ कोर्ट

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने राज्य में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट 11 नवम्बर को इस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। डीएमके की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील विवेक सिंह ने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की, जिसके बाद पीठ ने याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध करने की बात कही। डीएमके के संगठन सचिव आरएस भारती ने चुनाव आयोग द्वारा तमिलनाडु में एसआईआर कराने के फैसले के खिलाफ 3 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# 1937 में विभाजन के बीज बोए गए, वही सोच आज भी देश के लिए बड़ी चुनौती: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया है।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इसकी आत्मा का एक हिस्सा, वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को अलग कर दिया गया। वंदे मातरम को खंडित किया गया, उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए। वंदे मातरम के इसी विभाजन ने देश के विभाजन के बीज भी बोए... आज की पीढ़ी के लिए यह जानना जरूरी है कि यह अन्याय क्यों हुआ, क्योंकि वही विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है। वंदे मातरम, ये शब्द एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। वंदे मातरम, ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है, ये हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है और हमारे भविष्य को ये नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।



> कहा: आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया

# दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल समस्या, 300 उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली/मुंबई।** दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार को हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खामी के कारण लगभग 300 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। सैकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसका असर मुंबई के हवाई अड्डे पर भी देखा गया है।

मुंबई में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई एयरपोर्ट की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया कि दिल्ली स्थित स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में आई एक तकनीकी समस्या के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर भी उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल (एटीसी) में इस प्रणाली से मदद मिलती है। संबंधित अधिकारी इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

> यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा

# दिल्ली में सीजन की सबसे ठंडी रात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड ने दस्तक दे दी है। दिल्ली में गुरुवार को इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री तक गिर गया।

इस सर्दी सीजन में पहली बार है जब तापमान 15 डिग्री से नीचे चला गया। इससे पहले, इस साल का न्यूनतम तापमान 26 अक्टूबर को 15.8 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों में मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली सहित मध्य और उत्तर भारत के राज्यों में तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। तापमान में गिरावट के साथ ठंडी हवाएं भी चलेंगी। इससे कड़ाके की ठंड का एहसास होगा। राजस्थान के 3 शहरों में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज हुआ। नागौर में 9.4 और बीकानेर के पास लूणकरणसर में 8.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के औसत तापमान में गुरुवार रात 6.1 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। राज्य के राजगढ़ में सबसे कम 11 डिग्री तापमान रहा। इंदौर में 12.1 डिग्री और भोपाल में 13 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।



> अगले दो-तीन दिन में कड़ाके की ठंड का अनुमान जताया

### वंदे मातरम की ध्वज वाहक है कांग्रेस: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर खड़गे ने कहा कि वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया। वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है। खड़गे ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वंदे मातरम की गर्वित ध्वजवाहक रही है। साल 1896 में कलकत्ता में कांग्रेस के अधिवेशन के दौरान तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष रहमतुल्लाह सयानी के नेतृत्व में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने पहली बार सार्वजनिक रूप से वंदे मातरम गाया था। उस पल ने आजादी की लड़ाई में नई जान फूंक दी।

# पूरा चुनाव ही चोरी कर लिया गया: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक बार फिर भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पूरा चुनाव चोरी किया गया और नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

हालांकि भाजपा ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि राहुल गांधी अपनी नाकामी को छिपाने के लिए देश के लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, हमारे पास बहुत सारा मैटेरियल है। हम वोट चोरी का पर्दाफाश करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे। हम भारत के जेन जी, युवाओं को साफ तौर पर दिखाएंगे कि नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं और भाजपा चुनाव चोरी करती है। बुधवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह एक सामान्य सी बात है। मैंने अपनी प्रेजेंटेशन में दिखाया कि हरियाणा चुनाव, चुनाव नहीं था, और बड़े पैमाने पर चोरी हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि मेरे द्वारा लगाए गए सभी आरोपों पर चुनाव आयोग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है और भाजपा लगातार चुनाव आयोग का बचाव कर रही है, लेकिन वे मेरी कही बात को गलत नहीं बता रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि हरियाणा चुनाव के दौरान मतदाता सूची में 25 लाख एंट्री फर्जी थीं और चुनाव आयोग ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भजापा के साथ मिलीभगत की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि मीडिया ब्राजीली मॉडल के मुद्दे को उठा रहा है।

> कांग्रेस नेता का पीएम मोदी पर तीखा हमला
> कहा: नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं



# 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आजमगढ़ स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश मार गिराया गया।

पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि जोकहरा गांव के पुल के पास हुई इस मुठभेड़ में तीन अन्य बदमाश मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। मारे गए बदमाश की शिनाख्त वाकिब उर्फ वाकिफ (27) निवासी थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ के रूप में की गई है । सिधारी क्षेत्र में हुई छिनैती की घटना के सुराग के लिए स्वाट टीम एवं थाना सिधारी पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ हुई।

> मारे गए बदमाश की पहचान वाकिफ के रूप में हुई

संक्षिप्त समाचार

### एससी-एसटी एक्ट की आड़ में झूठी शिकायत पर हाईकोर्ट पर सख्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/एसटी एक्ट की आड़ में झूठी शिकायत कर सरकारी मुआवजा प्राप्त करने के मामले में सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि यह कानून कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है, न कि इसे निजी लाभ या दबाव बनाने के साधन के रूप में इस्तेमाल करने के लिए। अदालत ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रयागराज की रामकली और उसकी दो बहुएं कविता और सविता ने पहले कोर्ट में कहा था कि उन्होंने ही एफआईआर कराई है और उन पर अत्याचार हुआ है। इसके आधार पर इन्हें सरकार से मुआवजा भी दिया गया, लेकिन बाद में हाईकोर्ट में बयान बदलते हुए कहा गया कि उनके अंगूठे के निशान खाली कागज पर लिए गए थे और उन्होंने जानबूझकर शिकायत नहीं की थी।

### मतदाताओं ने विकसित बिहार के मुद्दे पर लगाई मुहर: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के बाद बिहारवासियों की सराहना करते हुए कहा है कि लोगों ने विकसित बिहार पर अपनी मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- बिहार ने प्रथम चरण के मतदान में भाजपा-एनडीए सरकार के संकल्प 'विकसित बिहार' पर अपने विश्वास और आशीर्वाद की मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज सत्याग्रह और राष्ट्रवाद की तीर्थभूमि पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण की सुशासनप्रिय जनता-जनार्दन से संवाद करूंगा।

# एसआईआर को लेकर भाजपा ने 75 जिलों में बनाए वॉर रूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विधानसभा क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने की अपनी रणनीति के तहत, भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर समर्पित वॉर रूम और कार्यकर्ताओं की विशेष टीमें स्थापित की हैं।

पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि मुख्य रूप से जिला और क्षेत्रीय स्तर पर गठित इन वॉर रूम का संचालन 75 जिलों और छह क्षेत्रों (पश्चिमी उत्तर प्रदेश, ब्रज, अवध, काशी, गोरखपुर और कानपुर-बुंदेलखंड) में से प्रत्येक में 11 लोगों की एक टीम द्वारा किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि ये टीमें पार्टी के जिला और विधानसभा स्तर के समन्वयकों से रोजाना फीडबैक ले रही हैं। पार्टी ने टीमों को कार्यकर्ताओं के कामकाज पर नज़र रखने और बाद में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। बूथ जीतना ही चुनाव जीतना है। हम बूथ स्तर पर तैयारियों के तहत इसी मंत्र पर काम कर रहे हैं। एक वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी ने कहा कि एसआईआर के मामले में भी, पार्टी ने मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के साथ समन्वय स्थापित करने की विस्तृत योजना बनाई है।

विशेषज्ञों ने कहा कि भाजपा वॉर रूम, एसआईआर के दौरान वास्तविक समय में डेटा निगरानी और जवाबदेही को औपचारिक रूप देने की पार्टी की रणनीति को रेखांकित करते हैं।

### अगर वोटर घर पर नहीं, तो ऐसे भरेगा एसआईआर का फॉर्म: यूपी सीईओ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि शुद्ध निर्वाचक नामावली मजबूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। यूपी में चार नवंबर से मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण शुरू हो चुका है, जिसके बाद से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हम प्रत्येक मतदाता से अनुरोध करते हैं कि वे गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को वापस दे दें। यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सभी मतदाता समय पर अपना फॉर्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि किसी का नाम सूची से छूटे नहीं। उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, उनके लिए दूसरा चरण चलेगा।

# विद्युत संशोधन विधेयक वापस ले सरकार

**लखनऊ, वार्ता**

■ एआईपीईएफ ने की सरकार से मांग

ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने केंद्रीय विद्युत मंत्री को ड्राफ्ट विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025 पर अपनी टिप्पणियां सौंपते हुए विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की है। इंजीनियरों का कहना है कि विधेयक का उद्देश्य पूरे बिजली क्षेत्र का निजीकरण करना है, जो किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आत्मघाती साबित होगा।

एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि यदि यह विधेयक लागू हुआ, तो दशकों में बनी एकीकृत और सामाजिक रूप से संचालित बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी और बिजली वितरण व उत्पादन के सबसे लाभदायक हिस्से निजी कंपनियों के हाथ सौंप दिए जाएंगे जबकि घाटा और सामाजिक दायित्व सार्वजनिक क्षेत्र को ही उठाने पड़ेंगे।

दुबे ने कहा कि यह विधेयक सार्वजनिक हित में क्षेत्र को सहारा देने के बजाय बड़े पैमाने पर निजीकरण, व्यावसाईकरण और भारतीय बिजली प्रणाली के केंद्रीकरण का रास्ता साफ करने के लिए बनाया गया है। यह सार्वजनिक उपयोगिताओं की वित्तीय स्थिरता, उपभोक्ताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों, भारतीय राज्य की संघीय संरचना और देशभर में लाखों बिजली क्षेत्र कर्मचारियों की आजीविका को खतरे में डालता है। उन्होंने कहा कि लागत-प्रतिबिंबी टैरिफ (कास्ट रिफ्लेक्टिव टैरिफ) का प्रावधान और क्रॉस-सब्सिडी की वापसी से किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ असहनीय हो जाएगा। दुबे ने बताया कि पहले भी वर्ष 2014, 2018, 2020, 2021 और 2022 में केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने विद्युत (संशोधन) विधेयक पेश किए थे, लेकिन कर्मचारी-विरोधी, किसान-विरोधी और उपभोक्ता-विरोधी प्रावधानों के कारण तथा बिजली इंजीनियर्स, बिजली कर्मचारी, किसान संगठन, उपभोक्ता मंच और कई राज्य सरकारों के कड़े विरोध के चलते ये विधेयक पारित नहीं हो सके।

# पर्यटन नीति-2022 के तहत यूपी में खुलेंगे वेलनेस सेंटर

**लखनऊ, वार्ता**



उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटन नीति-2022 के अंतर्गत व्यक्तियों, संस्थाओं और उद्यमियों को प्रदेशभर में वेलनेस सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया है। इस पहल का उद्देश्य योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक भारतीय उपचार पद्धतियों के माध्यम से आध्यात्मिकता और पर्यटन को एक सूत्र में जोड़ना है।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में लोग तेजी से वेलनेस आधारित जीवनशैली अपना रहे हैं। ऐसे में प्रदेश में वेलनेस सेंटरों की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक वेलनेस पद्धति से जोड़ना है। इससे पर्यटकों को आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और होम्योपैथी जैसी आयुष पद्धतियों का अनुभव प्राप्त होगा। पर्यटन नीति-2022 के अनुसार वेलनेस सेंटरों को अनुभव आधारित पर्यटन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। प्रत्येक वेलनेस सेंटर में कम से कम पांच थेरेपी कक्ष होना अनिवार्य होगा, जहां आयुष पद्धतियों पर आधारित विशेष उपचार और सेवाएं प्रदान की जाएंगी। वहीं वेलनेस रिज़ॉर्ट के लिए कम से कम एक एकड़ भूमि और 20 कमरे आवश्यक हैं, साथ ही थेरेपी और योग गति. विधियों के लिए अलग परिसर भी होना चाहिए। पर्यटन विभाग का मानना है कि ऐसे वेलनेस सेंटर उन पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करेंगे, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और समग्र जीवनशैली सुधार की तलाश में रहते हैं। मंत्री ने बताया


### सपा मुखिया अखिलेश से मिलने के बाद बोले आजम खान

# अब भी जिंदा हैं पत्थर से मजबूत लोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने शुक्रवार को लखनऊ में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ बेटे अब्दुल्ला आजम भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 45 मिनट तक चली यह बैठक राजनीतिक रूप से काफी अहम मानी जा रही है, जिससे राजधानी के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

आजम खान से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा कि न जाने कितनी यादें संग ले आए, जब वो आज हमारे घर पर आए। ये जो मेलमिलाप है यही हमारी साझा विरासत है। वहीं बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में आजम



मेरे घर में कल भी जनरेटर नहीं था, आज भी नहीं: आजम खान



जब आजम हमारे घर आए न जाने कितनी यादें अपने संग लेकर आए: अखिलेश

खान ने कहा कि आज मेरे आने का मकसद सिर्फ इतना था कि लोगों को बता सकूं कि आज भी इस धरती पर कुछ ऐसे लोग जिंदा हैं, जिनकी सहनशीलता किसी पत्थर और पहाड़ से ज्यादा मजबूत है। अपने सादे जीवन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे घर में कल भी जनरेटर नहीं था, आज भी नहीं है, और जब तक मेरे समाज के हर व्यक्ति के घर में जनरेटर नहीं लग जाएगा, मैं भी जनरेटर नहीं रखूंगा। आजम खान ने कहा कि आज ऐसा दौर है, जब लोग हजारों किलोमीटर चलकर मिलने आते हैं और गले लगते हैं, उनमें से कई मेरे धर्म के भी नहीं हैं। यही असली बदलाव है और यह बदलाव महसूस भी हो रहा है। जेल में बिताए समय को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर मुझे कभी इतना वक्त मिला कि मैं कुछ लिख सकूं, तो मैं दावा करता हूं कि आप उसे पढ़ नहीं सकेंगे। बिहार के मौजूदा चुनावी माहौल पर तंज करते हुए आजम खान ने कहा कि यहां बादशाह से लेकर वजीर तक कहते हैं कि बिहार में जंगलराज है, लेकिन जंगल में कौन रहता है, इंसान तो नहीं। अगर मैं उस 'जंगलराज' में चला जाऊं, तो देख लेना, मैं अपना सिर रेल की पटरी पर नहीं रखूंगा। आजम खान ने कहा कि लोग कह रहे हैं कि बिहार में बदलाव आने वाला है और जब लोग कहते हैं, तो शायद सही कहते हैं। अपने ऊपर दर्ज मामलों को लेकर उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि अगर 'तनखइया' कहने पर मेरी सदस्यता जा सकती है, मुर्गी चोरी पर 21 साल की सजा और 30 लाख का जुर्माना हो सकता है, तो फिर दूसरे लोग क्यों माहौल खराब करें।

### नई पीढ़ी कट्टर विचारों के खिलाफ: सपा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी किसी भी तरह के कट्टर विचारों के खिलाफ होती है। यादव ने लिखा कि 'नई पीढ़ी' इसीलिए नई कही जाती है, क्योंकि उसकी सोच नई होती है, पुरानी नहीं। नई पीढ़ी आने वाले कल की ओर खुले नज़रिए से देखती है। वह पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक प्रगतिशील होती है और उसका सोचने का दायरा बहुत बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी दुनिया भर को न केवल अनुभव करना चाहती है, बल्कि गले भी लगाना चाहती है। नई पीढ़ी का नेचर इंक्लूसिव और एकमोडेटिंग होता है। उसमें भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं होती। वह हर धर्म, पंथ और विचार के प्रति सहनशील होती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि नई पीढ़ी के विचार 'फ्लेक्सिबल और मानवीय' होते हैं। वह सबको सुनना, समझना चाहती है।



सेंसेक्स 83311.01

निफ्टी 25492.30



सोना रु. 120231

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 148010

प्रति किलो



# सेंसेक्स और निफ्टी में रही हल्की गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बीच शुक्रवार को शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के साथ स्थानीय शेयर में नरमी का सिलसिला बना रहा और बीएसई-30 संसेक्स और निफ्टी-50 हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। वाहन, वित्तीय सेवा और बैंकिंग क्षेत्र के शेयरों ने बाजार को बड़ी गिरावट से बचा लिया। प्रमुख सूचकांकों में गुरुवार को भी गिरावट दर्ज की गई थी।

बीएसई संसेक्स सूचकांस 83,311.01 के पिछले बंद की तुलना में आज सुबह तेजी से गिरावट के साथ 83,150.15 पर खुला और नीचे में 82,670.95 तक गिरने के बाद अपराह्न के कारोबार में काफी हद तक संभल गया और कारोबार के अंत में 83,216.28 पर बंद हुआ। यह कल की तुलना में 94.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी) का 50 प्रमुख शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 50 भी उतार चढाव भरे कारोबार में 17.40 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,492.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 25,433.80 पर तेजी से गिरावट के साथ खुल कर 25,318.45 तक नीचे चला गया था। अपराह्न के सत्र में यह एक बार 25,551.25 के स्तर तक चढ़ गया था। बीएसई में आज लाभ और हानि में रहे शेयरों की संख्या बराबर रही और बैंकिंग तथा प्रौद्योगिकी शेयरों में मिलाजुला रुख दिखा। लाभ में रहे 15 शेयरों में बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, अडानी पोर्ट्स, बीईएल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, कोटक बैंक, सन फार्मा, मारुति, एटर्नल और एलएंडटी शामिल हैं। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स 0.76 प्रतिशत सुधर कर 27,238.75, निफ्टी बैंक 0.56 प्रतिशत सुधर कर 57,876.80 और व्यापक आधार वाला निफ्टी- 100, 0.04 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 26144.20 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 में 0.63 प्रतिशत और निफ्टी ऑटो में 0.57 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। ब्रोकरेज फर्म जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाज़ार शुरुआती गिरावट से उबर गए, क्योंकि शुरुआती गिरावट के बाद कारोबार के दौरान विभिन्न स्तरों पर खरीदारी बढ़ गई थी। नायर की राय में कंपनियों के मिश्रित तिमाही नतीजों, सतर्क वैश्विक संकेतों और लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी के बीच इसे रुझान में बदलाव कहना अभी जल्दबाजी होगी।

### आज फिर लुढ़की सोना और चांदी की कीमत

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहे हैं। कभी कीमतें बढ़ती हैं, तो कभी घटती हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार शुक्रवार दोपहर तक 24 कैरेट सोने की कीमत घटकर 1,20,231 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। वहीं चांदी का भाव घटकर 148,010 रुपये प्रति किलो हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव बढ़कर 1,21,133 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। दूसरी ओर चांदी की वायदा कीमत 1,598 रुपये बढ़कर 1,48,667 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक व्यापारियों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत दो दिनों की गिरावट के बाद गुरुवार को 600 रुपये बढ़कर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता (23 कैरेट) वाले सोने की कीमत भी 600 रुपये बढ़कर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

# यात्री वाहनों, दुपहिया की खुदरा बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** त्योहारी मांग और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नई पीढ़ी के सुधारों के कारण अक्टूबर में यात्री वाहनों और दुपहिया की खुदरा बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया। वाहन डीलरों के संगठन फाडा द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अक्टूबर 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री 11.35 प्रतिशत बढ़कर 5,57,373 इकाई पर पहुंच गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर अक्टूबर में 51.76 प्रतिशत बढ़कर 31,49,846 इकाई दर्ज की गई। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा कि वाहनों की खुदरा बिक्री के मामले में अक्टूबर 2025 मील के पत्थर के तौर पर याद किया जाएगा।



जीएसटी सुधारों, ग्रामीण मांग बढ़ने और त्योहारी मांग रहने से रिकॉर्डतोड़ परिणाम सामने आए हैं। यात्री वाहनों और दुपहिया दोनों की बिक्री अब तक के उच्चतम स्तर पर दर्ज की गई जो उपभोक्ता विश्वास में नई ऊर्जा और अर्थव्यवस्था में अंदरूनी लहर को दिखाता है। तिपहिया की बिक्री 5.43 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,29,517 इकाई दर्ज की गई, हालांकि इसमें ई-रिक्शा की बिक्री में 15.60 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रैक्टरों की बिक्री 14.22 फीसदी की वृद्धि के साथ 73,577 पर और वाणिज्यिक वाहनों की 17.69 प्रतिशत बढ़कर 1,07,841 पर पहुंच गई। वाहनों की कुल बिक्री में 40.53 फीसदी का जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया और यह 40,23,923 इकाई रही।

फाडा ने बताया कि अक्टूबर में ग्रामीण भारत मांग में वृद्धि का नया ईंजन बनकर उभरा है। उसने अनुकूल मानसून, कृषि आय में वृद्धि और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों में सुधार को इसकी वजह बताई है। मौजूदा वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में अप्रैल से अक्टूबर तक वाहनों की कुल बिक्री में 10.73 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 1,63,91,421 इकाई पर पहुंच गई। इसमें दुपहिया की बिक्री 12.63 प्रतिशत बढ़कर 1,19,94,390 इकाई और यात्री वाहनों की 5.76 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25,19,348 इकाई हो गई।

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ताओं का चौथा दौर पूरा

■ मंत्रिस्तरीय भागीदारी हुई, दोनों देश समझौता शीघ्र सम्पन्न करने को तत्पर

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ताओं का चौथा दौर शुक्रवार को न्यूजीलैंड में समाप्त हुआ, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से मंत्रिस्तरीय भागीदारी हुई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक सहयोग के अनुरूप, एक संतुलित, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते के शीघ्र समापन की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

चौथे दौर की यह बातचीत तीन सितम्बर को ऑकलैंड में शुरू हुई थी। इसी सिलसिले में अधिकारियों के दल के साथ पीयूष गोयल भी न्यूजीलैंड के दौरे पर थे। इस दौरान भारत के वाणिज्य एवं उद्योग जगत का एक शिष्टमंडल भी वहां गया हुआ था। गोयल ने चौथे दौर की समाप्ति पर कहा कि वार्ताओं का यह दौर दोनों देशों की ओर से एक दूसरे के सामान को अपने बाजारों में मुक्त प्रवेश देने, सेवा व्यापार के उदारीकरण, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित था। गोयल ने इस दौरे में न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री कैक्ले और अन्य अधिकारियों के अलावा एयर न्यूजीलैंड के सीईओ निखिल रविशंकर और वहां के उद्योग व्यापार जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ साथ प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मुलकात की। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष मेरे मित्र और समकक्ष, टॉड मैक्ले के साथ बैठक के साथ न्यूजीलैंड की मेरी उपयोगी यात्रा समाप्त हुई। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर वस्तु बाजार में प्रवेश, सेवाओं, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित था। गोयल ने कहा कि उन्होंने इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों के साथ बैठकें कीं और कई कार्यक्रमों में भाग लिया। ए बैठकें और कार्यक्रम दोनों देशों के बीच मज़बूत जन-जन और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाते हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है दोनों देश एक एक संतुलित, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं।

# कभी देश को झकझोर देने वाले गीत वंदे मातरम की धुनों से गूंजे साउथ ब्लॉक के गलियारे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देश भर में मनाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान रक्षा मंत्रालय यानी 'साउथ ब्लॉक' के गलियारे भी शुक्रवार को 'सुजलाम, सुफलाम, मलयज शीतलाम, शस्यश्यामलम, मातरम, वंदे मातरम' की शाश्वत पंक्तियों से गूंज उठे।

राजपूत रेजिमेंटल सेंटर, फतेहगढ़, उत्तर प्रदेश के सैन्य बैंड ने इस अवसर पर एक विशेष प्रस्तुति में अपनी मधुर धुनों से इस भावपूर्ण गीत को जीवंत कर दिया। इस समारोह में सेना उप प्रमुख पुष्पेंद्र सिंह और साउथ ब्लॉक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बाद में सभी उपस्थित लोग राष्ट्रीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में शामिल हुए, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साउथ ब्लॉक में प्रस्तुति देने वाले सैन्य बैंड में 2 जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) और 23 अन्य रैंकों सहित 25 सदस्य शामिल थे। इससे पहले 2014 में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के जन्मदिन समारोह में भी यह बैंड प्रस्तुति दे चुका है। आज की प्रस्तुति में इस बैंड का नेतृत्व नायब सूबेदार लक्ष्मण सिंह ने किया। साल भर चलने वाले समारोह के दौरान आकाशवाणी, दूरदर्शन और एफएम रेडियो चैनलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अल्पसंख्यक आयोग ने मनाया 'वंदे मातरम' का स्मरणोत्सव समारोह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को बताया गया कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने यहां राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सचिव अलका उपाध्याय ने आयोग के अधिकारियों के साथ सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' के गायन में भाग लिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मंडावर में ग्रामीण की हत्या

## आरोपियों के खिलाफ ग्रामीणों का थाने पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** चार दिन से लापता ग्रामीण की लाश मिलने के बाद परिजनों ने उसकी शिनाख्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर थाने पर हंगामा किया। उन्होंने हत्या का आरोप लगाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह स्थानीय दयालवाला बस अड्डे के नजदीक प्रकाश पब्लिक स्कूल के सामने आम के बाग में एक लाश पड़ी होने की सूचना पुलिस को मिली। लाश की खबर जंगल की आग की तरह चारों तरफ फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन उसकी शिनाख्त फौरन नहीं हो पाई थी। मृतक की उम्र लगभग 55 वर्ष थी। पुलिस ने लाश को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



इस बीच लाश की शिनाख्त ग्राम राजारामपुर निवासी कुलवंत सिंह पुत्र गंभीर सिंह के रूप में हुई। जो चार दिन पूर्व से घर से लापता था। उसकी लाश मिलने की खबर ग्राम में भी पहुंच गई। जानकारी मिलते ही परिजनों में भी कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण परिजन थाने पहुंचे। उन्होंने मण्डावर पुलिस को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की। मृतक की पत्नी अरूणा ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा गया है कि उसके पति कुलवंत सिंह पुत्र गंभीर सिंह को गंगाराम पुत्र तेजा, विकास व पवन पुत्रगण प्रेम सिंह तीन नवम्बर को घर से बुला कर ले गए थे। पवन कुमार पुत्र प्रेम सिंह ने पहले भी उनके पति के सिर पर वार कर दिया था। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तीन नवम्बर से उनके पति लापता थे। उन्होंने सभी जगह अपने पति को तलाश किया। लेकिन पता नहीं चला था। आज उनके पति मृत पाए गए। उनके शरीर को देखने से साफ पता चल रहा था कि उनकी हत्या की गई है। नाराज ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# भाकियू की मासिक पंचायत में कई मुद्दों पर विचार-विमर्श



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय परिसर में भाकियू (अराजनैतिक) की मासिक पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की गन्ना भुगतान समस्या सहित कई ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। पंचायत में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान शामिल हुए।

बैठक में पहुंचे संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के तहत किसानों के हितों की रक्षा के लिए गांव-गांव जाकर डोर-टू-डोर अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु गंभीर कदम उठाने चाहिए।

इस दौरान किसानों ने अपनी आवाज मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए डाकघर पहुंचकर लगभग एक हजार पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री के नाम भेजे, जबकि करीब तीन हजार पोस्ट कार्ड खरीदे गए।

बैठक में किसानों का बिलाई चीनी मिल पर बकाया गन्ना भुगतान तत्काल कराया जाए। साथ ही खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता, आवारा पशुओं व गुलदारों से राहत, तथा किसानों की फसलों की सुरक्षा जैसी प्रमुख मांगें उठाई गईं। बैठक का संचालन मोहित कुमार ने किया। इस अवसर पर जिला महासचिव नितेंद्र प्रधान, तहसील अध्यक्ष बिजनौर उदयवीर सिंह, नौबहार सिंह, मनीष कुमार, विपिन कुमार, बॉबी, देवानंद, अशोक, संजीव, मनोज, और शुभम चौधरी सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यदि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन व्यापक आंदोलन की राह अपनाएगा।

## एक नजर

### हल्दौर में साजन व हिमांशु अरेस्ट

**बिजनौर।** हल्दौर थाने में छह नवम्बर को ग्राम गाजीपुर निवासी रितिक पुत्र टिल्लू ने तहरीर दी थी कि चांदपुर के ग्राम कुलचाना निवासी हिमांशु पुत्र राजकुमार थाना हीमपुर दीपा के ग्राम पिलाना निवासी साजन पुत्र प्रमोद कुमार, ग्राम कश्मीरीपुर गढ़ी निवासी राहुल पुत्र पप्पू, अमित पुत्र छज्जू, लट्टू पुत्र पप्पू व मिथून पुत्र वीरा, ग्राम कुलचाना निवासी टिंकल पुत्र जौली एवं राजा ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और हिमांशु ने तमंचा दिखा कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने हिमांशु व साजन को गिरफ्तार कर उनसे तमंचा व कारतूस भी बरामद कर लिया है।

### बिजनौर में विनीत अरेस्ट

**बिजनौर।** ग्राम भरैरा निवासी सतेन्द्र पाल पुत्र परवीन सिंह ने छह नवम्बर को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि अभियुक्तगण विनीत कुमार पुत्र गिरीश कुमार, नूतन पत्नी विनीत कुमार, मिथलेश पत्नी गिरीश कुमार, विनीत के साले एवं ससुराल पक्ष के लोगों ने जमीनी विवाद को लेकर उसके भाई नरेश कुमार के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की नीयत से कसले से हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। शहर कोतवाली पुलिस ने विनीत पुत्र गिरीश कुमार को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर कसला भी बरामद कर लिया है।

### कुत्ते के सामने आने से बाइक सवार घायल



**अफजलगढ़।** कुत्ते के सामने आने से एक बाइक सवार नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। नई कॉलोनी कालागढ़ निवासी देवेंद्र सिंह (35 वर्ष) पुत्र रामपाल सिंह ने बताया कि वह अपने घर से बहन को छोड़ने के लिए ग्राम भूतपुरी गया हुआ था। वापसी के दौरान जैसे ही उसकी बाइक अफजलगढ़ यश टीवीएस एजेंसी के समीप पहुंची। अचानक सड़क पर बाइक के सामने कुत्ते के आ जाने से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए राहगीरों की मदद से एक निजी अस्पताल में दिखाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने युवक को छुट्टी दे दी हैं। नगर वासियों ने बताया कि सड़कों पर काफी संख्या में कुत्ते घूम रहे हैं। नगर वासियों ने पालिका से अपील करते हुए कहा कि कुत्तों पर ठोस कार्रवाई होनी चाहिए।

### शव मिलने से सनसनी

**कोतवाली देहात।** अकबराबाद से ग्राम बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर जाने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस शव को अपने साथ थाने ले आई। शव की पहचान सलीम पुत्र समीम (40 वर्ष) निवासी ग्राम अकबराबाद के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सलीम पिछले काफी समय से सऊदी अरब में रहकर ड्राइविंग का कार्य करता था। मृतक लगभग दो महीने पहले ही गांव लौटा था। मृतक बृहस्पतिवार की रात्रि मोटरसाइकिल से गया था। सलीम की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### दो शातिर चोर गिरफ्तार



**धामपुर।** पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में नाजिम पुत्र अब्दुल समद और अफनान पुत्र दिलशाद उर्फ राजू शामिल हैं। इनके पास से कुल 7500 नकदी, एक जोड़ी पाजेब और एक गुल्लक बरामद की गई है। दोनों आरोपितों पर पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। नाजिम पर हत्या और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं, जबकि अफनान पर भी चोरी और आर्म्स एक्ट के मुकदमे चल रहे हैं। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार के नेतृत्व में उपनिरीक्षक ब्रहमपाल गिरी, आरक्षी सौरभ कुमार, मोनू कुमार, अजयपाल और अमन कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

## बुंदकी क्षेत्र में चोरों का आतंक

**बुंदकी।** क्षेत्र में चोरों ने आतंक मचा रखा है। जैसे-जैसे ठंड बढ़ रही है, वैसे-वैसे चोरों की सक्रियता में भी इजाफा हो रहा है। क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था बिल्कुल फ्लॉप हो चुकी है। न तो पुलिस गश्त करती है और न ही चोरों को पकड़ने का प्रयास करती है। सबसे ज्यादा पशु चोरी की घटनाएं हो रही है। ग्राम समसपुर नसीब निवासी नजाकत का पुत्र सरफराज सूरत में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी ने सहायता समूह से कर्ज ले कर भैंस पाल रखी है। वह दूध बेच कर गुजर-बसर करती है। रात में किसी समय उसकी दोनों भैंसे चोरी हो गई। सुबह जब उसने उठ कर देखा, तो भैंसे गायब थी। चोर खेतों के रास्ते भैंसों को ले गए। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। लेकिन पुलिस ने जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की। पुलिसकर्मी दिनभर कमाई में लगे रहते है। उनके पास न तो चोरों को पकड़ने की फुर्सत है और न ही वह क्षेत्र में हो रही वारदातों का खुलासा कर रहे है।

# सड़क हादसे में मासूम की मौत

## दंपति गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर-नहटौर मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में ढाई वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। गंभीर हालत देखते हुए दंपति को हायर सेंटर रेफर किया गया है।





जानकारी के मुताबिक गांव अजीतपुर दासी निवासी रोहित कुमार (30 वर्ष) अपनी पत्नी नीतू और ढाई साल के पुत्र युग के साथ बाइक से गांव हर्रा (धामपुर क्षेत्र) स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि जब वे दिशा कॉलेज के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क किनारे जा गिरे। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। दंपति की हालत नाजुक बताई जा रही है, जबकि मासूम की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

गांव में मातम का माहौल है और हर कोई इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध है। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारीअभय पांडेय, कोतवाल मृदुल कुमार भी पुलिस टीम के साथ पहुंचे।

# दवा कारोबारी ने खुद को गोली से उड़ाया

## आत्महत्या के कारणों की पुलिस कर रही गहराई से जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** दवा कारोबारी ने आज दिन दहाड़े खुद को गोली से उड़ा लिया। युवा दवा कारोबारी के द्वारा अपनी ही दुकान में इस तरह से आत्महत्या करने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है।





प्राप्त समाचार के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मुक. रपुर गदई निवासी सोहित (35 वर्ष) पुत्र सुरेंद्र यहां नगीना मार्ग पर चक्कर चौराहे के पास दवाइयों का कारोबार करता था। उसकी श्री शक्ति बायोटेक के नाम से दवाइयों की एजेंसी है। इस बीच आज दोपहर रहस्यमय परिस्थितियों में उसने खुद को गोली से उड़ा लिया। उसकी फौरन ही मौत हो गई। सोहित की दुकान के आसपास के अन्य दुकानदारों का कहना था कि करीब साढ़े 12 बजे अचानक सोहित की दुकान से धमाके की तेज आवाज आई। अन्य दुकानदारों ने जाकर देखा, तो सोहित लहूलुहान स्थिति में पड़ा था और उसका शरीर ठण्डा हो गया था। सोहित के द्वारा आत्महत्या करने की खबर चारों तरफ फैल गई। मौके पर भारी भीड़ लग गई। परिजन भी रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही एसपी सिटी पुलिस. बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। वहां मौजूद लोगों के मुताबिक सोहित ने अपने दाये हाथ से तमंचे से कनपटी पर गोली मारी थी। मौके पर तमंचा भी पड़ा मिला।





गौरतलब है कि सोहित काफी मिलनसार व अच्छा व्यवहार रखने वाला व्यक्ति था। सोहित ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, इसके बारे में सभी एक-दूसरे से पूछ रहे थे। सोहित शादीशुदा था और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। कुछ लोग इसे पारिवारिक विवाद से जोड़ कर देख रहे है। घटना की असली सच्चाई तो जांच के बाद ही सामने आएगी। बताया जाता है कि मृतक सोहित कैमिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुबोध कुमार का भांजा था। उसकी मौत से मेडिकल स्टोर संचालकों में भी शोक की लहर दौड़ गई है।

# बाइक की चपेट में आकर महिला घायल



## गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** धामपुर मार्ग एनएच 74 ग्राम आसफाबाद चमन के निकट बाइक की चपेट में आकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

ग्राम आसफाबाद चमन निवासी देवकी (30 वर्ष) पत्नी सुन्दर ने बताया कि वह एमएस स्कूल के समीप नेशनल हाईवे पर अपने बालक रीतिक, आयूष को स्कूल से छोड़कर पैदल ही वापस अपने घर जा रहे थी। अचानक पीछे से आ रहे बाइक सवार ने महिला के टक्कर मार दी, जिस कारण महिला सड़क पर नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल को इलाज के लिए परिजनों की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉ. मोहित ने हायर सेंटर रैफर कर दिया। वहीं पुलिस का कहना अगर तहरीर मिली तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बाइक सवार ग्राम निवासी मनोहर वाली समीर की बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय गीत के सौ वर्ष पूरे होने पर राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प



## पुलिसकर्मियों ने गाया 'वंदे मातरम'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सीओ कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में उपस्थित समस्त पुलिस कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' का गायन किया और राष्ट्र सेवा का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा पुलिस का पहला धर्म है। उन्होंने देश, संविधान और राष्ट्रीय सम्मान के प्रति समर्पण की भावना को हृदय में जीवित रखने पर जोर दिया।

अंजनी कुमार ने बताया कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। गायन के दौरान परिसर देशभक्ति के स्वरों से गूंज उठा, जिससे उपस्थित सभी लोगों में ऊर्जा और गौरव की भावना भर गई। पुलिसकर्मियों ने एक स्वर में 'वंदे मातरम' गाकर देश की अखंडता, एकता और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

स्थानीय नागरिकों और आगंतुकों ने सीओ कार्यालय पुलिस के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने इसे पुलिस बल में सामूहिक अनुशासन और राष्ट्रप्रेम को बढ़ावा देने वाली एक प्रेरक पहल बताया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने देश की प्रगति और शांति के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# हॉकी इंडिया शताब्दी वर्ष पर सेलिब्रेशन

## शाइनिंग हॉकी क्लब व स्कूली छात्राओं ने आपस में खेले शो मैच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** 1925 में ग्वालियर से शुरू हुआ भारतीय हॉकी का सफर सौ साल पूरे कर चुका है। नगर में हॉकी इंडिया के गौरवशाली 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में एमएम इंटर कालेज के पास हॉकी ग्राउंड पर हॉकी मुकाबले आयोजित किए गए।



शाइनिंग हॉकी क्लब नगीना की ओर से आयोजित इन आयोजनों में पहला मैच एमएम इंटर कालेज व इकबाल मैमोरियल स्कूल की छात्राओं के मध्य खेला गया जबकि दूसरा रोमांचक मुकाबला शाइनिंग हॉकी क्लब के खिलाड़ियों के मध्य हुआ। दोनों ही मैचों में खिलाड़ियों ने मैदान पर शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया कि देश में हॉकी की अपनी एक विशिष्ट पहचान है। खिलाड़ियों को अपने खेल में निरंतर सुधार और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया जाय, जिससे खेल में निखार आता रहे। देर शाम हाकी मैदान में संस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया गया। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरपर्सन ताहिरा बेगम, शाहनवाज खलील, आरिफ खान एड, एड फरीद खान, एड सतीश चंद्र, लाला विनोद अग्रवाल, अफसार हुसैन, परवेज आदिल माही, शेख अरशद नगीनवी, अरशद प्रिंस, अरंजय जैन, राशिद हुसैन, डॉ. आदिल, जुबैर अहमद, अमान शमसी, शाहिद अली गौहर, सरदार जगमीत सिंह, निगार अहमद, उरूज शमसी, हसन जावेद, शहजाद अहमद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। बड़ी संख्या में आए दर्शकों की मौजूदगी में वक्ताओं द्वारा हाकी को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। कई दिग्गजों ने भारतीय हॉकी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर अपने अनुभवों को साझा किया। शाइनिंग क्लब के सचिव ने बताया कि बहुत जल्द हॉकी मैदान पर एक शानदार स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को अत्यधिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। मैच समाप्ति पर खिलाड़ियों को शाइनिंग हॉकी क्लब की ओर से पुरस्कृत किया गया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# हत्या का तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे पर स्थित पटियाला ढाबे पर करीब एक माह पूर्व हुई युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार गांव वाजिदपुर निवासी और फौज में तैनात हिमांशु अपने तहेरे भाई अभिषेक व शिवम के साथ अट्टे वाले बाबा मंदिर के पास स्थित पटियाला ढाबे पर भोजन करने गया था। आरोप है कि ढाबा स्वामी द्वारा ठंडी रोटी परोसे जाने को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान गांव खतापुर निवासी विक्की, मोनू, उनके पिता ध्यान सिंह तथा ढाबे पर मौजूद अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए।



## हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद

विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने हिमांशु और अभिषेक पर डंडा व लोहे की रॉड से बेरहमी से हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम घटनास्थल की वीडियोग्राफी करती रही, जबकि हमलावर लगातार वार करते रहे। गंभीर रूप से घायल अभिषेक को मेरठ ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं, घायल हिमांशु का इलाज बिजनौर के एक निजी अस्पताल में कराया गया। घटना के बाद परिजनों और किसान संगठनों ने बालकिशनपुर चौराहे पर जाम लगाकर पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह और डायल 112 के दो पुलिसकर्मियों को तत्काल निलंबित कर दिया था।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने विक्की, मोनू, उनके पिता ध्यान सिंह, ढाबा स्वामी तथा दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस पहले ही विक्की और मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने रेलवे फाटक के पास दबिश देकर तीसरे आरोपी ध्यान सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी ध्यान सिंह का चालान कर जेल भेज दिया।

# पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा तीन से सात नवंबर तक पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को फसल अवशेष प्रबंधन संबंधित जो भी कृषि यंत्र हैं। उत्तर प्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा जो भी सुविधाएं, उस पर कितने पर्सेंट की छूट है, कैसे उसको किसान ले सकते हैं, इसके बारे में विस्तृत रूप से पूरी जानकारी दी गई।



इसके अलावा फसलों के अवशेषों को जलाने से होने वाले दुष्परिणामों का मानव स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है एवं कैसे बचा जा सके, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि किस तरह किसान फसल के अवशेषों का प्रयोग अपने आर्थिक समृद्धि के लिए कर सकते हैं। जैसे उससे विभिन्न तरह के उत्पाद बनाए जा सकते हैं एवं फसल के अवशेषों पर मशरूम की गुणवत्ता युक्त खेती की जा सकती है।

इसके अतिरिक्त फसल के अवशेषों को खेतों में अति शीघ्र डी कंपोज करने हेतु वेस्ट डी कंपोजर का प्रयोग और वेस्ट डी कंपोजर को कैसे तैयार किया जा सकता है के बारे में भी बताया गया। किस्सों को फसल के अवशेषों का अच्छी तरह से प्रयोग करके मृदा का स्वास्थ्य सुधारा जा सकता है के बारे में तकनीक बताई गई।

उपरोक्त पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आर.एस.एम. डिग्री कॉलेज धामपुर से डॉ. सोराज सिंह, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. कौशिक, के.वी.के. सम्भल से डॉ. महावीर सिंह, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. पंकज, के.वी.के. अमरोहा से डॉ. अरविंद मिश्रा, डॉ. अमित तोमर, डॉ. रविन्द्र कुमार एवं कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक प्रभारी अधिकारी डॉ. केके सिंह, वैज्ञानिक डॉ. पिंटू कुमार, डॉ. शिवांगी, डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. भूपेंद्र कुमार, धान अनुसंधान केन्द्र नगीना से डॉ. राजेंद्र सिंह एवं डॉ. विवेक यादव आदि वक्ताओं ने उपरोक्त पांच दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर किसानों को प्रशिक्षित किया।

प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही फसल अवशेष प्रबंधन हेतु डिकम्पोजर भी दिया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी द्वारा किया गया।

# वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आर.एस.एम. महाविद्यालय में मिशन शक्ति एवं एनएसएस (छात्र एवं छात्रा इकाई) के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रश्मि एस. रावल ने की। उन्होंने बताया कि यह गीत बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित है और 7 नवंबर 1875, अक्षय नवमी के शुभ अवसर पर लिखा गया था। यह गीत पूर्ण रूप से राष्ट्र को समर्पित है। प्राचार्य ने बताया कि 'वंदे मातरम्' के पूर्ण संस्करण को गाने में लगभग 1 मिनट 9 सेकंड का समय लगता है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. पूनम घई एवं प्रो. अल्का राय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रो. एस.एल. पाल, प्रो. अमित कुमार सिंह, प्रो. शौराज सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रवि धनकड़, डॉ. भावना वत्सल, डॉ. भारती चौहान, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. विवेक यादव, श्री अंकित कुमार, डॉ. अर्चना गहलौत, डॉ. विनय दुआ, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. दीप सौरभ, डॉ. अमित गिरी, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. राजेन्द्र चौधरी, डॉ. आशीष, डॉ. सुमेधा चौहान, डॉ. हर्ष, डॉ. जगदेव सिंह, डॉ. चन्द्रकला, प्रीति रानी, दीपा रानी सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाजार में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

## व्यापारियों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के मुख्य बाजार में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला के निर्देशन में पालिका टीम ने जेसीबी के साथ खारी कुआं से बड़ी मंडी तक सड़क किनारे किए गए स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण हटवाए।

अभियान के दौरान पालिका अधिकारियों ने व्यापारियों को चेतावनी दी कि एक सप्ताह के भीतर अपने अतिक्रमण स्वयं हटा लें, अन्यथा पालिका जबरन कार्रवाई करते हुए जुर्माना और एफआईआर भी दर्ज करेगी।



नगर का मुख्य बाजार ही नहीं, बाहरी इलाके भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। सड़कों पर बढ़ती दुकानों, ठेलों और निर्माणों से आवागमन बाधित हो रहा है। पिछले कई महीनों से नगरवासी पालिका प्रशासन से कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

अभियान के दौरान कई स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया और मौके पर राजस्व वसूली भी की गई। ईओ रविशंकर शुक्ल ने बताया कि यह अभियान नगर के सभी वार्डों में लगातार जारी रहेगा।

इस दौरान सफाई निरीक्षक हेमेंद्र सिंह, रेवेन्यू इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, बड़े बाबू पवन कुमार, पुष्पेंद्र सक्सेना, नितिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमित गुप्ता, विशाल अग्रवाल सहित पालिका के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# रेहड़ में लगा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर



## 50 नेत्र रोगियों की आंखों का चेकअप हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** रेहड़ स्थित बारादरी में सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट की तरफ से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

इस फ्री आई कैंप में नेत्र चिकित्सकों द्वारा 50 नेत्र रोगियों की आंखों का चेकअप कर उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया गया। कैंप में मुख्य रूप से उपस्थित नेत्र चिकित्सक डॉ. मौ. सज्जाद ने लोगों से आंखों की उचित देखभाल रखने का आह्वान किया। कैंप में मौजूद डॉ. उरफत जहां ने लोगों से आंखों की किसी भी समस्या पर कोई लापरवाही न बरतने और जरा सी भी दिक्कत महसूस होने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से परामर्श लेते हुए उचित उपचार कराने पर जोर दिया।

कैंप में इंस्टिट्यूट की तरफ से मौजूद निशा, रूबी, इल्मा व शकील आदि ने नेत्र रोगियों की आंखों के चेकअप में भरपूर सहयोग किया।

# बुंदकी चीनी मिल में पेराई सत्र का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** द्वारिकेश नगर इकाई में वैदिक विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना के पश्चात पेराई सत्र का शुभारम्भ किया गया। इस शुभ अवसर पर बुंदकी एवं अफजलगढ़ चीनी मिल के वरिष्ठ अधिशासी उपाध्यक्ष (कार्पोरेट) द्वारा पूजा-अर्चना कराई गई। इस अवसर पर सुनील कुमार सिंह, राजेश कुमार सिंह, विजयपाल सिंह, मुकेश चौहान, हेतराम सिंह उपस्थित रहे।



चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक गन्ना एके चौहान, सुदर्शन सिंह शखावत, सुनील गोयल, सीएफओ परवीन सिंह, महाप्रबंधक जीटी एवं एमआईएस निरंजन सिंह शेखावत, महाप्रबंधक इस्टेट, शत्रुघ्न सिंह शेखावत, यशपाल सिंह, रूपेश वैश्य, अशोक शर्मा, जीवराज सिंह इत्यादि एवं आसवनी इकाई से अमित कुमार, दीपक वर्मा उपस्थित रहे तथा पूर्ण वैदिक विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ सभी ने केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई सत्र का शुभारम्भ किया गया एवं गन्ना लाने वाले प्रथम किसान भाइयों को तिलक चन्दन लगाकर उपहार सहित सम्मानित किया और मिल गेट के सभी कांटों का भी विधि विधान से पूजन उपरांत तौल का भी शुभारंभ किया गया।

चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक गन्ना एके चौहान ने कृषक भाइयों से अनुरोध किया कि इण्डेंट द्वारा प्राप्त पर्ची के अनुसार ताजा एवं स्वच्छ, जड़ मिट्टी, पत्ती के अगोला रहित गन्ने की आपूर्ति करें। गन्ना कृषक एवं चीनी मिल दोनों स्थापना दिवस से ही क्षेत्र की प्रगति में अपना योगदान देते आ रहे हैं तथा जिसके कारण द्वारिकेश समूह भी त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान की नीति पर चल रही है।

शुभारंभ के अवसर पर सभी अतिथियों, कृषकों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं पत्रकार बंधुओं का आभार प्रकट किया गया।

# आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र पर हैप्पीनेस प्रोग्राम की छह दिवसीय कार्यशाल

**नजीबाबाद।** आर्ट ऑफ लिविंग नजीबाबाद केंद्र द्वारा विश्व विख्यात आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर द्वारा बनाई गई प्रसिद्ध सुदर्शन क्रिया को सिखाने वाले हैप्पीनेस प्रोग्राम की छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन लाहोटी कॉलोनी में स्थित आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र पर किया जा रहा है । आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों श्रीमती मिथिलेश अग्रवाल, डॉ. इंदु लाहोटी एवं शुभम शर्मा के नेतृत्व में चलाए जा रहे शिविर में गुरुदेव द्वारा बताए गए। जीवन के सूत्रों की व्याख्या की गई। उन्होंने कहा कि हमें दूसरो की फुटबॉल नहीं बनना चाहिए। इसे उन्होंने विभिन्न उदाहरणों तथा कहानी के माध्यम से विस्तार से समझाया। उन्होंने प्रतिभागियों को भस्त्रिका एवं सुदर्शन क्रिया का परिचय क्रियात्मक ढंग से कराते हुए योग, प्राणायाम और सुदर्शन क्रिया का अभ्यास कराया। प्रतिभागियों में श्रीमती बबिता गुप्ता, अदिति एवं मिनाक्षी ठाकुर ने बताया कि उन्हें यह कोर्स बहुत रुचिकर एवं लाभप्रद लग रहा है। आगे के दो दिनों में वे और भी बहुत कुछ सीख कर लाभान्वित होंगे।

## गुलदार के हमले में आवारा बछड़े की मौत

**अफजलगढ़।** ग्राम शाहपुर जमाल निवासी दुष्यन्त सिंह के खेत में आवारा बछड़े का शव मिलने से ग्राम में हड़कंप मच गया तथा दहशत फैल गई। किसान विजयपाल सिंह ने बताया कि कुछ किसान सुबह खेतों में गन्ना छीलने गए थे कि अचानक उनको खेत में आवारा बछड़े का शव दिखाई दिया। किसानों ने शव पड़ा देख वन विभाग को सूचना दी। सूचना पाकर विभाग की टीम ने मौके पर जानकारी ली। ग्रामीण वीर सिंह, दुर्वेश, विजयपाल, राजकुमार, सुनील, संजय, इंदर सिंह आदि का कहना है कि किसान इस घटना से भयभीत है। किसान सुनील कुमार, संजय सिंह ने वन विभाग से वहां पर जल्द ही पिंजरा लगवाने की मांग की है।


## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम शैक्षिक प्रमाण पत्रों में SHARAD KUMAR RAJVANSHI पुत्र VIDHIA BHUSHAN RAJVANSHI है। जबकि बैंक तथा अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम SHARAD RAJVANSHI पुत्र VIDHYA BHUSHAN RAJVANSHI है। अब भविष्य में मेरा नाम सभी दस्तावेजों में SHARAD RAJVANSHI पुत्र VIDHIA BHUSHAN RAJVANSHI ही माना जाए। मौहल्ला बाड़वान, सेंटमैरी रोड, धामपुर, जिला बिजनौर

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र रिहान गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। मेरे व मेरी पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार करता है। उसकी हरकतों से तंग आकर मैंने व मेरी पत्नी ने उससे पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **नौशाद अहमद पुत्र शरीफ, निवासी ग्राम रावलहेड़ी, थाना नगीना देहात, जिला बिजनौर**


# कैम्प लगाया यात्रियों को जलपान कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** सामाजिक संस्था वर्ल्ड आर्गेनाइजेशन ऑफ रिलिजियंस एंड नालेज चैप्टर ने बृहस्पतिवार को रोडवेज बस स्टैंड पर कैम्प लगाकर यात्रियों को जलपान कराया। इस अवसर पर शुऐब अंसारी, इरशाद अली, डॉ. इकबाल, डॉ. शहजाद अली, डॉ. सैय्यद नोमान अली, फुरकान अहमद, शौकीन अली, मौहम्मद खुर्शीद, मनोज कुमार, दिलशाद गयासुद्दीन व रोडवेज इंचार्ज मूलचंद आदि मौजूद रहे। शुऐब अंसारी ने बताया कि वर्क संस्था जनता और सरकार से किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं लेती है। सारे कार्यक्रम वर्करों द्वारा ही स्वयं के खर्च से आयोजित किए जाते हैं।



# पुलकित हॉस्पिटल के द्वारा बैराज पर भंडारे व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल के द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पांच नवम्बर के पावन पर्व पर बैराज गंगा घाट बिजनौर पर एमडी सविता मित्तल व चेयरमैन डॉ. हरीश कुमार मित्तल के द्वारा हवन-यज्ञ व भण्डारे का आयोजन किया गया है, जिसमें लगभग पांच हजार श्रद्धालुओं ने लड्डू व खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया और नि:शुल्क कैम्प में 600 मरीजों को देखा और परीक्षण कर नि:शल्क दवाई वितरण किया गया।

कैम्प में हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. हरीश मित्तल ने हड्डी व जोड़ रोग से संबंधित मरीजों को देखा व परीक्षण किया। डॉ. दिग्विजय चौधरी के द्वारा पेट, लीवर व गोल ब्लेडर, जिगर से संबंधित मरीजों का परीक्षण व जनरल फिजीशियन के द्वारा डेंगू, पीलिया, मलेरिया, मधुमेह व हृदय रोग से संबंधित मरीजों को देखा व परीक्षण किया गया। कैम्प में स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ व नेत्र रोग विशेषज्ञ का भी योगदान रहा है।


## संबंध विच्छेद सूचना

मैं अपने पुत्र पुष्पांग को उसके अभद्र व्यवहार, लापरवाही, चालाकी व गलत चाल-चलन के कारण संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य/अपराध एवं लेन-देन के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **तेजपाल पुत्र रामचंदर, निवासी इमामपुर तिगरी, मंझेड़ा शकरू, बिजनौर, उत्तर प्रदेश, पिन कोड** 246762

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा बड़ा पुत्र रोहित गलत संगत में पड़ गया है तथा मेरे कहने में नहीं है। रोहित मुझसे व मेरे परिवार से लड़ाई झगड़ा करता रहता है। वह कई-कई दिनों तक घर से बिना बताये गायब रहता है। जिस कारण मैं अपने बड़े पुत्र रोहित को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने संबंध विच्छेद करता हूं। मैं व मेरा परिवार उसके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। **समरपाल पुत्र स्व. भगवंत सिंह निवासी ग्राम पैजनियां, थाना हल्दौर, जिला बिजनौर।**


## कार्यालय : नगर पालिका परिषद स्योहारा, जनपद-बिजनौर।

पत्रांक: 1506/E-TENDER/NPPS/2025 DATE: 07-11-25

### पुन: ई-निविदा सूचना

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, स्योहारा राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए दिनांक 07.11.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से दिनांक 17.11.2025 को अपरान्ह 03.00 बजे तक https.//etender.up.nic.in पर निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 17.11.2025 को ही अपरान्ह 04.00 बजे खोली जायेगी। ई-निविदा से सम्बन्धित कोई भी जानकारी कार्यदिवस में निकाय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकारी अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी में निहित है तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

**( विजेन्द्र सिंह पाल )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, स्योहारा**
**जनपद-बिजनौर**

**( फैसल वारसी )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, स्योहारा**
**जनपद-बिजनौर**

# बीएलओ ने गणना फार्म का वितरण कर भरने के बारे में समझाया



**नजीबाबाद।** नगर के आचार्य आरएन केला इंटर कॉलेज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत गणना फॉर्म का वितरण किया गया। उपरोक्त बूथ संख्या 238 पर काफी मतदाता उपस्थित हुये। बीएलओ आमिर अली द्वारा गणना फार्म का वितरण का गणना फार्म को भरने के बारे में समझाया गया। उन्होंने उपरोक्त फार्म को समय से भरकर उन्हीं के पास जमा करने को कहा। मतदाता केंद्र पर अमजद सिद्दीकी (समाजसेवी), अहसान उर्फ पप्पू, उजमा खातून, सिदरा सैफी, अनवर जहां, रूही, सीमा, अजमत अली, आफाक, नबी खान, इनामुल हक सैफी, शाहीन आदि मतदाता उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर ( बिजनौर )

### सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वार्ड सं. 09 के सम्पत्ति संख्या 01जो पालिका के गृहकर / जलकर अभिलेखों में श्री नवचेतन शर्मा पुत्र श्री गौरी शंकर शर्मा के नाम दर्ज है। श्री नवचेतन शर्मा पुत्र श्री गौरी शंकर शर्मा का नाम निरस्त कर श्री शरद राजवंशी पुत्र स्वर्गीय विद्या भूषण राजवंशी व श्रीमती पूनम राजवंशी पत्नी शरद राजवंशी का नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिवस तक आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। तत्पश्चात समयोपरान्त सामान्य कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मौ. राशिद पुत्र श्री रकीव अहमद निवासी जाकिर नगर, दिल्ली ने अपनी पुत्री रिदा राशिद का जन्म का रजिस्ट्रेशन नगर पालिका परिषद शेरकोट, जनपद बिजनौर के जन्म रजिस्टर वर्ष 2008 के रजिस्ट्रेशन संख्या 154 पजीकरण दिनांक 24.03.2008 पर अंकित हैं। इस रजिस्ट्रेशन में जन्म दिनांक-10.03.2008 अंकित है। उक्त में जन्म दिनांक सही कराने हेतु प्रार्थी द्वारा उक्त जन्म प्रमाण को निरस्त कराने का अनुरोध किया गया है।

अत: समस्त सम्बन्धित एवं असम्बन्धित से अपेक्षा की जाती है कि यदि उक्त जन्म प्रमाण पत्र के निरस्तिकरण में किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत करना चाहे तो वह स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि के द्वारा इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिन के अंदर अपनी आपत्ति अथवा प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। तदोपरान्त किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। तथा निरस्त करने की अनुमति प्रदान कर दी जायेगी।

**नोडल अधिकारी ( जन्म मृत्यु )**
**कार्या. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिजनौर**

# ट्रैक्टर के नीचे दब कर युवक की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के ग्राम कुआंखेड़ा खदरी में युवक की खेत में कृषि कार्य करते समय ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो गई। स्वजन ने बिना किसी कार्यवाही के मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम कुआंखेड़ा खदरी निवासी गुरबक्श सिंह (23 वर्ष) पुत्र अमरजीत सिंह शुक्रवार की सुबह खेत पर ट्रैक्टर से कृषि कार्य कर रहा था। तभी अचानक वह ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से उतर गया। पहिये के नीचे दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खेत पर कार्य कर रहे अन्य लोगों ने घटना की जानकारी स्वजन को दी। स्वजन घायल को गंभीर अवस्था में अफजलगढ़ सीएचसी ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही गुरबक्श की मौत हो गई। घटना से स्वजन में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंदर कुमार ने बताया कि स्वजन ने कार्यवाही से इंकार करते हुए तहरीर दी है। गुरबक्श अविवाहित था और चालक था।

# अवध शुगर मिल में पेराई सत्र का शुभारंभ

## किसानों को कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी: चौ. सुखवीर सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बिरला ग्रुप की प्रसिद्ध अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड यूनिट स्योहारा में वर्ष गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ विधि-विधान एवं हवन-पूजन के साथ किया गया।

मिल परिसर में पंडित राकेश शर्मा एवं पंडित देवीदत्त के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अधिशासी अध्यक्ष चौ. सुखवीर सिंह, उपाध्यक्ष सुशील कुमार, उपाध्यक्ष (वित्त एवं लेखा) मुकेश मिश्रा, उपाध्यक्ष (तकनीक) दिनेश चौहान, उपाध्यक्ष (उत्पादन) वी.के. शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (गन्ना मार्केटिंग) प्रमोद कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (गन्ना विकास) डॉ. रजनीश कुमार, डिस्टिलरी हेड जे.के. सिंह, एच.आर. प्रमुख विवेक श्रीवास्तव, राजेश शर्मा एडवोकेट, इंजीनियर प्रमोद कालिया, वीर सिंह पुंडीर (आईटी हेड), गन्ना सहकारी समिति स्योहारा के विशेष सचिव प्रदीप शर्मा तथा अमित कुमार पांडे (एएसडीआई) सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं किसान मौजूद रहे। पूजन के उपरांत सभी गणमान्य जनों ने प्रतीकात्मक रूप से गन्ना चेन में डालकर पेराई सत्र का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर चौधरी फहीमुर्रहमान, भाजपा नेता डॉ. विनीत देवरा, किसान नेता चौ. गजेन्द्र सिंह टिकैत, चेयरमैन गन्ना समिति स्योहारा सुशील कुमार उर्फ बंटी, चेयरमैन धामपुर रामवीर सिंह, चेयरमैन नूरपुर अमित चौधरी, ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान, चौ. महावीर सिंह, डॉ. अभय वीर ढाका, पृथ्वी सिंह, कुलदीप चिकारा, यशवंत सिंह, सुरेंद्र सिंह, चौ. हुकुम सिंह, चौ. श्याम सिंह अहलावत, महिपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, निखिल चौधरी, खुर्शीद खां, चौ. शकील अहमद, हाजी जुल्फिकार आदि सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

मिल प्रशासन की ओर से सबसे पहले गन्ना तुलवाने वाले किसान (कुरी फार्म) को सम्मानित करते हुए उन्हें कंबल, नगद राशि और बैलों की झूल भेंट की गई।

इस अवसर पर मिल के अधिशासी अध्यक्ष चौ. सुखवीर सिंह ने कहा कि मिल में गन्ना लाने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। गन्ना संबंधित सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मिल प्रबंधन किसानों के साथ तालमेल बनाकर अधिकतम सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। गन्ना पेराई सत्र शुरू होने से किसानों में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। सभी ने मिल की समय पर शुरुआत पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## एक नजर

### रैंडम पद्धति से क्रॉप कटिंग



**चांदपुर।** ग्राम अकबरपुर जोजा में रैंडम पद्धति से चयनित प्लॉट की क्रॉप कटिंग सफलतापूर्वक कराई गई। यह गतिविधि गन्ना विभाग और स्थानीय चीनी मिल के संयुक्त प्रयासों की सफलता को दर्शाती है जिसके कारण गन्ने की पेड़ी फसल में अच्छी उपज दर्ज की गई है। क्रॉप कटिंग के दौरान कृषक हृदेश रानी के खेत पर पेड़ी प्रजाति 0238 की उपज 1020 क्विंटल प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई। इसी प्रकार कृषक विभाष देवी के खेत पर भी इसी प्रजाति की उपज 920 क्विंटल प्रति हेक्टेयर दर्ज की गई। इस उत्कृष्ट उपज से यह संकेत मिलता है कि इस क्षेत्र में पेड़ी की उपज बहुत अच्छी हुई है, जिससे आगामी पेराई सत्र में चीनी मिलों को गन्ने की अच्छी मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस अभियान में गन्ने के दो प्रमुख शत्रु रेड रॉट (लाल सड़न) और टॉप बोरर (चोटी बेधक) के नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया गया था। समस्या नियंत्रण हेतु मुख्य उपाय के बारे में बताते हुए कहा कि रेड रॉट (लाल सड़न) ट्राइकोडर्मा (जैविक फफूंदनाशी), थियोफिनेट मिथाइल (रासायनिक फफूंदनाशी) और बीज शोधन, ट्राइकोडर्मा] मिट्टी जनित फफूंद को नियंत्रित करने में सहायक है, जबकि थियोफिनेट मिथाइल रोग के प्रसार को रोकता है। बीज शोधन से स्वस्थ पौध का विकास सुनिश्चित होता है। क्रॉप कटिंग के अवसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन के सहायक सांख्यिकी अधिकारी दिलीप कुमार सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक और चांदपुर चीनी मिल के डेवलपमेंट हेड प्रदीप सोलंकी भी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन



**चांदपुर।** शासन के निर्देशानुसार गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन अत्यंत गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम ठीक प्रात: 9 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगीत गायन के दौरान विश्राम की मुद्रा में खड़े होकर राष्ट्रगीत के प्रति अपना असीम सम्मान और श्रद्धा प्रकट की। इस अवसर पर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रगीत के गहरे शाब्दिक अर्थ और उसके महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर प्रकाश डाला कि यह गीत किस प्रकार भारत के संविधान में राष्ट्रगीत के रूप में सम्मिलित किया गया। उन्होंने वंदे मातरम के ऐतिहासिक सफर और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका की पूरी जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रगीत के सम्मान और गायन से संबंधित आवश्यक नियमों और मर्यादाओं से भी परिचित कराया। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो. साधना के अतिरिक्त प्रो.महिपाल सिंह, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार तालान, सनी कुमार, रामविलास यादव, डॉ. मीनाक्षी चौहान, डॉ. उदिता राजपूत, पूजा राजपूत एवं अमित मलिक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

### स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम




**धामपुर।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में कन्या इंटर कॉलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खाद्य एवं सफाई निरीक्षक हेमेन्द्र सिंह, नगर वार्ड सुपरवाइजर मनोज कुमार प्रभाकर, लिपिक नितिन कुमार अग्रवाल तथा लक्ष्य समूह के संस्थापक सुमन शेखर एवं लक्ष्य एनजीओ की टीम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं को सफाई एवं स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। नाटक की प्रस्तुति ने छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और उत्साह की भावना को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी, शिक्षिकाएँ नीरज, प्रभुता, रुचिका अंजलि नीना वर्मा सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। सभी ने नगर पालिका टीम और एनजीओ के प्रयासों की सराहना की तथा स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे शुरू



**बिजनौर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में जिला बिजनौर में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) सर्वे का कार्य शुरू हो गया है। अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी (BLO) घर-घर जाकर मतदाताओं को फॉर्म वितरित कर उनसे आवश्यक जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में तहसील धामपुर के ब्लॉक स्यौहारा, ब्लॉक हल्दौर सहित अन्य सभी ब्लॉकों में बीएलओ द्वारा आवेदनों को एकत्रित किया जा रहा है। तदुपरांत एकत्रित आवेदनों एवं सूचनाओं के आधार पर ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी तथा वर्ष 2002 के बाद जुड़े मतदाताओं से पहचान और नागरिकता के प्रमाण मांगे जाएंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल आवेदन के समय किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं है। ड्राफ्ट सूची जारी होने के बाद जिन मतदाताओं के नाम पुराने रिकॉर्ड (2003) में दर्ज नहीं होंगे, उन्हें दस्तावेज जमा कराने के लिए नोटिस भेजा जाएगा और तय समय में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक बीएलओ एक माह में तीन बार घर-घर जाकर आवेदन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे, यदि तीनों बार परिवार घर पर नहीं मिला, तो नोटिस चस्पा कर फॉर्म घर में डाल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि SIR प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चलेगी, जिसमें हर मतदाता से दो प्रतियों में प्रपत्र भरवाया जाएगा। उप जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी BLO को सचेत करते हुए कहा कि अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन पूर्ण सजगता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ करना सुनिश्चित करें और इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

## एक नजर

### रोडवेज बस में बैग से नकदी उड़ाई



**नहटौर।** जिला अमरोहा के कस्बा सेदनंगली के मौहल्ला मदीना मस्जिद निवासी फहीम अहमद पुत्र मौहम्मद अजहर अपनी ससुराल कोतवाली देहात के मुमताज कॉलोनी से अपनी पत्नी के साथ कोतवाली देहात से रोडवेज बस में बैठकर अमरोहा जा रहा था। नहटौर के आसपास रोडवेज बस में रखे बैग से अज्ञात लोगों ने रुपए 4500 व चांदी की पाजेब साफ कर दी। पता चलने पर नहटौर में हल्दौर पुलिस चौकी पर दम्पत्ति ने शिकायत की। शिकायत पर पुलिस कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### जमीन के पट्टों को लेकर समीक्षा बैठक



**बिजनौर।** जनपद के तहसील धामपुर और तहसील नगीना के कुछ ग्रामों में रह रहे तथाकथित विस्थापित लोगों को भौमिक अधिकार देने की पूर्व से चल रही मांग के संबंध में कल प्रमुख सचिव राजस्व रणवीर प्रसाद जनपद में आए थे। उनके द्वारा कल रात्रि में जनपद के और दोनों तहसीलों के सभी अधिकारियों के साथ और सभी संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक की गई, रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया और आज मदपूरी ग्राम में आसपास के अन्य प्रभावित ग्रामों के ग्राम वासियों के साथ वार्ता कर समस्या को जाना गया। प्रमुख सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी प्रभावित ग्रामों में एक विस्तृत सर्वे कर लिया जाए। शासन स्तर पर उक्त बिंदुओं के परिप्रेक्ष्य में अग्रेत्तर निर्णय लिया जाएगा।

### यातायात संबंधित निर्देश दिए



**हीमपुर दीपा।** यातायात नवंबर माह के मद्देनजर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने हीमपुर दीपा थाने पहुंचकर थाना क्षेत्र के दर्जनों ड्राइवरों, स्कूल प्रबधकों व रिक्शा चालकों को यातायात के प्रति सचेत किया। उन्होंने यातायात वाहनों की फिटनेस, उन्हें लिमिट स्पीड में चलाने, ड्रावरो की वेरिफिकेशन कराने, वाहनों को सर्टिफाइड कराने आदि संबंधित वाहन चालकों व स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिये। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि हम सबको मिलकर अपनी अपनी जिम्मेदारी निभानी है, तभी सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता हैं। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में वेवजह सैकड़ों लोगों की जान रोज चली जा रही है, इन पर अंकुश लगाने के लिए वाहन चालकों को और सजगता की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि अब स्कूली वाहन चालकों अथवा सरकारी वाहन चालकों सभी का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाएगा। साथ ही उसके विषय में क्षेत्र में भी पता किया जाएगा। यदि उस पर कोई आपराधिक मुकदमा है अथवा वह नशेड़ी व्यक्ति है तो ऐसे व्यक्ति को क्षेत्र में सार्वजनिक वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बड़ी संख्या में ड्राइवरों व स्कूल प्रबंधकों के थाने पहुंच कर बैठक में शामिल होने पर आभार व्यक्त किया।

### थाना परिसर में 'वंदे मातरम' का गायन



**शेरकोट।** थाना शेरकोट परिसर में एक विशेष राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भारत माता के सम्मान में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने इस अवसर पर पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस का पहला धर्म राष्ट्र सेवा है। उन्होंने कहा कि हर पुलिसकर्मी को देश, संविधान और राष्ट्रीय सम्मान के प्रति समर्पण की भावना को सदैव हृदय में जीवित रखना चाहिए। उनके अनुसार, 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह देश की आत्मा और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान थाना परिसर देशभक्ति के स्वरों से गूंज उठा। सामूहिक गायन से वातावरण में ऊर्जा और गौरव की भावना व्याप्त हो गई। उपस्थित पुलिसकर्मियों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों ने भी इस आयोजन की सराहना की। नागरिकों ने कहा कि शेरकोट थाना का यह कदम पुलिस बल में सामूहिक अनुशासन, देशभक्ति और एकता की भावना को मजबूत करने वाली प्रेरक पहल है।

# हॉकी के सौ वर्ष पूर्ण होने पर नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हॉकी खेल के 100 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला खेल कार्यालय द्वारा नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक दिवसीय जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के उत्साह, जोश और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुई।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार एवं वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन अवसर पर राजकुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हॉकी केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह हमारे देश की गौरवशाली खेल संस्कृति और एकता का प्रतीक है। युवा खिलाड़ियों को चाहिए कि वे अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलें और देश का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों और खेल संस्थानों की टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबले में स्टेडियम ए की टीम ने स्टेडियम बी को रोमांचक संघर्ष में 6-5 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से वि. के. त्यागी, खालिद इसरार, अचल महर्षि, सरदार अली, विकास अग्रवाल, विजेंद्र सिंह, विकल महर्षि, अफसर, मनोज गुप्ता, फुरकान, सुरेंद्र राणा, शबनम जैदी, बबीता शर्मा, शकील अहमद, राजेश कुमार, कपिल सैनी, सहनवाज आलम, नगमा, अभिनव वाल्टर, विजय कुमार, मुसब्बर, फरहत अली, महेश विश्नोई, फगेंद्र पाल सिंह, मिथिलेश और अभिनव शर्मा रजत शर्मा शामिल रहे। सभी वरिष्ठ खिलाड़ियों की उपस्थिति से आयोजन की गरिमा और अधिक बढ़ गई। प्रतियोगिता की निर्णायक (अंपायर) के रूप में श्रीमती चित्रा चौहान रहीं, जिन्होंने पूरे उत्साह और निष्पक्षता के साथ मैच का संचालन किया। कार्यक्रम का संचालन सकील अहमद ने किया। निर्णायकों, प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ के अथक प्रयासों से प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

# गुलदारों को पकड़ कर वन में छोड़ने की मांग

## भाकियू की बैठक

**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बैठक ब्लॉक प्रांगण में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश काकरान ने कहा कि वर्तमान समय में गुलदार सबसे बड़ी समस्या बन गए हैं। वन विभाग द्वारा गुलदार के विरुद्ध कोई ठोस अभियान नहीं चलाया जा रहा है। किसान अपने खेतों पर जाने में भी डर रहे हैं। आए दिन गुलदार के हमले हो रहे हैं। गुलदारों को पकड़कर वन क्षेत्र में छोड़ा जाए।

इस अवसर पर जर्जर विद्युत तार बदलवाने, संरक्षित पशुओं को गोशाला भिजवाने की मांग की गई। बैठक के बाद खंड विकास अधिकारी ज्योति चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान तहसील अध्यक्ष नामेनदर सिंह, ब्लाक महासचिव धर्मपाल सिंह, समरपाल सिंह, मुकुल त्यागी, निरंजन राठी, संदीप त्यागी, राजीव चौधरी, सुनील कुमार, विकास तोमर आदि मौजूद रहे।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता



## विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** कंपोजिट विद्यालय पाडला में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत गिरि ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में न्याय पंचायत के 13 विद्यालयों के लगभग ढाई सौ छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

50 और 100 मीटर दौड़ में कंपोजिट विद्यालय सिसौना जट के साकिब ने दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 50 मीटर दौड़ में तरुण (पाडला) द्वितीय, जबकि 100 मीटर में अबूजर (पाडला) द्वितीय स्थान पर रहे। लंबी कूद में भी साकिब (सिसौना जट) ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में मोहिनी (पाडला) ने 50 मीटर में प्रथम और निष्ठा (औरंगजेबपुर गुलाल) द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

100 मीटर दौड़ में आलिया (पाडला) प्रथम, शगुन (औरंगजेबपुर गुलाल) द्वितीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में वंशिका (औरंगजेबपुर गुलाल) प्रथम तथा सांची (पाडला) द्वितीय स्थान पर रहीं। कबड्डी प्रतियोगिता में सिसौना जट विद्यालय ने प्रथम तथा पाडला विद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुल अंकों के आधार पर पाडला विद्यालय ने न्याय पंचायत स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सिसौना जट विद्यालय द्वितीय रहा।

कार्यक्रम के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी सूर्यकांत गिरि ने विजेता प्रतिभागियों को मॉडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल प्रभारी हरीश कुमार सहित सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# भाकियू की मासिक बैठक में संगठन को मजबूत करने का आह्वान

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ब्लॉक धामपुर की मासिक बैठक ग्राम चकरपुर में भूपेंद्र जी के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक का संचालन सुचारू रूप से किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा हुई और कुछ नए सदस्यों को जोड़ा गया। बैठक में पदाधिकारियों ने प्रदेश में बढ़ती अफसरशाही, तानाशाही रवैये और भ्रष्टाचार से निजात दिलाने के लिए किसानों से संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, ब्लॉक उपाध्यक्ष अरविंद राजपूत, न्याय पंचायत अध्यक्ष भानु प्रताप राणा, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, दिनेश प्रधान, कुशल पाल, राजीव कुमार शर्मा, सरजीत सिंह नेताजी, हरिओम, प्रेम कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान साथी उपस्थित रहे। बैठक की सूचना ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिनेश चौहान द्वारा दी गई।

# दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन

## नवीन तकनीकों के प्रति बढ़ेगी जागरूकता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर एवं राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, चांदपुर के संयुक्त तत्वावधान में लिन्कन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया के सहयोग से एक अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया।

यह इंटरनेशनल समिट ऑन एम्पावरिंग डेवलपमेंट थ्रू इंजीनियरिंग, साइंस एंड मैनेजमेंट टुवर्ड्स सस्टेनेबल फ्यूचर (IS-EDESM 2025)" शीर्षक के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. एम आर वर्मा, प्रो. जे.पी. पांडे व विशिष्ट अतिथि प्रो. संदीप पोद्दार (डिप्टी वॉइस चांसलर लिन्कन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया) व डॉ. एनपीएस नारंग, प्रो. पीके गर्ग (IIT Roorkee) रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज कोषाध्यक्ष श्रीमती स्वाति वीरा एवं मुख्य अतिथि प्रो. एमआर वर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रो. संदीप पोद्दार व डॉ. एनपीएस नारंग, प्रो. पीके गर्ग, कॉलेज निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने माँ सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया।


इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'इंजीनियरिंग, साइंस एवं मैनेजमेंट के माध्यम से सतत विकास की दिशा में सशक्तिकरण' विषय पर विचार-विमर्श करना है।

प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने बताया कि यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) दोनों माध्यमों में आयोजित किया गया, जिससे देश-विदेश के शोधार्थी, शिक्षाविद् एवं उद्योग विशेषज्ञ ने भाग लिया।

यह International Summit विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करेगा तथा अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं प्रबंधन की नवीन तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल ने कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। प्रबंध तंत्र की ओर से कुँवर उदयन वीरा जी, कुँवरानी रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं रेडियो संदेश 89.6 की सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने सभी आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ लोकेश कुमार अग्रवाल, डॉ शुएब अली खान एवं सभी विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार, गौरव गुप्ता, डॉ. शुभम कुमार, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार एवं उज्जवल कुमार, श्वेता गौड़, सुनील भारद्वाज, एनपीएस भण्डारी आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



सम्भल- लोनिवि के निरीक्षण भवन में पत्रकारों से वार्ता करते एससी/एसटी आयोग के सदस्य।

# दलित समाज व कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान के साथ नहीं कोई समझौता: कुंडे

○जिलाध्यक्ष के सांगठनिक कार्य की प्रशंसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग के सदस्य ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य प्रदेश के 75 जिलों में अपने विधायक बनाने का प्रयास है। इसी उद्देश्य को लेकर पार्टी और संगठन काम कर रहा है।

वह शुक्रवार को उप नगरी सराय तरीन में अनुसूचित जाति-जनजाति बहुल्य बस्तियों का निरीक्षण करने आये थे। इस दौरान आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे ने अपना दल एस के जिला अध्यक्ष जवेद अशरफ के नेतृत्व मे पार्टी के कार्यकर्ताओं के सरायतरीन आदि बस्तियों मे निरीक्षण करते हुए सरकार के कार्यो, योजनाओं के विषय पर जानकारी करते हुए लोगों से वार्ता की और उनकी समस्याओं को सुना। जबकि निरीक्षण भवन मे अधिकारियो और कार्यकर्ताओं से मिलकर जानकारी ली। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता करते हुए अनुसूचित जाति/जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य रमेश चन्द्र कुण्डे ने कहा कि अपना दल एस देश मे रहने वाले हर हिन्दू, मुस्लिम सिख, इसाई सबकी पार्टी है। हमारी पार्टी सबकी भागीदारी की बात करती है और हर गरीब कमजोर तबके के साथ खड़ी है। उन्होने जिलाध्यक्ष जावेद अशरफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष ने जिस तरह से संगठन को सींचा है वह प्रशंसनीय है। उन्होने कहा कि हमारा मकसद सत्ता तक पहुंचाना ही सबकुछ नहीं हैं, बल्कि सत्ता तक पहुंचकर सामाजिक व्यवस्था को सही करना है। 2027 के विधानसभा चुनाव मे अपना दल एस के भाजपा से गठबंधन के चलते पार्टी का उद्देश्य और प्रयास 75 जिलो मे 75 विधायक बनाना है। राहुल गांधी के वोट चोरो के आरोपों पर कहा कि उनका बचा क्या है। जब उनके पास सत्ता थी तो क्या किया। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लोगों को खाने को नहीं मिला, सर छुपाने को छत नहीं मिली। जबसे एनडीए की सरकार बनी और प्रदेश मे भाजपा की हमने अपने समाज दलित, पिछड़े या मुस्लिम किसी को कोई परेशानी नहीं हुई। सबके हित का ख्याल रखा। उ. प्र. मे बहुत कुछ परिवर्तन हुआ है एनडीए पर विश्वास बड़ा है। हमने भाजपा के साथ रहते हुए हर समाज के मान सम्मान के लिए कोई समझौता नहीं किया और सड़क से संसद तक अपनी बात कहते हैं। बिहार मे एनडीए चुनाव लड़ रही है कोई नुकसान नहीं ह और सरकार बन रही है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका ज़ोरदार स्वागत किया।

# भारत को विकसित बनाने में बच्चे प्रत्येक मिनट का करें सदुपयोग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चटोपाध्याय (बंकिमचन्द्र चटर्जी) जी द्वारा चित राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वंदे मातरम के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू के प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, डिप्टी कलैक्टर निधि पटेल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा व कर्मचारियों ने विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं के वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह द्वारा जिला पंचायत सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी का पुष्प देकर स्वागत एवं सम्मान किया। जिला विकास अधिकारी ने वंदे मातरम् गीत के इतिहास पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत सांस्कृतिक विरासत की धरोहर है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वंदे मातरम् गीत राष्ट्रीय जागरण का प्रथम मंत्र था। वैदिक श्रृचाओं से प्रेरणा लेकर इस गीत को बनाया गया। वंदे मातरम् गीत ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जा प्रदान की तथा भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभागार में उपस्थित बच्चों से 2047 में देश को विकसित भारत के रूप में बनाने के लिए प्रत्येक मिनट का सदुपयोग कर वंदे मातरम् गीत से प्रेरणा लें देश को आगे बढाने में अपनी भूमिका निभाने का आहवान किया। जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह ने वंदे मातरम् गीत के इतिहास की जानकारी दी और मौजूद बच्चों से वंदे मातरम् के अन्तर्गत अपनी माता की सेवा करें तथा पृथ्वी माता, भारत माता तथा गंगा माता का विशेष ध्यान रखने पर ज़ोर दिया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गीत आत्म सम्मान एवं आत्म प्रेरणा का भाव है। राष्ट्रीय गीत के माध्यम से आजादी से पहले क्रांतिकारियों में राष्ट्रीय एकता को बल मिला तथा स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के बाद आज राष्ट्रीय एकता का ही बल है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा वर्ल्ड कप में विजय प्राप्त की। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार आदि मौजूद रहे।



सम्भल-वंदे मारतम के 150 वर्ष पूरे होने पर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि करते एडीएम प्रदीप वर्मा।



सम्भल- ग्राम लधनपुर में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

# बूथ स्तर पर एसआईआर पर ध्यान दें कार्यकर्ता

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

एकता विहार कॉलोनी स्थित भाजपा के जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला की शुरूआत भारतमाता, दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में जिला संयोजक योगेन्द्र त्यागी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को गलत वोट कटवाने एवं सही वोट बनवाने पर ध्यान देना होगा। कोई भी वोट बनने से नहीं रहना चाहिए। पूर्व जिला अध्यक्ष भीष्म शर्मा ने कहा कि अन्य प्रदेशों के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी मतदाता गहन पुनरीक्षण हो रहा हैं जिसमें सभी वैध मतदाता ही वोटर लिस्ट में रहेंगे। जिनके वोट कई जगह है वह अब ठीक होकर एक ही स्थान पर वोट रहेगा । उन्होंने एसआईआर की विस्तार से जानकारी दी। मुख्य अतिथि हेमंत राजपूत ने कहा कि एसआइआर एक समयबद्ध घर घर जाकर मतदाता सत्यापन करने की प्रक्रिया है। जिसे मतदान केंद्र स्तर के अधिकारी द्वारा मतदाता सूचियों को अधतन और सही करने हेतु किया जाता है। इसके अंतर्गत नई प्रविष्टियां करने, विलोपन करने और संशोधन करने की अनुमति देकर मतदाता सूचि को सटीक, समावेशी तथा त्रुटि रहित बनाया जाता है। चुनाव आयोग द्वारा एक बेस रोल 2003 की मतदाता सूची ईसीआई पर अपलोड की गई है। जहां से कोई भी ऑनलाइन अपने नाम का मिलान कर सकता है। हर विधानसभा में एक टीम बनानी होगी। जिले स्तर से लेकर बूथ तक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारिया दी जाएंगी। जिन्हें बूथ स्तर तक जाकर वोट बनवाने और संशोधन कराने का कार्य करना होगा। पार्टी द्वारा मंडल के पदाधिकारियों को एक एक बूथ पर प्रवासी बनाया गया है। प्रवासियों को पूरे एसआइआर के दौरान हर बूथ पर मतदाता को सूची में शामिल कराने का कार्य करना है। हम सभी को एक टीम वर्क के साथ मिलकर एसआइआर कार्य को करना है। घर घर जाकर मतदाता का कार्य पूरा करना है। कार्यशाला में संचालन प्रभात शर्मा जिला उपाध्यक्ष एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने किया। कार्यशाला में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गोविंद, राजेश सिंघल पूर्व जिला अध्यक्ष भीष्म शर्मा, जिला संयोजक योगेन्द्र त्यागी, जयप्रकाश गुप्ता, पंकज गुप्ता, मुकुल कुमार रस्तोगी, प्रभात शर्मा, सौरभ गुप्ता, सुरेश अटल, संजय शंखधार, सोनू चहल, रिफिल चौधरी आदि मौजूद रहे।





सम्भल- जिला कार्यालय भाजपा की बैठक में बोलते मुख्य अतिथि।

# राहुल गांधी को मिली जिला अदालत से बड़ी राहत

○अपर जिला व सत्र न्यायाधीश ने की हिंदूवादी सांगठन के अध्यक्ष की निगरानी खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रायबरेली के सांसदर एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कथित बयान को लेकर बड़ी राहत मिल गई है। हिंदूवादी नेता की ओर से दायर रिवीज़न को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत से भी खारिज कर दिया गया है।

बहजोई के काली मन्दिर रोड ऊपर कोट नया बाज़ार हाल एफ-6/294 सेक्टर 16 रोहिणी नई दिल्ली निवासी सिमरन गुप्ता पुत्र सुरेश चन्द्र गुप्ता की ओर से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कथित बयान के विरोध में राहुल गांधी सांसद रायबरेली के विरूद्व 173(4) बीएनएसएस के तहत को प्रार्थना पत्र दाखिल कर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगायी थी। जिसे सिविल जज (सी.डि.)/विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट सम्भल स्थित चन्दौसा की अदालत ने 10 फरवरी 2025 को प्रार्थना पत्र निरस्त करने का आदेश पारित किया था। जिसके विरूद्व सिमरन गुप्ता की ओर से दाण्डिक फौजदारी निगरानी सं. 20/25 दायर की गई। निगरानी में एमपी/एमएलए की अदालत से पारित आदेश को चुनौति देते हुए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि सिविल जज सी. डि. /एमपी एमएलए कोर्ट ने न्यायिक विवेक का प्रयोग नहीं करने और न्याय के सिद्वांत से परे जाकर मनमाने ढंग से आदेश पारित किया है। मामले की सुनवायी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सम्भल स्थित चन्दौसी की अदालत में की गई। अधिवक्ता सगीर सैफी ने बताया कि राहुल गांधी की ओर से अदालत में पैरवी की। उन्होने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्दौसी, सम्भल स्थित चन्दौसी की अदालत में अपनी बहस में एमपी/एमएलए की अदालत के न्यायाधीश द्वारा 10 फरवरी 2025 द्वारा पारित आदेश का सर्मथन किया और न्यायिक विवेक का प्रयोग करते हुए न्याय संगत एवं विधि सम्मत आदेश पारित किया जाना बताया। उन्होने बताया कि निगरानी क्षेत्राधिकार के मददेनजर पोषणीय नहीं बताकर उसे निरस्त करने की मांग की थी। उन्होने बताया कि सत्र अदालत ने उनके कथन और तथ्यों को विस्तारपूर्वक सुनकर एमपी/ एमएलए की अदालत के न्यायाधीश में दिये गए प्रार्थना पत्र के अलावा परिवादी के शपथ पत्र पर मनन करने के उपरांत ही अपना न्यायिक आदेश दिया जाना।। उन्होने यह भी बताया कि परिवादी ने अपने मूल प्रार्थना पत्र में ऐंसा कोई कथन नहीं किया था कि वाद का कारण कब और कैसे उत्पन्न हुआ। जबकि घटना दिल्ली की थी। सिमरन गुप्ता के अधिवक्ता की ओर प्रार्थना पत्र में तर्क दिया था कि राहुल गांधी का बयान अवर फाइट इज़ विद आर एस एस, बी जे पी एज वेल एज इंडियन स्टेट को परिवादी राष्ट्र विरोधी है। अदालत में दोनों पक्षों की बहस सुनन के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार ने अपना निर्णय सुनाते हुए निगरानी याचिका को बलहीन पाते हुए खारिज कर दी। आदेश की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की व निर्वतमान जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि यह न्याय की जीत है और इस आदेश से हिंदूवादी विचारधारा की करारी हार हुई है। राहुल गांधी जननायक हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पराली के ढेर में लगी भयंकर आग

○आधा घंटे बाद पाया काबू, गांव के ही व्यक्ति पर आग लगाने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** संदिग्ध परिस्थितियों में पराल के ढेर में आग लग गई। आग की लपटों को देख आसपास ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर खिरनी चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई तथा ग्रामीण और फायर ब्रिगेड की सहायता से लगभग आधे घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के लधननपुर गांव निवासी चंद्रकेश पुत्र रामौतार का सम्भल गवां हाईवे पर सड़क किनारे खेत में पराल का ढेर लगा हुआ था। शुक्रवार दोपहर को अचानक आग की लपटों को ग्रामीणों ने देखा तो चंद्रकेश को सूचना दी। जबकि मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ लग गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन भयंकर आग की लपटें आसमान को छूने लगीं। सूचना पर खिरनी चौकी पुलिस तथा फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गई। जहां सैकड़ों ग्रामीण एकत्रित हो गए। फायर ब्रिगेड की सहायता से लगभग आध घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों ने भी रस्सी से ढेर को हटाने का प्रयास किया और इधर-उधर से पानी डालते रहे। बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। किसान ने गांव के ही व्यक्ति पर आग लगाने का आरोप लगाया है।

# राष्ट्र चेतना जागृत करने वाली वंदना है वंदे मातरम्

○भारतीय इतिहास संकलन समिति ने किया सामूहिक गायन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया। वंदे मातरम को राष्ट्र की चेतना जागृत करने बाली भारत माता की वंदना बताया।

आलम सराय के गुरु गोरखनाथ मंदिर में भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्य एकत्र हुए। और सामूहिक रूप से वंदे मातरम का सस्वर गायन किया गया। भारत माता की जयकार के साथ आयोजित हुए कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए भारतीय इतिहास संकलन समिति के लेखक प्रमुख उमेश श्रीमाली ने कहा कि राष्ट्र की चेतना को जागृत करने वाली एक भावपूर्ण वंदना का नाम है वंदे मातरम। उन्होंने वंदे मातरम को प्रेरणास्पद रचना बताते हुए भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। समिति के जिला महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि 7 नवंबर 1875 को बंगाल के महानतम कवि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारत माता के सपूतों बलिदानियों को स्फूर्ति चेतना जागृति प्रदान करने वाला राष्ट्रीय गीत बताया। वंदे मातरम के सामूहिक गायन में सम्मिलित हुए भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों से विचार विमर्श उपरांत समिति के कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर ने कहा कि 7 नवंबर से 14 नवंबर तक जनपद संभल के भिन्न-भिन्न स्कूलों में पहुंचकर सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन कराया जाएगा। इसका अर्थ महत्व और स्वतंत्रा आंदोलन में भूमिका को रेखांकित करते हुए आज की युवा पीढ़ी को देशभक्ति का पाठ पढ़ाया जाएगा। भारतीय इतिहास संकलन समिति द्वारा आयोजित वंदे मातरम सामूहिक गायन कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह गुर्जर, सुभाष चंद्र शर्मा, ख्रष, प्रांजल, रजनीश, विनय, देव, पार्थ, अंकित, राजेंद्र, प्रताप, अंशिका सैनी, रितिका, अनिका सैनी, प्रताप सिंह आर्य आदि अनेक सदस्य गण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जिला कांग्रेस कमेटी की चंदोसी रोड सम्भल स्थित पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज किया जायेगा। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने बताया कि बैठक में कांग्रेस के पूर्व पदाधिकारी, पूर्व जिला/शहर अध्यक्ष समेत अन्यों को बुलाया गया है।

# किसान देश की रीढ़ लापरवाही अस्वीकार्य: डा.अनामिका यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** किसान क्रय केन्द्रों पर आ रही परेशानी और टोकन वितरण में अनियमित्तायें आदि को लेकर एकत्र हुए किसान जिला पंचायत अध्यक्ष से शिकायत की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अधिकारियों को बुलाकर मौके पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव के आवास पर पहुंचे कई ग्रामों के किसानों ने धान तुलाई में आ रही दिक्कतों, टोकन वितरण में अनियमितताओं और क्रय केंद्रों पर लापरवाही की शिकायत की।किसानों ने बताया कि कई केंद्रों पर तुलाई कार्य रुका हुआ है, टोकन मिलने में परेशानी है, और जिन किसानों के टोकन जारी हो चुके हैं, उनकी उपज समय से नहीं तौली जा रही है। इससे किसानों को भारी असुविधा और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को हो रही परेशानी को जिला पंचायत अध्यक्षा ने गम्भीरता से लिया और सम्बन्धित अधिकारियों को तलब मौके पर ही कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पीएम मोदी का मिशन किसानों की समृद्धि है। इस दिशा में किसी भी अधिकारी या केंद्र प्रभारी की लापरवाही अस्वीकार्य है। उन्होने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं उनकी मेहनत से ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।

# पर्यटन नगरी की मांग को पकड़ा ज़ोर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पर्यटन नगरी बनवाने की मांग ज़ोर पकड़ती जा रही है। गोरखपीठ पहुंचे शिव गोरख मंदिर समिति के सचिव ने हेतु ज्ञापन लेकर श्रीगोरखपीठ गोरखपुर पहुंचे और कल देर रात गोरखपुर से लौटे शिव गोरख मंदिर समिति के जिला सचिव ज्बालेश श्रीमाली डा. विनीत कुमार श्रीमाली ने कहा की श्रीकल्कि नगरी के अडसठ तीर्थो उन्नीस कूपो के प्राचीन महत्व को जिस तरह आज संभल की जनता अपनी आस्था और श्रृद्धा प्रकट कर रही है। और जिस प्रकार चौवीस कोसीए परिक्रमा में लाखो की संख्या में भक्तों ने परिक्रमा पूर्ण कर भगवान श्रीकल्कि के प्रति अपनी आस्था व श्रृद्धा को प्रकट किया वंदनीय है। नमन के योग्य हैं। हम शिव गोरख मंदिर सीमित के वैनर से लगभग छयालीस वर्षो से भगवान श्रीगोरखनाथ जी सनातन धर्म व मानवता को समर्पित रह कर सेवा कर रहे हैं। और लगभग पैतीस वर्षो से श्रीगोरखपीठ गोरख पुर से जुडे हुए भी है। इसी आश्रय को लेकर हम गोरखपुर गये थे किन्तु यह हमारा बडा दुर्भाग्य रहा की मार्ग मे हमारी गाडी खराब हो गयी और हमारे श्रीगोरख पीठ गोरख पुर पहुँचने लगभग दो घंटे पहले ही ज्ञानमूर्ति योगी आदित्यनाथ महाराज मुख्यमंत्री लखनऊ को निकल चुके थे। गोरखपीठ के पुजारियों महन्त कमल नाथ सबसे शिष्टाचार भेंट मिलन हुआ हमने समिति की ओर से यथायोग्य स्वागत कर अंग वस्त्र भेट किया और पुन: आकर ज्ञानमूर्ति से करेगे और सम्भल को पर्यटन नगरी बनाने के ज्ञापन की याद दिलायेगे। इस आशा के साथ वापिस आ गये उन्होंने कहा संभल के विकास को कार्यरत संभल की सभी संस्थाओ को संभल पर्यटन नगरी बनाये के लिए एक जुट होकर प्रयास करना चाहिए।



सम्भल- गोरखपीठ पर पर्यटन नगरी को ज्ञापन देते गोरख मंदिर समिति के पदाधिकारी।

# शहर के दो मौहल्लों के बदले जाएं नाम

○हिजामं सदस्यों ने डीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर नगर के दो मौहल्लों के नाम बदलने की मांग की।

जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में सौंपकर कहा गया कि संभल को विभिन्न युगों में विभिन्न नाम से जाना जाता रहा है। उन चारों नाम को जीवंत रखने का वर्तमान पीढ़ी, प्रशासन व शासन का कर्तव्य है। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संभल विभिन्न युगों में विभिन्न नाम सत्यव्रत, महदगिरि, पिंगल और सम्भल रहे हैं। सत्यव्रत नाम से पुलिस चौकी संचालित है। अन्य दो नाम से नगर के दो मोहल्लों का नामकरण किया जाना अपेक्षित है, जिससे सम्भल के युग युगीन चारों नाम जीवंत रहे। इसी मांग को लेकर हिजाम. के सदस्यों ने उप जिलाधिकारी को तहसील कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में नवीन कुमार शर्मा, शशि गंभीर, बिशनलाल, नगर पालिका परिषद के सभासद महावीर सिंह, बबीता भारद्वाज, शिवांशु भारद्वाज, मीनू रस्तोगी, अवधेश गर्ग, दुर्वेश सैनी, भाजपा नेत्री शिल्पी गुप्ता, अभिषेक आदि शामिल रहे।



सम्भल- शहर के दो मौहल्लों के नाम बदले जाने को ज्ञापन देते हिजामं सदस्य।

# बच्चों की बेसिक शिक्षा को करें मजबूत: सीडीओ

○ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को किया गया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गाँव की समस्या,गाँव में समाधान ग्राम चौपाल में विभागों के स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और बच्चों की बेसिक शिक्षा को मजबूत करने पर बल दिया गया।

ग्राम फत्तेहपुर के पीमएमश्री विद्यालय में आयोजित ग्राम चौपाल में विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष का पुष्प देकर स्वागत किया। चौपाल में स्वास्थ्य, आईसीडीएस, बेसिक शिक्षा एवं अन्य विभागों द्वारा शासन की योजनाओ का अधिक से अधिक लाभ पाने को स्टाल लगाए। चौपाल में जहां स्वास्थ्य विभागकी ओर से योजनाओं की जानकारी दी और गोल्डन कार्ड, डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन जांच आदि की जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनायें पेंशन एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी पशुपालन के अधिकारी ने पशुओं के बीमा,पशुओं के टीकाकरण, गलघोटू खुरपका, मुंहपका ,थनैला रोग आदि की जानकारी दी। कृषि विभाग के तहत कृषि यंत्रीकरण, सोलर पम्प, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, तथा एफपीओ के गठन तथा उसके लाभ के बारे में बताया। खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर कमलकांत ने कहा कि बच्चों की शिक्षा की नींव मजबूत करें। जबकि फार्मर रजिस्ट्री एवं फैमिली आईडी को लेकर भी विस्तार से जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल उत्तर प्रदेश शासन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है तथा प्रत्येक शुक्रवार को जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड के दो ग्रामों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाता है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपने घर में बेटा और बेटियों को समान समझें तथा बेटी का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण हो जाने के बाद ही करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। बच्चों की बेसिक शिक्षा को मजबूत करें। चौपाल में गोद भराई एवं अन्न प्राशन कार्यक्रम भी किया। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, एबीएसए गुन्नौर मुंशी लाल पटेल आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान में पेपर फोल्डिंग प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** एमजीएम पीजी कॉलेज में वंदे मातरम् गीत के डेढ़ सौ वर्ष पूर्ण होने पर सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम् भव्यता के साथ गायन किया। इसके साथ ही मिशन मिशन शक्ति अभियान फेस 5 की ओर से एक पेपर फोल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। इसमें प्रथम स्थान पर शिवानी बीए फर्स्ट सेमेस्टर द्वितीय स्थान पर रूपाली बीए फर्स्ट सेमेस्टर तृतीय स्थान पर संजना बीए फर्स्ट सेमेस्टर और शिवानी बीए फर्स्ट सेमेस्टर रही। सांत्वना स्थान पर मुस्कान फातिमा और जिक्मा रही। शिक्षिकाओं में डा. प्रीति सिंह ,डा.पूजा गुप्ता, डा. विजय लक्ष्मी शर्मा, डा. जोहरा जबीं ने प्रतिभागी छात्राओं के पेपर से बनाए गए गुलदस्ते ,पेपर बैग ,चिड़िया, कोट, पेंट, फ्लावर पॉट, रंगोली डिजाइन रंगोली कंदील झालर फोटो फेम एव शोपीस इत्यादि चेक किये। मिशन शक्ति प्रभारी डा. रितु भटनागर ने सभी प्रतिभागी छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुमंत कुमार का विशेष सहयोग रहा

# युवक नेकपाल की हत्या के मामले में पुलिस मुठभेड़ में एक और आरोपी गिरफ्तार, तमंचा व बाइक बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र के मंडी समिति प्रीतम नगर में हुए युवक नेकपाल हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक और वांछित आरोपी राजा पुत्र गेंदनलाल उर्फ गेंदालाल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक अवैध तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बता दें कि बीती 5 नवम्बर की रात मझोला थाना क्षेत्र के मोहल्ला प्रीतम नगर में नेकपाल नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज हत्या के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। मृतक के भाई गगन की तहरीर पर थाना मझोला पुलिस ने अमन पुत्र राजू, राजा पुत्र गेंदनलाल, गेंदनलाल पुत्र रामप्रसाद, राजू पुत्र गेंदालाल यादव सहित 4-5 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या



का मुकदमा दर्ज किया था।मामले में थाना मझोला पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 6 नवम्बर को हत्या में वांछित आरोपी अमन पुत्र राजू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था। इसी दिन दो अन्य आरोपी राजू पुत्र गेंदालाल और गेंदालाल पुत्र रामप्रसाद को भी पुलिस ने दबोच लिया था। पुलिस लगातार इस हत्याकांड में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी थी।इसी क्रम में 7 नवम्बर को मुखबिर की सूचना पर मझोला पुलिस टीम ने हर्बल पार्क चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बाइक सवार एक संदिग्ध युवक को रुकने का इशारा किया गया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी। पकड़े गए आरोपी की पहचान राजा पुत्र गेंदनलाल उर्फ गेंदालाल निवासी प्रीतम नगर, थाना मझोला के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से एक देशी तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की है।

घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

# ग्राम समाज के तालाब में पालतू पशु की डूबकर मौत



**सुरजननगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के मुख्य बस स्टैंड की कुछ दूरी पर ग्राम समाज का तालाब जिसमें पालतू पशुओं की डूब कर मौत हो गई बता दें की सुरजननगर निवासी अशोक कुमार ने अपने दोनों पशुओं को शुक्रवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर कृषि भूमि में घास चरने के लिए बांध दिए थे लेकिन एक पशु ने भूमि के पास बने तालाब में जाकर पानी पीने गए तो पशु उस तालाब में उगी घास में फस गया जिससे उसे उस तालाब से निकला नहीं गया और उस तालाब में ही डूब गया पशु स्वामी ने जब शाम को अपने पशुओं को कृषि भूमि से लेने के लिए आया तो उसे वहां पर एक ही पशु पाया पशु स्वामी ने आसपास के ग्रामीणों से अपने पशुओं के बारे में पूछा लेकिन कोई जवाब नहीं मिला अचानक पशु स्वामी ने पास में बने ग्राम समाज के तालाब में देखा तो लापता पशु वहां पर डूबा पड़ा है जिसको ग्रामीणों की मदद से पशु के मृत शरीर को बाहर निकाला और अंतिम संस्कार कर दिया।

## एक नजर

### छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को कैंसर के प्रति किया जागरूक




**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र की गांधी स्मारक महाविद्यालय, में राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस के अवसर पर समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली महाविद्यालय से बैनर पोस्टर के साथ ग्राम सुरजन नगर के झण्डा चौक तक निकाली गई, जिसमें छात्र/छात्राओं द्वार लोगों को कैंसर के कारणों, बचाव एवं निदान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। इसी के साथ मिशन शक्ति 5 के अन्तर्गत छात्र/छात्राओं द्वारा नागरिकों को कैंसर सम्बन्धी जागरुकता प्रदान की गई। इस रैली में महाविद्यालय के सचिन, प्रवीण, निशा, सानिया, मुस्कान आदि छात्र/छात्राओं की उत्साहपूर्ण एवं सक्रिय भागीदारी रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के अमर प्रताप ,अरुण कुमार यादव, कुलदीप व्यास के आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत कर बताई समस्याएं



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलेट के ब्लॉक अध्यक्ष

एवं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में ब्लॉक कार्यकारिणी ने खंड शिक्षा अधिकारी शिवम् कुमार गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की सर्वप्रथम कार्यकारिणी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी का बुके देकर स्वागत किया गया उसके बाद शिक्षकों की समस्याओं को खंड शिक्षा अधिकारी के समक्ष रखा खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए समाधान किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया की आगे भी शिक्षकों की समस्याओं का उनके स्तर से जल्द निराकरण कराया जाएगा। कार्यकारिणी ने बीईओ का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, महामंत्री पंकज कुमार , कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार विश्नोई ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार चोहान , उपाध्यक्ष दीपाली गुप्ता , योगिता गुप्ता , सयुक्त मंत्री शुजाउल हक ,प्रचार मंत्री सुशील छिंद्रा ,कुलदीप सिंह , इंद्रजीत सिंह , वरिष्ठ प्रचार मंत्री घनश्याम सिंह , राजवीर सिंह , अशोक कुमार यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### रंजिशन मारपीट के आरोप में महिला ने लिखाई छह पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** रंजिशन मारपीट के मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने छ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है थाना छजलैट के गांव जागवाली मिलक निवासी लखमीरी पत्नी जयपाल सिंह का आरोप है की उसके पड़ोसी ब्रह्म सिंह से जमीन को लेकर 1 साल से उनका विवाद चला आ रहा है इस रंजिश में 25 अक्टूबर को वह अपने पति के साथ खेत पर गई थी वहां पर ब्रह्म सिंह सुनील आए और गंदी गालियां देनी शुरू कर दी तभी यशवीर संतोष इंद्रेश और पिंकी भी पहुंच गए और इन्होंने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया शोर मचा तो आसपास के खेतों पर काम कर रहे लोग वहां आ गए जिन्हें देखकर यह लोग धमकी देते हुए चले गए महिला की शिकायत पर पुलिस ने सभी 6 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### गन्ने के खेत में लगी आग लोगों ने बड़ी मुश्किल से बुझाई

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मुख्तियारपुर नवादा निवासी हरीराज सिंह का खेत नवादा रसूलपुर के बीच नहर किनारे स्थित है बताया गया की रात करीब 8:00 बजे एक ग्रामीण उधर से निकला तो उनके गन्ने के खेत में आग लगी हुई थी इसकी सूचना उसने फोन पर हरिराज सिंह को दी सूचना मिलते ही गांव के काफी लोग खेत पर पहुंच गए और मस्कत करते हुए आग को बुझा लिया समय से मिली सूचना के कारण आग से ज्यादा नुकसान तो नहीं हो पाया लेकिन लोगों को आगे इस तरह की घटना होने पर नुकसान का डर सताने लगा है।

खेत स्वामी का कहना था कि इस समय नशेड़ियों के अलावा और कोई व्यक्ति इस तरह की घटना को अंजाम नहीं देगा कुल मिलाकर घटना किसके द्वारा की गई इसका तो कोई पता नहीं लग पाया लेकिन लोग इस्मेकिओ द्वारा गन्ने के खेत में बैठकर इस्मेक पीने से आग लगने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं।

# बच्चों के हाथ में पकड़ा दिया ट्रैक्टर, खंभे में मारी टक्कर



**कांठ( शाह टाइम्स )।** बच्चों के हाथ में ट्रैक्टर पकडाने का मतलब यह हुआ कि ट्रैक्टर बेकाबू होकर सड़क से नीचे उतर गया और बिजली के खंबे से टकरा गया जिससे काफी बड़े क्षेत्र की बिजली गुल हो गई।बताया गया कि खतापुर गांव के ग्रामीण ने बच्चों को बजरकुट लेने के लिए नवादा भेजा था जैसे ही वह बजरकुट लेकर वापस खातापुर की ओर चले खतापुर चौराहे से पहले गन्ने के खेत में खड़े खंभे से ट्रैक्टर टकरा गया गनीमत रही की ट्रैक्टर करीब 3 फीट नीचे गहरे खेत में जाकर रुक गया और कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन इससे खंभा टूट गया और इस लाइन की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई सूचना मिलते ही बिजली विभाग के जेई मौके पर पहुंचे ट्रैक्टर स्वामी ने उससे हुए नुकसान का एस्टीमेट बनवाकर उसकी भरपाई करने के लिए लिखकर दे दिया। लेकिन इस घटना के बाद हो सकने वाले नुकसान को लेकर पास ही के ग्रामीण और जेई के बीच काफी नोक झोंक भी हुई।

ग्रामीण का कहना था कि ट्रैक्टर स्वामी के खिलाफ एफआईआर करनी चाहिए लेकिन जेई का कहना था कि यदि नुकसान करने वाला नुकसान की भरपाई करने के लिए तैयार है तो फिर एफआईआर की कोई जरूरत नहीं है। कुल मिलाकर समाचार लिखे जाने तक ना तो खंबा ठीक हुआ था और ना ही विद्युत सप्लाई सुचारु हो पाई थी।

# गन्ने का सीजन शुरू होते ही मुख्य मार्ग पर लगा जाम

## सरकारी बसों ने सड़क पर सवारी उतार कर बढ़ाई परेशानी



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** गन्ने का सीजन शुरू होते ही नगर में जाम के हालात बदतर हो गए बाकी कसर सरकारी बसों ने सड़क पर बसे रोक कर सवारी उतारने और चढाने के चक्कर में पूरी कर दी आज दिन भर लोगों को जाम के झाम से जूझने को मजबूर होना पड़ा है बतादे की नगर के मुख्य मार्ग पर जाम लगना तो रोजाना की बात हो गई है। लेकिन अब गन्ना सीजन शुरू होने के कारण इस मार्ग पर ट्रैफिक और बढ़ गया है बड़े वाहनों के सड़क पर उतरने के कारण नगर में वाहनों की रफ्तार कम हो गई है।

जिसकी वजह से सड़क पर लंबा-लंबा जाम आज से ही लगना शुरू हो गया है बाकी कसर सरकारी बस चालकों द्वारा बीच सड़कों पर बसे रोक कर उसमें सवारी बैठाने और उतारने ने पूरी कर दी है सड़क आगे खाली हो जाती है लेकिन बसों के पीछे वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग जाती है। और कोई भी जिम्मेदार इस बारे में बोलने को तैयार नहीं है आज भी जाम के हालात इतने खराब हुए के बस स्टैंड से लेकर रेलवे स्टेशन के मोड तक वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग गई लोगों को मोडी तिराहा तक जाने में काफी समय लग गया। हालांकि नगर निवासी काफी समय से इस जाम से निजाद दिलाने की मांग प्रशासन से करते चले आ रहे हैं मगर इस और किसी का ध्यान न जाना लोगों के लिए मुसीबत की वजह बनता जा रहा है।

आज गन्ना सीजन के पहले दिन मुख्य मार्ग पूरी तरह से जाम के हवाले रहा थाने के सामने रेलवे फाटक पर भी वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लगती दिखाई दी और लोगों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा।

# आर्य समाज के वार्षिक उत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ ( शाह टाइम्स )।**आर्य समाज कांठ के 108 वे वार्षिकोत्सव को लेकर विशाल शोभायात्रा का नगर में आयोजन किया गया। शोभायात्रा दयानंद बाल विद्या मंदिर से शुरू हुई। जिसका शुभारंभ सनी गांधी एवं कैलाश सिंह (खूंटखेड़ा) ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर कराया। मुख्य अतिथियों ने महर्षि दयानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आवाहन किया। शोभायात्रा मुख्य बाजार, उपदेश नेता चौराहा, सैनी धर्मशाला, पट्टी वाला, संत रविदास मंदिर, श्री रामलीला मंदिर, पुराना बस स्टैंड होते हुए अपने गंतव्य पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में सबसे आगे सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चे कदम से कदम ताल मिलाकर चले। इसके बाद महर्षि दयानंद, घोड़े पर



महारानी लक्ष्मीबाई, महाराणा प्रताप, मां सरस्वती, सिंदूर ऑपरेशन चित्रण, भीष्म पितामह, की झांकियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। वार्षिकोत्सव में यज्ञ के आलावा शाम को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बहराइच से पधारी गीता आर्य ने भजनों के माध्यम से आर्यों की संस्कृति पर विचार व्यक्त किये। उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश पर चर्चा करते हुए बताया कि यह आर्य समाज का प्रमुख ग्रंथ है। जिसमें स्वामी दयानंद के समाज सुधारवादी धार्मिक विचारों को प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि सत्यार्थ प्रकाश हमारे जीवन को उन आधारित नियमों पर चलने के लिए प्रेरित करती है कि समाज को किस प्रकार अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। इंसान के पैदा होने से लेकर मृत्यु तक अपने व्यवहार में क्या-क्या नियम बनाने चाहिए यह भी बताया गया है। उन्होंने वेदों के बारे में भी गीता और उपदेश के माध्यम से प्रकाश डाला।

# एसआईआर में फिलहाल नहीं देना होगा कोई कागज, सिर्फ दो फोटो से ही चलेगा काम

**कांठ( शाह टाइम्स)** चार नवंबर से शुरू हुए एस आई आर को लेकर अभी लोगों में जागरूकता की काफी कमी है राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा भी वीडियो जारी करते हुए कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है और कई तरह के प्रमाण पत्र दिए जाने की बातें बताई जा रही हैं लेकिन अभी एस आई आर के दौरान किसी भी प्रकार के प्रमाण पत्र दिए जाने की कोई जरूरत नहीं है सिर्फ सफेद बैकग्राउंड के साथ खिंचवाए गए दो फोटो ही काफी है। लोगों को जागरूक करने के लिए शाह टाइम्स ने एसडीएम संत दास पवार से वार्ता की उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर फार्म पहुंचाए जाएंगे जिन में जरूरी जानकारी भरकर और अपने हस्ताक्षर फार्म पर करके दो फोटो लगाने हैं इसके बाद उन्हें बीएलओ को दे देना है इस कार्य में उन्हें किसी




तरह के किसी भी प्रकार के प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है। बाकी काम विभाग स्वयं करेगा और जिसके डॉक्यूमेंट की आवश्यकता होगी उन्हें एसडीएम की ओर से एक नोटिस भेजा जाएगा तब उन्हें नोटिस के अनुरूप ही किसी प्रकार का प्रमाण पत्र देने की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने बीएलओ से भी कहा कि जिस प्रकार से उन्हें ट्रेनिंग के दौरान समझाया गया है उसी का अनुसरण करते हुए एसआईआर के एक माह चलने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट जाए।

चार दिसंबर के बाद फिर अगला कार्यक्रम शुरू होगा तब नोटिस प्रक्रिया अमल में लाई जाने के बाद डॉक्यूमेंट की जरूरत पड़ेगी उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने-अपने दो फोटो तैयार रखते हुए बीएलओ द्वारा दिए गए फार्म पर चस्पा कर उन्हें बीएलओ को ही वापस किए जाने का आह्वान किया है।

# नई सभ्यता और नवोन्मेष की उड़ान के वाहक बनें युवाः एमएलसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव मूल्यों के बिना अधूरी है, इसीलिए हमें मावन मूल्यों के संग एआई को जोड़ना है। विशेषकर शिक्षण के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए जुनून, कर्मठता के साथ-साथ आध्यात्मिक ऊर्जा भी जरूरी है। शिक्षा जीवन का प्राण तत्त्व है। आज का तकनीकी युग केवल उच्च डिग्रियों का नहीं, बल्कि प्रत्येक हाथ में कौशल और प्रत्येक मस्तिष्क में सृजनात्मक विचारों की मांग करता है। आधुनिक शिक्षा का उद्देश्य मात्र ज्ञान-संप्रेषण नहीं, बल्कि जीवन में नैतिक आचरण, मानवीय संवेदना और चरित्र-निर्माण का संस्कार स्थापित करना है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति नई सभ्यता और नवोन्मेष की उड़ान का वाहक बन सके। डॉ. ढिल्लो तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीन कॉलेजों- फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन और कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स की ओर से एजुकेशन 5.0: ए न्यू पैराडाइम इन ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन पर आयोजित दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस के शुभारम्भ मौके पर बोल रहे थे। इससे पूर्व एमएलसी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन, कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा, फाइन आर्टस के प्राचार्य श्री रविन्द्र देव आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस का शंखनाद किया। इस मौके पर सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया। कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्र में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, असम, केरल, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु आदि के शिक्षाविदों, शोधार्थियों ने शिक्षा 5.0, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का शिक्षण में प्रयोग, भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेशन, डिजिटल साक्षरता, इमोशनल इंटेलिजेंस, नवाचार एवम् मूल्य-शिक्षा जैसे विषयों पर करीब 70 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए। नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन



कुमार जैन, डॉ. शिवानी एम. कौल, डॉ. ज्योति पुरी, डॉ. अमित कंसल आदि की विशेष मौजूदगी रही। कॉन्फ्रेंस में पुस्तक- एजुकेशन 5.0 का भी विमोचन किया गया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, एजुकेशन 5.0 केवल शिक्षा का एक मॉडल नहीं, बल्कि यह एक बौद्धिक पुनर्जागरण का प्रतीक है, जहां ज्ञान, कौशल और संवेदना की त्रिवेणी मानवता के नए क्षितिज का निर्माण करती है। इसका आरम्भ एवम् उत्तरोत्तर विकास इंडस्ट्रीयल डेवल्यूशन से ही हुआ है और हो रहा है। प्रो. जैन बोलीं टीएमयू एनईपी-2020 को अपनाते हुए आगे बढ़ रही है। उन्होंने अकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट, स्किल डवलपमेंट आदि विभिन्न सन्दर्भों पर चर्चा करते हुए स्टुडेंट्स को ज्ञान की विविधावली से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होने कहा, यह संगोष्ठी शिक्षा, शारीरिक शिक्षा और ललित कला इन तीनों धाराओं को जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की दिशा में सार्थक कदम सिद्ध होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस में सोबन सिंह जीना यूनिवर्सिटी, अल्मोड़ा के प्रो. शेखर चंद्र जोशी ने कहा कि शिक्षा 5.0 का मूल भाव सतत विकास में नैतिक प्रौद्योगिकी का समावेश है। तकनीक तभी सार्थक है जब वह संवेदना और उत्तरदायित्व से जुड़ी हो। साथ ही उन्होंने भारतीय विश्वविद्यालयों से आग्रह किया कि वे इंडियन नॉलेज सिस्टम के सिद्धांतों को नयी शिक्षा नीतियों से जोड़ें, ताकि भारत पुनः ज्ञान की धरती के रूप में प्रतिष्ठित हो सके। इससे पूर्व स्वागत भाषण में डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने कहा, टीएमयू सदैव ज्ञान, अनुसंधान और मानवीय मूल्यों के त्रिवेणी का प्रतीक रहा है। जब शिक्षा में समान अवसर, संवेदनशीलता और उत्कृष्टता का समन्वय होगा, तभी सच्चे अर्थों में परिवर्तन संभव होगा। हमें ज्ञान को थोपना नहीं है वरन् हमें शिक्षा का सुन्दर वातावरण अपने इस नई पौध को देना है, तभी जिस भारत की कल्पना हम करते हैं वह साकार हो पायेगा। कॉन्फ्रेंस में डॉ. सुगन्धा जैन, डॉ. अगम प्रताप, श्री तोहिद अख्तर, श्री कुशाग्र दीक्षित, श्री मुकेश कुमार, डॉ. फरहा दीबा, श्री अंकुर देव, श्री वैभव झा, श्री प्रवेश चंद्र वर्मा, श्री प्रदीप सैनी, श्री राजेश कुमार, मिस सना तबस्सुम, डॉ. रंजीत सिंह, डॉ. शिवानी यादव, डॉ. हर्षवर्धन, डॉ. रवि प्रकाश, डॉ. सुनील पांडे, डॉ. अर्पिता त्रिपाठी, डॉ. नाहिद बी., डॉ.रूबी शर्मा, डॉ. पूनम चौहान, डॉ. शेफाली जैन, श्री धर्मेंद्र सिंह, श्री महेश कुमार, मिस शिवांकी राजपूत आदि उपस्थित रहे। संचालन डॉ. पूनम चौहान, डॉ. पवन बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने सगे पुत्र सलीम पुत्र शरीफ अहमद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं।

भविष्य में सलीम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**शरीफ अहमद पुत्र सईद अहमद
निवासी मौहल्ला अब्दुल्ला
बिलारी, तहसील बिलारी
जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-10 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**क्रि० वाद संख्या:** 53/2024
**तारीख पेशी:** 20.11.2025
**निशान्त चौधरी बनाम
उ०प्र० सरकार आदि।**

**बनामः**-2. शाहवेज आलम पुत्र नजिर आलम निवासी ग्राम मंगूपुरा पोस्ट मझोला, जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपर्रिनामांकित **वादी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 20.11.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 07.11.2025 दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश
कक्ष संख्या-10, मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )
**न्यायालय श्रीमान M.A.C.T
( जनपद न्यायाधीश ), मुरादाबाद।**
**M.A.C.P. No.:** 387 सन् 2019
**वीरेन्द्र सिंह बनाम
श्रीमती पूनम चावा आदि।**

1. श्रीमती पूनम चावा पत्नी अनिल कुमार निवासी मकान नम्बर-219 कोठीवाल नगर थाना कोतवाली जिला मुरादाबाद, 2. अनिल कुमार चावा पुत्र ओमप्रकाश चावा निवासी मकान नम्बर 219 कोठीवाल नगर थाना कोतवाली जिला मुरादाबाद। **( वाहन चालक )।** हरगाह **वीरेन्द्र सिंह** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 11 माह 11 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूओ और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 07 के माह 11 सन् 2025 को जारी किया है।

**READER
M.A.C.T.
MORADABAD.**

# कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर पेंशनधारी शिक्षक से 50 हजार की लूट, पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

■ पुलिस ने मामले को रफा दफा करने के लिए पीड़ित से तहरीर देकर निकाला पिछले दरबाजे से , पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर नगर में घनी आबादी के बीच दिन दहाड़े बदमाशों ने नगर के बैंक से पेंशन के पैसे निक. ालकर वापस घर जा हरे इस्लामनगर निवासी सेवानिवृत शिक्षक की जेब काटकर 50 हजार रूपये की लूट कर फरार हो गए। लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घंटो बदमाशों की तलाश में काबिंग की, लेकिन कोई सफलता नही मिल सकी। पुलिस ने अपना दिमाग लगाते हुए पीड़ित को कोतवाली लाकर पीछे के दरबाजे निकाल दिया और लूट की घटना को रफा दफा करने में लगी। बतादें कि एक सप्ताह में दिन दहाड़े यह दूसरी लूट है। उत्तराखंड के थाना कुंडा के गांव इस्लामनगर निवासी नन्हे सिंह पुत्र शिव्वा सिंह एक सेवा निवृत शिक्षक है। 2011 में कोतवाली क्षेत्र के गांव पीलकपुर गुमानी में स्थित परिषदीय विद्यालय से सेवानिवृत हुए है। सेवानिवृत होने के बाद प्रति माह नगर में कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर स्थित प्रथमा बैंक (उत्तर प्रदेश बैंक) में अपनी पेंशन के पैसे निकाले आते है। शुक्रवार को प्रति माह की भांति अपने घर से बैंक में पेंशन निकालने के लिए आए थे। जैसे ही बैंक से पैसे निकालकर बाहर निकले तो बदमाश ने पीछे आए शिक्षक की बैग को ब्लैड से काट कर 50 हजार रूपये लूट कर फरार हो गया। शिक्षक ने शोर मचाते हुए पुलिस को सूचना दी। कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर हुई लूट की सूचना पर पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित शिक्षक से लूट की जानकारी की और कोतवाली ले आयी। जबकि पुलिस से बदमाश की तलाश करने



को छोड़कर लूट के शिकार शिक्षको मीडिया और जनता की नजरों से छिपाने में लग गई। पुलिस ने फिर एक नया खेल रचा और पीड़ित को मीडिया की नजरों बचाते हुए पिछले गेट से निकालकर उसके घर हरियावाला चौराहे तक छुडवा दिया। बतादें कि करीब चार दिन पूर्व मदारपुर निवासी रश्मि पत्नी विकास व सोनी पत्नी सचिन के साथ बाइक सवार नकाब पोश बदमाश दिन दहाड़े चांदी की पाजेब , मोबाइल और 300 रूपये की नगदी लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस अभी लूट की घटना का खुलासा करना तो दूर लगता है सुराग भी नही जुटा सकी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार का कहना है मदारपुर लूट में जांच की जा रही है। जल्द ही लूट का खुलासा कर दिया जाएगा। आज शुकव्रार को नगर में शिक्षक के बैग से दिन दहाड़े बेग काट कर 50 हजार रूपये निकाले गए है यह लूट नही है। अभी तक मेरे संज्ञान में यह मामला नही आया है। कोई तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक एक तरह यह बता रहे कि यह लूट नही है क्यों कि जबरन की जाती है न की बैग को काट कर नही और एक तरफ कह रहे है कि उनके संज्ञान में यह मामला नही है।

## 'हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा' भजन पर झूमे श्रद्धालु



**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव जटपुरा में गुरुवार की देर रात बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम जटपुरा के रामलीला मैदान में आयोजित किया गया , जहां दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के दौरान जब कलाकारों ने भजन "हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा" व मतलब कि इस दुनिया से मुझको तो नफरत है । ओ ओ सांवरे, व गजब के खाटू वाले गजब ठाठ निराले भजन गाए तो पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो उठा। श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमने लगे और माहौल पूरी तरह भक्तिमय बन गया। भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकार शुभम तिलकधारी , सोनी सिस्टर, कलाकार गौरव दक्ष मैं एक से एक बढ़कर सुंदर भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालु पूरी रात थिरकते रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद इत्र वर्षा की गई, जिससे पूरा पंडाल सुगंध से महक उठा। कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली भी खेली गई, जिसने उत्सव को और भी रंगीन बना दिया। इस अवसर पर श्याम सेवक समिति के सदस्य वीरेंद्र सिंह, प्रदीप शर्मा ,धर्मवीर सिंह, कपिल कुमार, अनमोल ,रवि कुमार, गोलू शर्मा, शैलेंद्र ,योगेंद्र, गोल्डी ,भूपेंद्र ,बाबूराम, मनोज ,सतीश,कीरत सरदार, गरनदीपआदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एक नजर

### ताहरपुर में बच्चों के पुराने विवाद ने लिया उग्र रूप, दोनों पक्षों के एक दर्जन लोग घायल



**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के ग्राम ताहरपुर में शुक्रवार नमाज के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया। बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले बच्चों के बीच विवाद हुआ था, जिसका निपटारा उसी समय कर दिया गया था। लेकिन शुक्रवार को दोनों पक्षों में फिर लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से मारपीट शुरू हो गई। दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर बिना किसी कारण के हमला करना बता रहे हैं। झड़प में महिलाओं सहित दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर मैनाठेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' का हुआ गायन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के द्वारा राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम'' के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रगौरव और देशभक्ति की भावना के साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत ही नहीं है, बल्कि यह गीत मातृभूमि के प्रति श्रद्धा, त्याग, एकता और समर्पण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने समस्त स्टाफ से कहा कि सभी लोग मिलजुलकर 150 वीं वर्षगांठ को भव्य रूप से मनाएं। वहीं अधिष्ठाता छात्र



कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखा गया यह राष्ट्रीय गीत हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस मौके पर एनएसएस इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि यह गीत स्वतंत्रता सेनानियों के अलावा देश के प्रत्येक नागरिकों के दिलों में अपनी गहरी छाप छोड़ चुका था। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को इस राष्ट्र गीत के प्रति जागरूक करना हम सभी का दायित्व है। डॉ. सिंह ने बताया कि शुक्रवार को आईएफटीएम विश्वविद्यालय की मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रांगण में इस राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित हुआ। राष्ट्रीय गीत ''वंदे मातरम्'' के सामूहिक गायन के इस कार्यक्रम में विश्व. विद्यालय के विभिन्न स्कूलों के निदेशकों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और 100 से अधिक विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् गाया। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा व सभी ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई के सदस्य डॉ. अशोक कुमार ने किया। राष्ट्रीय गीत गायन कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस इकाई के सभी सदस्यों एवं प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों की विशेष भूमिका रही।

### आईएफटीएम में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ साइंसेज के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस 2025' के अवसर पर "एकता में विशिष्टता" थीम पर एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। छात्र-छात्राओं के बीच कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने, इसके कारणों और रोकथाम तथा प्रारंभिक पहचान के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस क्विज प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 105 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ. स्मिता ज्योति, सह संयोजक डॉ. विवेक कुमार एवं आयोजन सचिव डॉ. सूर्य प्रकाश पांडेय समेत डॉ. अंशुल श्रीवास्तव, डॉ. प्रशंसा एवं मिस संध्या शर्मा आदि फैकल्टी मैम्बर्स का विशेष योगदान रहा।

### सर्विस रोड निकालने को लेकर किया भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने प्रदर्शन

**भगतपुर ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** विकास खण्ड भगतपुर के गांव देवीपुरा के पास से निकलने वाले एन एच 734 पर सर्विस रोड न देने पर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गये।जिसकी जानकारी मिलते ही परियोजना निदेशक अरविंद कुमार ने सर्विस रोड निकालने का एक लिखित आश्वासन देकर कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन खत्म में कराया। साथ ही किसानों ने क्षेत्र में धान क्रय



केंद्र न होने पर नाराजगी जताई किसानों की नाराजगी को देखते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी श्री मति विनीता मिश्रा ने धरनास्थल पर पहुंचकर किसानों के बीच बैठ कर धान क्रय केंद्र की मांग को स्वीकार करते हुये जल्द ही धान क्रय केंद्र खुलबाने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। धरनास्थल पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष धनेंद्र शर्मा, ब्लाक प्रभारी विक्की चौधरी, विकास चौधरी, मो अस्लम, जितेंद्र सिंह,मो0 फुरकान,जावेद अंसारी, इरफान अली के साथ हजारों की संख्या में किसान व कई किसान संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### क्रांतिकारी विपिनचंद्र पाल व डॉ. सी. वी. रमन की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में लाल-बाल-पाल तिकड़ी के महान क्रांतिकारी विपिनचंद्र पाल एवं नोबेल पुरस्कार विजेता महान वैज्ञानिक डॉ. सी.वी. रमन की जयंती सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अध्यक्षता वर्षा गर्ग व संचालन ज्योति शर्मा ने किया। मुख्य वक्ता कवि माधव मिश्र ने कहा कि विपिन चंद्र पाल स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारी विचारों के जनक थे और स्वदेशी आंदोलन के प्रणेता रहे। उन्होंने जातिगत भेदभाव के विरोध में समाज सुधारक के रूप में भी मिसाल पेश की। वहीं डॉ. सी. वी. रमन ने 'रमन प्रभाव' की खोज कर विज्ञान जगत में भारत को गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम में राजेश कुमार, रामकिशोर अग्रवाल, गेंदनलाल, हरीसिंह यादव, रजनी वार्ष्णेय, स्वाति गुप्ता, आकाश दीप आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम में पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व. विद्यालय में डॉ. सी.वी. रमन की जयंती के अवसर पर स्कूल ऑफ साइंसेज की ओर से ''विज्ञान ज्योति' थीम पर एक पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. सी.वी. रमन एक महान भारतीय भौतिक विज्ञानी थे, जिनको 'प्रकाश के प्रकीर्णन' पर कार्य के लिए सन् 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला था। उन्होंने यह भी बताया कि डॉ. रमन द्वारा की गई खोज 'रमन प्रभाव' के नाम से जानी जाती है। प्रतियोगिता के दौरान स्कूल ऑफ साइंसेज के 45 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। पोस्टर प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.एससी (जेडबीसी), प्रथम वर्ष की छात्रा गरिमा गुप्ता और फरी नागर ने प्रथम स्थान, बी.एससी (पीसीएम), प्रथम वर्ष की छात्रा अमूल्य ने द्वितीय स्थान तथा बी.एससी (पीसीएम), द्वितीय वर्ष की छात्रा सोनाक्षी आर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं भाषण प्रतियोगिता में एम. एससी (रसायन विज्ञान), प्रथम वर्ष की छात्रा आर्या गुप्ता ने प्रथम स्थान, एम.एससी (गणित), प्रथम वर्ष की छात्रा श्रेया जोशी ने द्वितीय स्थान तथा बी.एससी (पीसीएम), प्रथम वर्ष की छात्रा आद्री सक्सेना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. बी.के. सिंह ने बताया कि प्रतिभागियों को भौतिकी तथा विज्ञान की अन्य विधाओं में किये गये शोध और उल्लेखनीय अनुप्रयोग से अवगत कराने के उद्देश्य से ऐसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बहुत ही प्रेरक और कैरियर उन्मुखी रहा।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कार्यक्रम के संयोजक व भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अतनु नाग, सह संयोजिका डॉ. विधि गोयल, आयोजन सचिव व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रज्ञा पाली तथा गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रिद्धि गर्ग, रसायन विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. संजना



तिवारी के अलावा डॉ. सारिका अरोरा, डॉ. राजन सिंह, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. निधि तिवारी, डॉ. बाल कृष्ण यादव समेत स्कूल के अन्य सभी विभागों के शिक्षक तथा शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से योगदान दिया।

## टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में डिजाइन थिंकिंग: प्रबंधकों के लिए एक मानसिकता विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में एम.बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय डिजाइन थिंकिंग-ए माइंडसेट फॉर मैनेजर्स, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रबंधकीय सोच को एक नए दृष्टिकोण से समझा। इस सत्र की अतिथि वक्ता रहीं डॉ. प्रभा नायर, प्रोफेसर, नोएडा इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा। उन्होंने अपने व्याख्यान में डिजाइन थिंकिंग को केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक मानसिकता बताया जो प्रबंधकों को समस्या समाधान (समस्या को सुलझाना) के लिए सृजनात्मक और नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाने में सहायता करती है। डॉ. नायर ने पाँच प्रमुख चरणोंदृसहानुभूति परिभाषित करें, विचार करें, प्रोटोटाइप, डीजेएसए और टेस्ट की विस्तारपूर्वक व्याख्या करते हुए बताया कि किस प्रकार





प्रबंधक इन चरणों के माध्यम से वास्तविक समस्याओं को समझकर नवीन समाधान तैयार कर सकते हैं। उन्होंने कई व्यावहारिक उदाहरणों और केस स्टडीज के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाया कि आधुनिक कॉर्पोरेट जगत में डिजाइन थिंकिंग की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती जा रही है। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और अपने अनुभव साझा किए। यह सत्र न केवल ज्ञानवर्धक था बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रबंधन क्षेत्र में नवाचार और सृजनशीलता को समझने का एक उत्कृष्ट अवसर भी साबित हुआ। कार्यक्रम का संचालन एम.बी.ए. विभाग के संकाय सदस्यों द्वारा किया गया। अंत में, डॉ. विपिन जैन, डीन, टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट ने सत्र के समापन पर डॉ. प्रभा नायर का हार्दिक आभार व्यक्त किया। समापन उद्बोधन में डॉ. विपिन जैन ने कहा कि डॉ. प्रभा नायर द्वारा प्रस्तुत डिजाइन थिंकिंग पर व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। आज के प्रतिस्पर्धात्मक व्यापारिक वातावरण में, प्रबंधकों को केवल निर्णय लेने वाला नहीं, बल्कि नवाचार सोच रखने वाला समस्या निवारक होना चाहिए। इस तरह के सत्र विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तार्किक सोच और नेतृत्व क्षमता विक. सित करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'स्वच्छता अभियान एवं विशेष सत्र' का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में भारत सरकार के विधिक संस्थान 'राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) के निर्देश के अनुपालन के क्रम में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के शिक्षा विभाग द्वारा 'विशेष अभियान 5.0' के अंतर्गत ''स्वच्छता अभियान एवं विशेष सत्र'' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत को स्वच्छ रखने में युवाओं का विशेष योगदान है। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को स्वच्छता से होने वाले लाभों के बारे में अधिक से अधिक जागरूक किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत सबसे पहले विश्वविद्यालय के केंद्रीय उद्यान में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ मिलकर साफ सफाई की। साथ ही समीपस्थ गांव लोधीपुर राजपूत में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें गांव के गली मोहल्लों में साफ सफाई की गई एवं ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हो और अपने कर्तव्यों को समझे। साथ ही उन्होंने साफ-सफाई रखने के तराकों के बारे में भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर स्कूल के निदेशक व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल 'आर्य' ने स्वच्छता अभियान में शामिल सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्वच्छता से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि



वह स्वयं को और अपने घर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के साथ ही इस बारे में दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। वहीं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने इस अभियान को सफल बताते हुए कहा कि युवा ही इस देश का भविष्य है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में आयोजन सचिव श्री भाग्य भटनागर, श्री सचिन कुमार, श्री भावेश मिश्रा एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के श्री पुलकित शर्मा समेत शिक्षा विभाग के सभी अन्य शिक्षकों और विद्यार्थियों की भी विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्कूलों के कई निदेशक, शिक्षक व बीए- बीएड, बी.एससी.-बीएड, बीएड एवं एमएड के 120 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब अनिवार्य होगी आधार बेस्ड बायोमेट्रिक उपस्थिति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह बंधन में बंधने वाले जोड़ों को अब आधार आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराना अनिवार्य होगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नई व्यवस्था कार्यक्रमों में पारदर्शिता बनाए रखने और धांधली रोकने के उद्देश्य से लागू की गई है। उन्होंने कहा कि सभी पंजीकृत या इच्छुक जोड़े अपने आधार कार्ड अपडेट करा लें। जिनके आधार कार्ड में पुरानी या बाल्यावस्था की फोटो है या जिन्होंने अभी तक बायोमेट्रिक अपडेट नहीं कराया, वे जल्द यह प्रक्रिया पूरी करें ताकि विवाह स्थल पर फेस स्कैनिंग और बायोमेट्रिक सत्यापन में कोई दिक्कत न हो। अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि बायोमेट्रिक सत्यापन मेल नहीं खाता, तो पंजीकरण के बावजूद विवाह प्रक्रिया में समस्या आ सकती है।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र दीपक पुत्र जगदीश सिंह को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं।

भविष्य में दीपक के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**जगदीश सिंह पुत्र होराम सिंह निवासी ग्राम फाजलपुर मुरादाबाद पोस्ट लाकड़ी तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सृष्टि शर्मा पुत्री अमित कुमार था मैंने अपना नाम बदलकर सृष्टि चौहान रख लिया है, तथा मेरे सभी अभिलेखों में मेरा नाम सृष्टि चौहान चला आ रहा है, जोकि सही है। भविष्य में मुझे सृष्टि चौहान के नाम से जाना व पहचान जाए।

**सृष्टि चौहान पुत्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, निवासी नया मुरादाबाद सेक्टर-8 जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन व स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय (बंकिमचन्द्र चटर्जी) द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू के प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञानसिंह, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा विद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं सभी के द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन भी किया गया। सभागार में कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य



अतिथि जिला पंचायत सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञानसिंह द्वारा जिला पंचायत सदस्य तथा अपर जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी का पुष्प देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिला विकास अधिकारी ने वंदे मातरम् गीत के इतिहास के विषय में विस्तार से बताया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीत सांस्कृतिक विरासत की धरोहर है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि वंदे मातरम् गीत राष्ट्रीय जागरण का प्रथम मंत्र था। वैदिक ऋचाओं से प्रेरणा लेकर इस गीत को बनाया गया। वंदे मातरम् गीत ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को ऊर्जा प्रदान की तथा भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभागार में उपस्थित बच्चों से आह्वान किया कि 2047 में देश को विकसित भारत के रूप में बनाने के लिए प्रत्येक मिनट का सदुपयोग करें वंदे मातरम् गीत से प्रेरणा लें देश को आगे बढाने में अपनी भूमिका निभाएं। जिला पंचायत सदस्य अवधेश प्रताप सिंह ने सभी को हार्दिक बधाई दी तथा उन्होंने वंदे मातरम् गीत के इतिहास के विषय में जानकारी दी तथा उपस्थित बच्चों से कहा कि वंदे मातरम् के अन्तर्गत अपनी माता की सेवा करें तथा पृथ्वी माता, भारत माता तथा गंगा माता का विशेष ध्यान रखें। अपर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् गीत आत्म सम्मान एवं आत्म प्रेरणा का भाव है। राष्ट्रीय गीत के माध्यम से आजादी से पहले क्रांतिकारियों में राष्ट्रीय एकता को बल मिला तथा स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के वाद आज राष्ट्रीय एकता का ही बल है कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा वर्ल्ड कप में विजय प्राप्त की। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्रपाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर कविता पाठ कार्यक्रम आयोजित

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज मे प्राचार्या प्रो. चारू मेहरोत्रा के निर्देशन एवं हिन्दी विभाग के तत्वावधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर उनके द्वारा रचित कविताओं का छात्राओं द्वारा पाठ कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्राचार्या प्रो. चारू मेहरोत्रा ने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति का वह नाम है, जिस पर एक दल विशेष नहीं बल्कि समूचा भारत गर्व करता है।छात्राओं ने अटल जी की चुनिंदा कविताओं जैसे – ठन गयी मौत से ठन गयी, कदम मिलाकर चलना होगा, श्गीत नया गाता हूँ।श श्आओ फिर से दिया जलाएँश, क्या खोया क्या पाया जग में, श्गीत नहीं गाता हूँश, आज सिंधु में ज्वार उठा है, मैं आदि पुरुष निर्भयता का वरदान लिए, टूट सकते हैं मगर हम झुक नहीं सकते आदि कविताओं का सस्वर पाठ किया।कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन हिन्दी विभागाध्यक्षा प्रो. सीमा अग्रवाल ने किया तथा आभार अभिव्यक्ति प्रो. सुधा सिंह द्वारा की गयी।मुख्य अनुशासिका प्रो. किरन साहू, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. किरन त्रिपाठी, प्रो. सुदेश, प्रो. करुणा आनंद, प्रो. प्रवीन सैनी, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. शेफाली अग्रवाल आदि की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। संस्कृत प्रवक्ता रोशनी का विशेष सहयोग रहा।

संक्षिप्त खेल समाचार

## आईसीसी बैठक में पहुंचे पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन

**दुबई, वार्ता।** सभी तरह की अटकलों को विराम देते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आज हो रही बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे। एशिया कप में विजेता भारतीय टीम को ट्रॉफी नहीं सौंपने के मुद्दे के बीच आज मो. हसिन नकवी दुबई में स्थिति आईसीसी के मुख्यालय पहुंचे। नकवी हाल ही में आईसीसी बैठक से दूर रहे हैं, जिसमें जुलाई में सिंगापुर में हुई सालाना कॉन्फ्रेंस भी शामिल है। इसलिए इस बार भी उनके आने को लेकर संदेह था। पीसीबी के प्रमुख पर हाल ही में भारत द्वारा जीती गई एशिया कप ट्रॉफी अपने पास रखने का आरोप है। वह आज अपरान्ह आखिरी मिनट में आईसीसी की बैठक में पहुंचे। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक में अनसुलझे मुद्दे पर चर्चा चल रही थी।

## स्पोर्ट्स मिनिस्टर इलेवन ने जीता प्रदर्शनी मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हुए प्रदर्शनी मुकाबले में स्पोर्ट्स मिनिस्टर इलेवन ने हॉकी इंडिया इलेवन को 3-1 से हराया। यहां आयोजित समारोह के दौरान में पुरुष एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। यह टूर्नामेंट 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै शहरों में खेला जाएगा। इस अवसर पर तमिलनाडु के खेल मंत्री उदय निधि मारन, केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया , अंतर्राष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम मौजूद थे।

# ब्रिस्बेन में सीरीज कब्जाने उतरेगा भारत

- **भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने के आसार**



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** शनिवार को गाबा में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने वाला है, जहां भारत 2-1 की मामूली बढ़त के साथ उतरेगा। दांव आसमान छू रहे हैं, और जहां ऑस्ट्रेलिया सीरीज बराबर करने के लिए पूरी ताकत झोंक देगा, वहीं भारत आत्मविश्वास के साथ इस निर्णायक मैच में सीरीज कब्जाने उतरेगा।

ऑस्ट्रेलिया के सामने एक कठिन चुनौती है। ट्रैविस हेड और जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में उनकी आक्रामक क्षमता कमज़ोर पड़ गई है। मिशेल मार्श को मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल के साथ मिलकर भारत के खिलाफ आक्रमण की कमान संभालनी होगी। गेंदबाज़ी में, नाथन एलिस और एडम जम्पा पर भारत की मजबूत लाइन. अप को ध्वस्त करने की ज़िम्मेदारी होगी। गाबा में यह एक जानी-पहचानी कहानी है। घरेलू मैदान का फायदा मायने रखता है, लेकिन भारत इस दौरे में किसी भी तरह का समझौता नहीं कर रहा है। इस बीच, भारत लय में है। अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है, जबकि शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव क्रीज पर संयम बनाए हुए हैं। वाशिगटन सुंदर और जितेश शर्मा जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज जरूरत पड़ने पर अपनी रणनीति बदल सकते हैं। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह अगुआ बने हुए हैं और किसी भी साझेदारी को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। इतिहास बताता है कि गाबा लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के पक्ष में है। पिछले पांच घरेलू टी-20 मुक. ाबलों में सभी मैच बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम के नाम रहे हैं, और 180-190 के प्रतिस्पर्धी स्कोर के साथ, टॉस निर्णायक हो सकता है। खासकर जब बादल छाए हों और गरज के साथ बारिश हो सकती हो। उम्मीद है कि कप्तान नई गेंद का इस्तेमाल करेंगे। अगर भारत पावरप्ले में अपनी क्षमता साबित कर सके और ऑस्ट्रेलियाई टीम को बैकफुट पर रख सके, तो उसके पास सीरीज़ 3-1 से अपने नाम करने का अच्छा मौका है। ऑस्ट्रेलिया को मैच में बने रहने के लिए शुरुआती सफलताओं और मार्श तथा डेविड के दमदार योगदान की जरूरत होगी। दोनों टीमें जीत की भूखी हैं, ऐसे में प्रशंसक ब्रिस्बेन की रोशनी में एक रोमांचक टी-20 मैच की उम्मीद कर सकते हैं।

**भारत:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, वाशिगटन सुंदर, जितेश शर्मा, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, रिकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षित ।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श, मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंगलिस, टिम डेविड, जोश फिलिप, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वार्शुइस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, एडम जम्पा, मिशेल ओवेन, मैथ्यू कुहनेमन, तनवीर संघा, महली बियर्डमैन।



# दीप्ति के इस्तकबाल के लिए ताज नगरी पलक पांवड़े बिछा कर तैयार

- **दीप्ति शर्मा आगरा के अवधपुरी की रहने वाली है वह अब अपने घर आने वाली हैं**

**आगरा, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑल राउंडर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा के स्वागत के लिए घर में तैयारियां बहुत जोर शोर से चल रहीं हैं। दीप्ति के परिजन ने बताया कि शुक्रवार सुबह से ही घर को संवारने और सजाने का काम शुरू हो गया है। दीप्ति शर्मा आगरा के अवधपुरी की रहने वाली हैं।

वह अब घर आने वालीं हैं लिहाजा परिजन बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दीपावली पर घर की रंगाई पुताई नहीं हुई थी लेकिन दीप्ति के आगमन पर घर का रंग रोगन और सजाया जा रहा है। घर के आसपास भी सफाई की जा रही है यानी दीप्ति घर आएगी तो आलीशान स्वागत किया जाएगा।

दीप्ति शर्मा आगरा कब आयेगीं ये अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है लेकिन आगरा शहर में अलग अलग संगठनों ने स्वागत में अभी से होर्डिंग लगाने शुरू कर दिए हैं। कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बताया है कि शहर के कई हिस्सों में दीप्ति का स्वागत किया जाएगा। महिला विश्व के फाइनल में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को करारी शिकस्त दी थी।

# टी-20 विश्व कप के लिए वेन्यू तय

- **भारत में पांच और श्रीलंका में तीन स्थानों पर होंगे मुकाबले**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए आईसीसी ने अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोल. काता को भारत के पांच वेन्यू के तौर पर तय किया है।

कैंडी और कोलंबो श्रींलका के तीन में से दो वेन्यू होंगे जबकि एक अन्य वेन्यू अभी तय नहीं किया गया है। यह टूर्नामेंट संभावित तौर पर 7 फरवरी से शुरू होगा जबकि इसका फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद में खेला जा सकता है। टूर्नामेंट शुरू होने में अब तीन महीनों का समय बचा है और आईसीसी अगले हफ्ते तक इसका कार्यक्रम जारी कर सकता है। बीसीसीआई और पीसीबी के बीच पहले से तय समझौते के आधार पर पाकिस्तान अभी सभी मुक़ाबले श्रीलंका में खेलेगा। अगर पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल श्रीलंका में खेला जाएगा। टी-20 विश्व कप पिछले संस्करण की तर्ज पर ही खेला जाएगा और सभी टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में विभाजित किया जाएगा, जिसमें हर टीम अपने ग्रुप की हर दूसरी टीम के खिलाफ एक मुक़ाबला खेलेगी।

हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर-8 में प्रवेश करेंगी जिसमें टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में विभाजित किया जाएगा। सुपर-8 में दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी और दोनों सेमीफाइनल के विजेता फाइनल खेलेंगे।

# भारत ने हांगकांग सिक्सर्स में पाक को हराया

- **रॉबिन उथप्पा 28, भरत चिप्ली 24 की शानदार पारी के दम पर भारत ने पूल सी में डीएलएस से पाक को रौंदा**



**हांगकांग, वार्ता।** रॉबिन उथप्पा (28), भरत चिप्ली (24 की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को हांगकांग सिक्सर्स टूर्नामेंट 2025 के पूल सी के वर्षा बाधित मुक. ाबले में डकवर्थ-लुईस पद्धति से पाकिस्तान को दो रनों से शिकस्त दी।

यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में चार विकेट पर 86 रन बनाए, जिसमें रॉबिन उथप्पा के 11 गेंदों में 28 रन और भरत चिप्ली के 13 गेंदों में 24 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा कप्तान दिनेश कार्तिक ने छह गेंदों में नाबाद 17 रन बनाकर भारत को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। वर्षा बाधित इस मैच में, भारत ने धैर्य बनाए रखते हुए करीबी जीत हासिल की। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद शहजाद ने दो विकेट लिये। अब्दुल समद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

पाकिस्तान की पारी की शुरुआत अच्छी रही और तीन ओवर के बाद जब उसका स्कोर एक विकेट पर 41 रन था, तभी भारी बारिश के कारण खेल रो. कना पड़ा। उसके बाद खेल नहीं हो सका और डीएलएस पद्धति के अनुसार पाकिस्तान को दो रन हार का सामना करना पड़ा। स्टुअर्ट बिन्नी की कसी हुई गें. दबाजी, जिसमें उन्होंने सिर्फ सात रन दिए और एक विकेट लिया। इस बीच, पूल बी में, ऑस्ट्रेलिया ने यूएई को 10 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने विस्फोटक बल्लेबाज का प्रदर्शन करते हुए मात्र तीन ओवर में 88 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

जैक वुड ने 11 गेंदों में 55 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि निक हॉब्सन सिर्फ पांच गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने पूल ए में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दक्षिण अफ्रीका पर 49 रन की शानदार जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट में उनकी दूसरी जीत थी। कप्तान गुलबदीन नैब ने 12 गेंदों में 50 रन बनाए, जबकि करीम जनत ने 11 गेंदों में 46 रन जोड़े, जिससे अफगानिस्तान ने छह ओवर में छह ओवरो में 148 रन बनाए। जवाब में, दक्षिण अफ्रीका की टीम दो विकेट पर 99 रन ही बना सकी और मुक. ाबला हार गई। पूल डी में, बांग्लादेश ने श्रीलंका पर 14 रन से जीत दर्ज की। कप्तान अकबर अली ने नौ गेंदों में 32 रन बनाए।

# गॉफ को हराकर सबालेंका सेमीफाइनल में



- **सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के स्टेफीग्राफ ग्रुप में क्लीन स्वीप किया**

**रियाद, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को गत विजेता अमेरिका की कोको गॉफ को 7-6 (5), 6-2 से हराकर 2025 डब्ल्यूटीए फाइनल्स के स्टेफी ग्राफ ग्रुप में क्लीन स्वीप किया और ग्रुप विजेता के रूप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने आमने-सामने के मुक़ाबले में 6-5 की बढ़त बनाए रखी थी और इस साल के फ्रेंच ओपन फाइनल में अपनी पिछली भिड़ंत तीन सेटों में जीती थी, लेकिन सबालेंका ने शुरुआती सेट में शानदार प्रदर्शन और दूसरे सेट में दबदबे के साथ इस रुझान को पलट दिया।

पहला सेट उतार-चढ़ाव भरा रहा। गॉफ ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी, सबालेंका ने चौथे गेम में वापसी की लेकिन गॉफ ने फिर से बढ़त बना ली। 4-5 से पिछड़ने के बाद, सबालें. का ने सर्विस तोड़कर बराबरी हासिल की और गॉफ को टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया। टाईब्रेकर में, सबालेंका ने 2-4 से लगातार चार अंक जीते और अपना दूसरा सेट आसानी से जीता। दूसरे सेट में गॉफ की गलतियां बढ़ने के साथ उनका स्तर गिर गया, जबकि सबालेंका ने 4-0 की बढ़त बना ली और मैच 6-2 से जीतकर लगातार तीसरी ग्रुप जीत हासिल की, जिससे दोनों के बीच का स्कोर 6-6 से बराबर हो गया। पहले सेट के बारे में बताते हुए, सबालें. का ने कहा कि सच कहूं तो, मैं दूसरे सेट के लिए पहले से ही मेहनत कर रही थी। कुछ हुआ और मैं ब्रेक हासिल करने में कामयाब रही। उस गेम ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया कि मैं इस सेट में भी जीत हासिल कर सकती हूं। और हां, लगातार सेट जीतकर मैं बहुत खुश हूं। गुरुवार को ग्रुप के दूसरे मैच में, पांचवीं वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमे. रिका की जेसिका पेगुला ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 6-3 से हराकर दूसरा सेमीफाइनल स्थान हासिल किया। शुक्रवार के सेमीफाइनल में, पेगुला का सामना कज़ाकिस्तान की एलेना रयबा. कना से होगा, जो सेरेना विलियम्स ग्रुप विजेता हैं, जबकि सबालेंका का सामना अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से होगा। अंगोला के खिलाफ मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे मेसी ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेसी 14 नवम्बर को लुआंडा में अंगोला के खिलाफ होने वाले मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे। मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें तीन नए खिलाड़ी शामिल हैं। बेनफिका के विगर जियानलुका, स्ट्रासबर्ग के फॉरवर्ड जोआक्विन और कोमो के मिडफील्डर मैक्सिमो पेरोन दक्षिण अमेरिकी चैंपियन के लिए चुने गए।

# विदित गुजराती ने फॉस्टिनो ओरो की उम्मीदें तोड़ी

- **प्रणव वी और प्रणेश एम भी रैपिड गेम के पहले सेट में जीतकर तीसरे दौर पहुंचे**

**पणजी।** भारत के ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने गुरुवार को दूसरे रैपिड गेम में अर्जेंटीना के वंडर किड फॉस्टिनो ओरो के डिफेंस को भेदने में कामयाबी हासिल की, जबकि प्रणव वी और प्रणेश एम ने भी रैपिड गेम के पहले सेट में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

विदित पर 12 वर्षीय ओरो ने दो क्लासिकल गेम में दबाव बनाया था, लेकिन गुरुवार को 31 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए काले मोहरों से खेले गए दूसरे रैपिड गेम में 52 चालों में जीत हासिल की। प्रणव ने नॉर्वे के आर्यन तारी को हराया, जबकि प्रणेश ने जर्मनी के दिमित्रिज कोलार्स को हराकर खुद की अगले दौर में विश्व चैंपियन गुकेश डी, अर्जुन एरिगासी, पी हरिकृष्णा, कार्तिक वेंकटरमण और दिप्तायन घोष जैसे खिलाड़ियों की कतार में शामिल कर लिया है। प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी को हराने के बाद की भावना के बारे में बात करते हुए विदित ने स्वीकार किया कि इस युवा खिलाड़ी के खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्ण था क्योंकि दबाव उन पर था। उन्होंने आगे कहा कि अगले दौर के लिए क्वालीफाई करके अच्छा लग रहा है। यह कोई आसान मैच नहीं था, इसलिए और भी अच्छा लग रहा है। विदित का सामना अब अमेरिका के सैम शैंकलैंड से होगा, जिन्होंने दूसरे दौर में ग्रैंडमास्टर वासिल इवानचुक को हराया था। दूसरे बोर्ड पर, विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव ने बुधवार को दूसरे क्लासिकल गेम में मिली हार को पीछे छोड़ते हुए रूक-पॉन के अंत में पहला रैपिड गेम 44 चालों में जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरे गेम में नॉर्वे के खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोककर आगे बढ़ने का मौका बनाया। प्रणव ने कहा कि आज मैंने बस अपना स्वाभाविक खेल खेलने की कोशिश की और पिछले दो गेमों के बारे में नहीं सोचा और मेरी तैयारियां कामयाब रहीं। अब प्रणव का सामना लिथुआनिया के टिटास स्ट्रेमाविसियस से होगा, जिन्होंने दूसरे राउंड में वेस्ली सो को हराया। प्रणेश और कोलार्स के बीच हुए मैच में, भारतीय खिलाड़ी ने काले मोहरों से खेलते हुए दूसरे रैपिड गेम में 24वीं चाल में बढ़त हासिल की और फिर लगातार बढ़त बनाते हुए 48 चालों में जीत हासिल की। अब उनका सामना जर्मन ग्रैंडमास्टर विसेंट कीमर से होगा। आर प्रज्ञानंदधा ने विश्व सर्किट पर अपने एक खतरनाक प्रतिद्वंद्वी होने का परिचय देते हुए दूसरे दौर के टाईब्रेक में तेमुर को हराकर शानदार जीत हासिल की।

## उपराष्ट्रपति ने पैरा खिलाड़ी श्रीमंत झा को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक खिलाड़ी श्रीमंत झा को हाल ही में जर्मनी ओपन पैरा आर्मरेसलिग कप में स्वर्ण पदक जीतने की उपलब्धि पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति ने झा की खेल भावना, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें देश का गौरव बताया। श्रीमंत झा अब तक 58 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। वे वर्तमान में विश्व रैंकिग में तीसरे स्थान तथा एशिया रैंकिग में प्रथम स्थान पर हैं। इस अवसर पर श्रीमंत झा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणाोत है और वे हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित होने वाली आगामी वर्ल्ड पैरा आर्मरेसलिग कप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूर्ण समर्पण से तैयारी कर रहे हैं।

# जहानारा ने चौंकाने वाले आरोपों पर बीसीबी ने बिठाई जांच

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज जहानारा आलम द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए एक कमेटी गठित करने का फैसला किया है। जहानारा ने यह आरोप लगाया है कि 2022 वनडे विश्व कप के दौरान एक पूर्व चयनकर्ता का बर्ताव उनके साथ ठीक नहीं था। बोर्ड ने समिति को यह स्पष्ट आदेश दिया है कि वह 15 कार्यदिवसों के अंदर अपनी पूरी जांच रिपोर्ट और सुझाव सौंप दे। बीसीबी ने कहा है कि जांच कमिटी के रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। बीसीबी ने अपने बयान में कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) मीडिया में आई उन रिपोर्ट्स को लेकर चिंतित है, जिसमें बांग्लादेश महिला टीम की एक पूर्व सदस्य ने टीम से जुड़े कुछ व्यक्तियों पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है। मामला संवेदनशील होने के कारण, बीसीबी ने आरोपों की गहराई से जांच के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है। समिति 15 कार्यदिवसों के भीतर अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें सौंपेगी। बीसीबी सभी खिलाड़ियों और स्टाफ के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और पेशेवर माहौल बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बोर्ड इस तरह के मामलों को पूरी गंभीरता से लेता है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कदम उठाएगा। जहानारा अब ऑस्ट्रेलिया में रहती हैं। उन्होंने पत्रकार रियासद अज़ीम को दिए गए एक साक्षात्कार में एक पूर्व चयनकर्ता के बारे में कई बातें बताई।

# हॉकी ने भारत को ओलंपिक में खास जगह दिलाई: मनसुख मांडविया



**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को हॉकी के शताब्दी समारोह में कहा कि ओलंपिक में हॉकी के जरिए ही हमने दुनिया को दिखाया कि भारत खेलों में क्या हासिल कर सकता है। यहां भारतीय खेल प्राधिकरण और हॉकी इंडिया ने ऐतिहासिक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में एक भव्य शताब्दी समारोह के साथ भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर डा. मांडविया ने इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इस खेल ने कई दौर देखे हैं, और ओलंपिक में हॉकी के जरिए ही हमने दुनिया को दिखाया कि भारत खेलों में क्या हासिल कर सकता है। तब से हमने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारतीय हॉकी एक बार फिर से आगे बढ़ रही है और एक और ओलंपिक पदक की ओर बढ़ रही है। आज जब देश भर में एक हजार से अधिक मैच खेले जा रहे हैं, तो पूरा भारत इस गौरवपूर्ण पल का जश्न मना रहा है। भारत सरकार हमारे खिलाड़ियों और खेल को हर संभव तरीके से सपोर्ट करती रहेगी। मैं हॉकी इंडिया, खिलाड़ियों, कोचों और फैंस को इस शानदार सफर का हिस्सा बनने के लिए बधाई देता हूं। संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि इस खास मौके पर मैं खेल के दिग्गजों के बीच खड़ा हूं। भारतीय हॉकी के लिए यह एक लंबा और प्रेरणादायक सफर रहा है। मैं हॉकी इंडिया को हमारे महान खिलाड़ियों के साथ-साथ मौजूदा सितारों को सम्मानित करने, हमारे समृद्ध इतिहास को हमारे उज्ज्वल भविष्य के साथ जोड़ने के लिए बधाई देता हूं। इस अविश्वसनीय सफर का हिस्सा रहे सभी लोगों को बधाई। एफआईएच के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम ने कहा कि भारतीय हॉकी के लिए इस ऐतिहासिक मील के पत्थर का हिस्सा बनना खुशी की बात है। आज हम अपने दिग्गजों, खिलाड़ियों, फैंस और प्रशासकों का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस सफर को आकार दिया है। भारत ने 100 साल के लचीलेपन और इनोवेशन के जरिए विश्व हॉकी में नेतृत्व किया है। मैं भारत सरकार और हॉकी इंडिया को उनके लगातार सपोर्ट के लिए धन्यवाद देता हूं। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की वापसी उसकी ताकत दिखाती है, और मुझे विश्वास है कि अगले 100 साल भारतीय हॉकी के लिए और भी शानदार होंगे। इस खास मौके पर केंद्रीय खेल मंत्री,मांडविया, खेल राज्यमंत्री रक्षा, संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू आदि रहे।

# दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

**फैसलाबाद।** नांद्रे बर्गर (चार विकेट) और एन पीटर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद क्विटन डी कॉक (नाबाद 123) रनों शतकीय और टोनी डीजॉर्जी (76) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मैच में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। क्विटन डी कॉक को उनकी शानदार शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 269 का स्कोर बनाया। पाकिस्तान की शुरुआत खबरा रही और उसने पांच ओवर में 22 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद आगा सलमान ने सैम अयूब के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। 25वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने सैम अयूब (53) को आउटकर पाकिस्तान को पांचवां झटका दिया। इसके हुसैन तलत 11 रन को एन पीटर ने आउट किया। मोहम्मद नवाज ने आगा सलमान के साथ 59 रन जोड़े। 41वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने ने आगा सलमान (69) को आउट किया। फहीम अशरफ (28) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तान का नौवां विकेट 50वें ओवर की पांचवीं गेद पर हसन नवाज के रूप में गिरा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की हुई मासिक समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति के अधिकारियों के साथ मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिले में तैनात की गई नवचयनित मुख्य सेविकाओं ने भी बैठक में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने नवनियुक्त मुख्य सेविकाओं से बातचीत की और विभाग द्वारा स्वास्थ्य और सुपोषण की दिशा में संचालित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी साथ ही जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि वे इन सभी मुख्य सेविकाओं को प्रशिक्षण दिलाएं और आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित होने वाली गति. विधियों को अधिक प्रभावी ढंग से लागू कराने में सक्षम बनाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) के प्रति विशेष कार्य किए जाने की आवश्यकता है। इसमें नवचयनित मुख्य सेविकाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी मासिक रूप से पीटीएम (पेरेंट्स टीचर मीटिंग) का आयोजन होना चाहिए और इस दौरान अभिभावकों को बच्चे के स्वास्थ्य, सुपोषण और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जाए ताकि बच्चों की बेहतर देखभाल और प्रारंभिक शिक्षा में अभिभावकों की जिम्मेदारी के प्रति उन्हें जागरूक बनाया जा सके। जिले में प्रस्तावित 11 आंगनवाड़ी केंद्र भवनों का



निर्माण कार्य शुरू न होने के कारणों के बारे में उन्होंने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण से जानकारी ली और निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर कार्य शुरू कराना सुनिश्चित करें। पोषण पुनर्वास केंद्र पर अति गंभीर कुपोषित बच्चों के भर्ती होने की मासिक रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि यह बच्चों को कुपोषण के कुचक्र से बाहर निकालने के लिए सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई है इसलिए स्वास्थ्य एवं आईसीडीएस के विभागीय अधिकारी गंभीरता दिखाते हुए अधिकतम बच्चों को स्वास्थ्य लाभ दिलवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी भी मौजूद रहीं।

# सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए विभाग सजग बिना रिफ्लेक्टर वाले वाहनों को केन यॉर्ड में नहीं दिया जाए प्रवेश: उप गन्ना आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वार्ता के दौरान उप उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद श्री हरपाल सिंह ने बताया कि चालू पेराई सत्र 2025-26 हेतु विभाग सड़क दुर्घटना से जन सामान्य को होने असुविधा को रोकने के लिये पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि वर्तमान मे मौसम मे परिवर्तन होने व ठंड बढने से कोहरा आने के कारण कम दृश्यता होने पर दुर्धटनाओं की सम्भावना बढ जाती है जिनसे बचाव के दृष्टिगत विभाग द्वारा सभी गन्ना ढुलाई वाहनों अनिवार्य रूप रिफ्लेक्टर लगवाये जाने का कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम मे आज धामपुर शुगर मिल में पैराई सत्र के शुभारंभ के अवसर पर उप गन्ना आयुक्त एंव विभागीय निर्देशों के अनुपालन में जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर व मिल अधिकारियों के द्वारा सभी गन्ना लदे वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाने का अभियान की भी शुरुआत की गई जिससे कि सभी किसान भाई व आम जनता को दुर्घटना से बचाया जा सके। उप गन्ना आयुक्त द्वारा बताया गया कि यह अभियान पैराई सत्र के दौरान भी निरन्तर चलता रहेगा। इस सम्बन्ध मे चीनी मिल धामपुर के प्रबंधतंत्र ने यह अश्वासन भी दिया कि किसी भी गन्ना ढुलाई वाहन को बिना रिफ्लेक्टर के केन यॉर्ड में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

उन्होने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वह यातायात के नियमों का पालन करें जिसे स्वयं भी सुरक्षित रहे और आम जनता भी सुरक्षित रहे। उप गन्ना आयुक्त ने जनसुरक्षा के लिये चीनी मिलों से सभी किसानों एवं, वाहन चालकों को निशुल्क रिफ्लेक्टर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये।

## एक नजर

### प्राविधिक स्वयंसेवकों ने दी लोक अदालत एवं अन्य योजनाओं जानकारी



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** तहसील क्षेत्र के गांव मुडिघ्या राजा में ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राविधिक स्वयंसेवक अदनान हुसैन और रिंकी द्वारा ग्रामीणों को 13 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर लगने वाली लोक अदालत की विस्तार से जानकारी दी गई और समझाया गया कि कौन-कौन से विवाद उसमें निपटाए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत द्वारा निपटाये गये विवाद की कहीं अपील नहीं होती है वह अंतिम रूप से निपटा दिया जाता है इससे लोगों को बहुत राहत मिलती है उन्होंने बताया एक वर्ष में चार लोक अदालतें लगाई जाती हैं पिछली लोक अदालत में 1000 से अधिक विवादों का निस्तारण कराया गया था इसके अलावा बताया कि बीएलओ से गणना प्रपत्र प्राप्त कर अपना ताजा फोटो लगाएं और जरूरी जानकारी भरकर वापस दें। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, दिव्यांग कौशल विकास, दिव्यांग रोजगार सेतु योजना के बारे में भी विस्तार से जानक. ारी दी। इस अवसर पर चौधरी हरपाल सिंह, ग्राम प्रधान मुनाजरा बेगम, शमशाद हुसैन, अतर सिंह, विक्रम कुमार,हेतराम सिंह, बादाम सिंह सागर, हरवीर सिंह, सत्येंद्र सिंह, रामकिशोर,ओमवीर सिंह, केदार सिंह, जितेंद्र प्रेमी, शिव सिंह भारती, दीपचंद भारती आदि मौजूद रहे।

### कोतवाली समेत कई जगह हुआ वंदे मातरम का गायन



**बिलारी।** देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के 150 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में स्कूल कॉलेज एवं सरकारी दफ्तर में राष्ट्रगीत का गायन किया गया। कोतवाली प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन कराया। प्रभारी निरीक्षक ने राष्ट्रगीत के बारे में स्टाफ को विस्तार से जानकारी दी।

### धान खरीदारी न होने से नाराज किसानों ने धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने बिलारी की गन्ना समिति स्थित धान क्रय केंद्र पर धान की खरीदारी न होने व केंद्र प्रभारी के व्यवहार को लेकर नाराज होकर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। इसको लेकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन दिया गया। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने ज्ञापन देकर कहा कि किसानों ने धान को मेहनत के साथ उगाया, अब वह उसे सस्ते में बेचने को मजबूर है। गन्ना समिति स्थित धान के लिए केंद्र के इंचार्ज विजय राज ने धान खरीदने से मना कर दिया और उनका व्यवहार किसानों के प्रति अच्छा नहीं है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि धान खरीद टोल शुरू नहीं कराई गई तो किसान यूनियन 12 नवंबर से गन्ना समिति पर धरना प्रदर्शन करेगा। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश सचिव उदय पाल सिंह,युवा जिला अध्यक्ष अंकुर चौधरी, शिवम राघव, मंडल उपाध्यक्ष सूरज सिंह, रमाकांत सैनी, तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, ब्लाक महासचिव सूरजपाल यादव, गंभीर सिंह, सोनू सिंह, मनोज कुमार, बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष मनवीर सिंह,आदित्य चौधरी, शिवम राघव आदि सहित भारी तादाद में किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### गोविंद महाविद्यालय, तेवरखास में वंदे मातरम के 150 वर्ष पर गोष्ठी आयोजित

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** श्री गोविन्द महाविद्यालय तेवरखास में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य, डॉ सी डी शुक्ला ने कहा कि ष्वंदे मातरम् गीत की रचना 1870 के दशक में हुई थी। ये गीत बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा संस्कृत में रचित था। यह गीत लोगों को स्वतंत्रता संग्राम में कूदने के लिए प्रेरित करने का स्त्रोत बना।इस गीत को जन गण मन के बराबर दर्जा प्राप्त है। 1896 में वंदे मातरम पहली बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था। 1905 में कलकत्ता में वंदे मातरम संप्रदाय की स्थापना हुई, जो मातृभूमि को पूजा के रूप में मानता था। लोग हर रविवार को वंदे मातरम गाते हुए प्रभात फेरी निकालते, 1906 में विपिन चंद्र पाल और अरविंदो के संपादन में वंदे मातरम अखबार शुरू हुआ। जिसमें देश में आत्मनिर्भरता, एकता और स्वतंत्रता की भावना जगाई। वंदे मातरम ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ भारतीय एकता की पहचान बन गया। ब्रिटिश सरकार ने स्कूलों में इसे गाने पर रोक लगाई और छात्रों को दंड भी दिया गया पर गीत की गूंज नहीं रुकी। यह स्वदेशी आंदोलन पूरे देश में फैल गया। इससे अंग्रेजों की नींद उड़ गई थी, क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत क्रांतिकारियों की शक्ति और उत्साह का प्रतीक बन गया। इस अवसर पर डॉ फिरोज खान, डॉ सूरज सिंह, डॉ सुमन लता, डॉ संदीप कुमार , हरवीर सिंह, जुबैर आलम, मधुकांत वशिष्ठ, सुमित श्रीवास्तव, नरेन्द्र सिंह, एम पी सिंह, जयकिशन आदि का सहयोग रहा। गोष्ठी का संचालन डॉ फिरोज खान ने किया।

### विवेचक बदलने की मांग को लेकर पीड़िता ने सीओ सिविल लाइंस को सौंपा प्रार्थना पत्र



**मुरादाबाद।** जनपद के भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर भगवंतपुर निवासी महिला शाहीन पुत्री इसरार ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। शाहीन ने सीओ सिविल लाइंस कार्यालय पहुंचकर एक प्रार्थना पत्र देकर विवेचक बदलने की गुहार लगाई। पीड़िता का कहना है कि उसने कुछ समय पूर्व महिला थाने में अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और मान. सिक प्रताड़ना के आरोपों में मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन, लंबे समय बीत जाने के बावजूद विवेचक द्वारा मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। शाहीन का आरोप है कि विवेचक मामले को जानबूझकर टाल रहे हैं, और आरोपियों के पक्ष में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।महिला ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार थाने जाकर मामले की जानकारी लेने के बावजूद उसे केवल आश्वासन ही दिया गया, लेकिन न तो आरोपियों से पूछताछ की गई और न ही कोई गिरफ्तारी हुई। इससे नाराज होकर शाहीन ने अब विवेचना किसी अन्य अधिकारी से कराए जाने की मांग की है।सीओ सिविल लाइंस कार्यालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि यदि निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वह उच्चाधिकारियों से शिकायत करने को मजबूर होगी।वहीं सीओ ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन पीड़िता को दिया है।

# शीघ्र बनेंगे पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड : मयंकेश्वर शरण सिंह

## यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन सम्पन्न, मंत्री दिनेश प्रताप ने दूरभाष पर व्यक्त किए विचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रदेश के संसदीय कार्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने आश्वस्त किया कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान लिए सरकार गंभीर है और वह स्वयं पेंशन समेत आयुष्मान कार्ड और अन्य मुद्दे जो यहां उन्हें ज्ञापन के रूप में सौंपे गए हैं इस पर मुख्यमंत्री से बात करके समाधान का करने का प्रयास करेंगे। सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद जान तुर्की ने बताया कि सम्मेलन को प्रदेश के संसदीय कार्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने अतिथि के रूप में संबोधित किया । प्रदेश के संसदीय कार्य एवं चिकित्सा स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि जिन जनपदों में पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनने में कोई समस्या आ रही है तो उसका निराकरण शीघ्र कराया जाएगा राज्य मंत्री श्री सिंह मुख्य अतिथि के रुप में आज अयोध्या में जानकी महल ट्रस्ट स्थित सभागार में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आबादी के दृष्टिकोण से देश का सबसे बड़ा राज्य है और यहां समस्याएं और चुनौतियां भी उसी के अनुरूप हैं उन्होंने कहा कि चिकित्सा स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने व्यापक सुधार किए हैं। गंभीर बीमारियों के उपचार ऑपरेशन समेत अन्य चिकित्सीय सुविधा व्यापक पैमाने पर जनता को मिल रही हैं। 81 जनपदों में मेडिकल कॉलेज संचालित हो चुके है। राज्य मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जिन जनपदों में पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनने में दिक्कत आ रही है उसका त्वरित समाधान कराया जाएगा इस अवसर पर अयोध्या में मान्यता प्राप्त पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड न बनने की समस्या का उल्लेख किया गया जिस पर उन्होंने तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि इस समस्या का समाधान तुरंत किया जाए। कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह इस अधिवेशन में शामिल नहीं हो सके। बिहार में गृहमंत्री की चुनावी सभा के समापन के बाद उन्होंने बिहार की जमुई विधान सभा क्षेत्र से दूरभाष पर यूनियन के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों के प्रति उनका विशेष लगाव रहा है। मीडिया लोकतंत्र का चौथा खंभा है और देश की आजादी से लेकर वर्तमान समय में समाज निर्माण और जनहित के मुद्दों को उठाने में मीडिया ने अपनी भूमिका का बखूबी निर्वहन



किया है । सही अर्थों में समाज और सरकार के बीच में मीडिया पुल का काम करती है और मीडिया कर्मी कितना विपरीत परिस्थितियों में जाकर जनहित की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाते हैं। उन्हें इसका एहसास है।स्वतंत्र प्रभार मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मीडिया कर्मियों के सहयोग के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं और इस सम्मेलन में वह व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो पाए लेकिन आगे कभी भी इस तरह के सम्मेलन होंगे तो वह जरूर मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार में चुनाव के मद्देनजर मंत्री दिनेश प्रताप सिंह जमुई विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी बनाए गए हैं और आज केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की वहां चुनावी सभा के चलते वह यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के अयोध्या में हो रहे प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल नहीं हो सके। प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव संपत राय ने कहा कि संगठन के अध्यक्ष स्व. के विक्रम राव को नमन किया। भाषाई पत्रकारिता पर जोर दिया। कहा कि सरकार की योजनाएं आमजन तक पहुंचाने, व स्थानीय समस्या को सरकार तक पहुंचाने का कार्य भाषाई अखबार के सकते है। उन्होंने के विक्रम राव के कार्यों की प्रशंसा की। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकारों के बीच अपने को पाकर व स्वयं सौभाग्यशाली समझते हैं उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं और समाज को समझना है तो वह पत्रकार भाइयों को अपना मित्र बना लीजिए । श्री चौहान ने कहा कि वह पत्रकार भाइयों को अपना मित्र समझते हैं और इसी भाव में उनके हर सम्मेलन में शामिल होते रहे हैं। सीतापुर लखनऊ विधान परिषद क्षेत्र से एमएलसी श्री चौहान ने सम्मेलन में यह भी घोषणा की है कि पत्रकार मित्र जब भी प्रसिद्ध तीर्थ स्थल नैमिषारण्य में अपना राष्ट्रीय सम्मेलन करना चाहेंगे । वह हर तरह से मदद करेंगे और उनकी कोशिश होगी कि पत्रकारों के संगठन का देश का सबसे बड़ा सम्मेलन नैमिष तीर्थ स्थल पर हो। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने पत्रकारों की पेंशन ,चिकित्सा सुविधा, आयुष्मान योजना और कोविड काल में दिवंगत हुए पत्रकारों के आश्रितों को दी जाने वाली आर्थिक मदद समेत 8 सूत्रीय मांगो का उल्लेख करते हुए सरकार से कहा है कि इन मुद्दों पर सरकार उदारता पूर्वक निर्णय ले। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश महामंत्री देवराज सिंह ने महासचिव की रपट का उल्लेख किया और लखनऊ। मंडल के अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने उपस्थित सभी महानुभाव और प्रदेश के कोने-कोने से बड़ी संख्या में आए यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यों का से स्वागत किया। इस सम्मेलन में अयोध्या गोसाईगंज के विधायक अभय सिंह, इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय सचिव विश्वदेव राव अयोध्या के पूर्व सांसद निर्मल खत्री आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय सचिव रजत मिश्र हरिकृष्ण अरोड़ा रईस शेख नासिर पाशा इश्तियाक, सुमनन गुप्ता, विजय त्रिपाठी,अविनाश शुक्ला,अनिल त्रिपाठी, पवन पांडेय, मुकुल मिश्रा, महिमा तिवारी,नीलम सिंह समेत बड़ी संख्या में पत्रकार साथी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर मुरादाबाद में पुलिसकर्मियों ने गाया वंदे मातरम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलेभर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर के कार्यालय परिसर में 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने की। उन्होंने बताया कि बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित यह गीत देशवा. सियों के लिए राष्ट्रीय गौरव और एकता का प्रतीक है। पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रगौरव, एकता और अखंडता के संकल्प को दोहराया।इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वंदे मातरम् के 150 वर्ष' पर दिए गए संबोधन का सीधा प्रसारण भी उत्साहपूर्वक देखा गया। सभी ने इस अवसर को राष्ट्रप्रेम और एकता का प्रतीक बताया तथा वंदे मातरम् के स्वर से गूंजे कार्यालय में देशभक्ति की अनूठी झलक दिखाई दी।



# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में आयोजित होंगे विशेष कार्यक्रम: चौधरी भूपेंद्र सिंह

**मुरादाबाद।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह मुरादाबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया और वंदे मातरम के इतिहास तथा राष्ट्रनिर्माण में इसके योगदान पर प्रकाश डाला।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा है। जब देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, तब इस गीत ने देशवासियों में आजादी की अलख जगाई। उन्होंने कहा कि इस गीत से जुड़ी ऊर्जा और देशभक्ति ने स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी थी, जिसे आज भी हर भारतीय गर्व के साथ गाता है।चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वह राष्ट्रभावना से ओतप्रोत इस गीत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।उन्होंने



बताया कि पूरे प्रदेश में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि युवा पीढ़ी इस गीत के महत्व को समझ सके और राष्ट्रभक्ति की भावना से जुड़ सके।इस अवसर पर जिले के कई जनप्रति. निधि, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में वंदे मातरम गाकर देशभक्ति का संदेश दिया।

# टीएमयू में श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान का विश्व शांति महायज्ञ के संग भव्य समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में नौ दिनी भक्ति, श्रद्धा और ज्ञान की अद्‌भुत त्रिवेणी श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामंडल विधान का रिद्धि-सिद्धि भवन में विश्व शांति महायज्ञ हुआ, जिसमें महायज्ञ नायक के रूप में टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, सम्राट भरत चक्रवर्ती की भूमिका में ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन आदि ने यज्ञ की वेदी में आहूतियां दीं और विधान की सफलता और जीवों के मंगल की कामना की। इन पवित्र अनुष्ठानों में हजारों पुण्यार्जक श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से अर्घ्य समर्पित किए। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षुल्लक श्री 105 दिव्यानंद जी महाराज के मुख से भगवान शांतिनाथ के अभिषेक के मंत्रों के उच्चारण से शुद्धता और दिव्यता का संचार हुआ। प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज ने स्वयं शांतिधारा के मंत्रों का उच्चारण किया। रिद्धि-सिद्धि भवन में कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन ने प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज के पावन चरणों में शीश नवाकर क्षमा याचना की। उन्होंने अत्यंत भावुकता से कहा, हे परम पूज्य गुरूवर, यदि





इस महायज्ञ के संचालन में हमसे जाने-अनजाने कोई भी त्रुटि, प्रमाद या भूल हुई हो तो हम सपरिवार आपके समक्ष उत्तम क्षमा मांगते हैं। हमारे मन, वचन और काय से हुए समस्त दोषों के लिए हमें क्षमा प्रदान करें। गुरुदेव ने उन्हें धर्म की दृढ़ता का आशीर्वाद प्रदान किया। विधान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाले पूजक महानुभावों पंडित श्री ऋषभ जैन शास्त्री और पंडित श्री मनीष जैन का कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया। विधान में सौधर्म इंद्र की भूमिका निभा रहे श्री ऋषि जैन और शचि इंद्राणी बनीं श्रीमती निधि जैन, बाहु. बली बने श्री मनोज जैन और उनकी रानी श्रीमती नीलिमा जैन, कुबेर बने प्रो. विपिन जैन और उनकी इंद्राणी श्रीमती अहिंसा जैन ने भी दोनों पूज. कों का तिलक और वंदन किया। इस मौके पर श्रीमती जहान्वी जैन की गरिमामयी मौजूदगी रही। सम्राट भरत चक्रवर्ती की भूमिका निभा रहे ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन ने सभी श्रद्धालुओं के हित में एक मूलभूत प्रश्न किया। उन्होंने विनम्रतापूर्वक पूछा, हे गुरूवर, श्री कल्पद्रुम महामंडल विधान का परम फल हमें क्या प्राप्त होगा? साथ ही श्रद्धालुओं को किस प्रकार का उत्कृष्ट पुण्य मिलेगा? गुरूवर, इस गूढ़ रहस्य को विस्तार से समझा दीजिएगा। प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज ने कहा, प्रत्येक श्रद्धालु जिसने अहंकार त्यागकर यहां अर्घ समर्पित किया है, वह सीधा-सीधा अपने मोहनीय कर्म की निर्जरा कर रहा है। यह कल्पवृक्ष की तरह आपकी सांसारिक इच्छाओं को क्षणिक रूप से पूर्ण कर सकता है, लेकिन इसका सर्वोच्च पुण्य यह है कि यह आपके अज्ञान का नाश करता है। जब आप सच्चे भाव से प्रभु की वंदना करते हैं, तब आप अहिंसा के मार्ग पर दृढ़ होते हैं। यह पुण्य आपको उत्तम आयु, उत्तम गति और सबसे महत्वपूर्ण उत्तम परिणामों की प्राप्ति कराता है, जिसके बल पर आप आगामी भवों में जिनशासन का आश्रय लेकर मोक्ष के द्वार तक पहुंचते हैं। इसलिए यह पूजा केवल पुण्य नहीं, बल्कि शुद्ध आत्म-परिणामों की गारंटी है। श्री मज्जिनेन्द्र कल्पद्रुम महामंडल विधान के समापन पर प्रज्ञाश्रमण उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज ने इस आयोजन को कुलाधिपति श्री सुरेश जैन और उनके पूरे परिवार की विशुद्ध मंगल भावना का फल बताया। गुरुदेव ने कहा, आज इस विधान का कलशारोहण स्वरूप ही यह हवन कार्यक्रम है, क्योंकि जिस प्रकार मंदिर का पूर्ण निर्माण उसके कलशारोहण से माना जाता है, वैसे ही यह विधान आज पूर्णता को प्राप्त हुआ है। उन्होंने सम्राट भरत चक्रवर्ती की भूमिका निभा रहे जीवीसी श्री मनीष जैन के त्याग की सराहना की, जिन्होंने चक्रवर्ती पद को प्राप्त करके किमिच्छित् दान का आयोजन किया अर्थात सभी को उनकी इच्छित और आवश्यक वस्तुए प्रदान कीं। श्री मनीष जैन ने करुणा स्वरूप एक गाय और उसके बछड़े का भी दान देकर चक्रवर्ती होने का महान पद प्राप्त किया है। अंत में गुरुवर ने सभी की मंगल भावना करते हुए कहा कि आज तो इस विधान में एक समोशरण बना है, पर भविष्य में ऐसे आयोजन हों, तो उनमें पच्चीस समोशरणों की रचना होनी चाहिए। विधान में डॉ. कल्पना जैन, श्री विपिन जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. रत्नेश जैन, प्रो. रवि जैन, डॉ. अर्चना जैन, श्री आदित्य जैन, प्रो. प्रवीन कुमार जैन, डॉ. विनीता जैन, डॉ. अक्षय जैन, श्रीमती निकिता जैन, श्रीमती सुनीता जैन आदि मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

शनिवार, 8 नवम्बर 2025

## कुत्तों पर सुप्रीम आदेश

भारतीय इतिहास में कुत्ता सबसे वफादार जानवर बताया गया है। कई ऐसी सच्ची घटनाएं सामने आई हैं कि अपने मालिक को बचाने के लिए कुत्तों ने अपनी जान भी दे दी, लेकिन अब इन पर ही सर्वोच्च न्यायालय का आदेश आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी राज्य 2 हफ्ते के अंदर ऐसे संस्थानों और परिसरों की लिस्ट तैयार करें, जो कोर्ट की तरफ से बताई गई श्रेणी में आते हैं। कोर्ट ने स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और दूसरी इमारतों को इस श्रेणी में रखा है। इसके अलावा हाईवे से गाय-बैल को हटाने के लिए भी कहा गया है। इस आदेश के बाद डॉग लवर को राहत मिली है क्योंकि किसी भी तरह उनका अपने पाले गए कुत्ते से मोह नहीं हट रहा है। हटे भी कैसे, उस कुत्ते को उन्होंने अपनी औलाद की तरह ही पाला है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक महिला वकील तो कोर्ट में ही रोने लगी। शहरों में आम तौर पर हर चौथे घर में कुत्ता पालने की परंपरा रही है, जबकि गली-मौहल्ले के कुत्ते उस गली की सुरक्षा करते हैं, जिसमें वह रहते हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश ऐसे लोगों के लिए नहीं है, जिन्होंने कुत्ते पाल रखे हैं। कोर्ट का आदेश तो केवल उन सार्वजनिक स्थानों तक है, जहां का संबंध आम जन से जुड़ा हुआ है। कोर्ट ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, हॉस्पिटल, बस डिपो, रेलवे स्टेशन, सरक.ारी दफ्तरों और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से आवारा कुत्तों को हटाने के लिए कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने हाईवे और एक्सप्रेसवे से आवारा गाय-बैल को भी हटाने के लिए कहा है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन वी अंजा.रिया की बेंच ने सभी राज्य सरकारों और संबंधित संस्थाओं से 8 हफ्ते में इस आदेश का पालन करने के लिए कहा है। मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी। कोर्ट का कहना था कि सड़क और हाईवे पर घूमने वाले आवारा पशुओं को हटाने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। राज्य सरकारें इसके लिए गश्ती दल का गठन करें, जो लगातार सड़कों की निगरानी करे। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए, जिसमें लोग सड़क पर आवारा पशुओं की जानकारी दे सकें। इन पशुओं के लिए गोशाला समेत दूसरे स्थायी आश्रय गृह बनाए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन किया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के शेल्टर होम से आवारा कुत्तों को बाहर निकालने पर रोक लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में कुत्ते के काटने से रेबीज होने संबंधी मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया और कहा कि इसमें कुछ चिंताजनक और परेशान करने वाले आंकड़े हैं। 11 अगस्त को आवारा कुत्तों के काटने से, खासकर बच्चों को उत्पन्न बेहद गंभीर स्थिति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से स्थायी रूप से शेल्टर होम में भेजने का निर्देश दिया।


### भाजपा-संघ ने वंदेमातरम से दूरी बनाए रखी



कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है, वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया, वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वंदे मातरम की गर्वित ध्वजवाहक रही है, यह बहुत अजीब बात है कि जो लोग (भाजपा- आरएसएस) आज खुद को राष्ट्रवाद का स्वघोषित रक्षक बताते हैं, उन्होंने कभी भी अपनी शाखाओं या दफ्तरों में वंदे मातरम या हमारे राष्ट्रगान, जन गण मन नहीं गाया है। इसके बजाय, वे नमस्ते सदा वत्सले गाते रहते हैं, जो उनके संगठन की महिमा करने वाला गीत है, देश का नहीं, 1925 में अपनी स्थापना के बाद से आरएसएस ने इसकी सार्वभौमिक श्रद्धा के बावजूद वंदे मातरम से दूरी बनाए रखी है, इसके साहित्य में एक बार भी इस गीत का जिक्र नहीं मिलता। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## 25 वर्षों में बदली उत्तराखंड में शिक्षा की तस्वीर

**राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा सूबे का सकल नामांकन अनुपात, शिक्षा में सुधार को कई योजनाएं लागू, छात्रवृत्तियों का भी मिला लाभ**



एस. आलम अंसारी

राज्य के गठन के बाद विगत 25 वर्षों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था सीमित संसाधन, विषम भौगोलिक परिस्थितियां, विद्यालयों तक पहुंच और ड्राप आउट जैसी चुनौतियों के बावजूद न सिर्फ मजबूत हुई है बल्कि कई क्षेत्रों में मील के पत्थर भी स्थापित किए हैं। शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्य सरकार ने कई सुधारात्मक कदम उठाए। इसके अलावा राज्य में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, साक्षर भारत कार्यक्रम, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, पीएम योजना, पीएम जनमन कार्यक्रम और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आदि का सटीक क्रियान्वयन कर गांव-गांव तक शिक्षा का उजियारा फैलाया।

**बस्तियों तक बनी शिक्षा की पहुंच**

राज्य में आज 97 फीसदी बस्तियों में एक किलोमीटर की परिधि में प्राथमिक विद्यालय जबकि 98 फीसदी बस्तियों में तीन किलोमीटर की परिधि में उच्च प्राथमिक विद्यालय, 92 फीसदी बस्तियों में 5 किमी की परिधि में हाईस्कूल एवं 94 फसदी बस्तियों में 7 किमी की परिधि में इंटरमीडिएट विद्यालयों की पहुंच है। शेष बस्तियां मानक पूरे न होने के कारण विद्यालय खुलने से वंचित रह गई हैं। जबकि राज्य गठन के उपरांत प्राथमिक स्तर के 18 फीसदी एवं माध्यमिक स्तर पर 26 फीसदी नए विद्यालय खोले गए हैं।

**राष्ट्रीय औसत से अधिक प्रदेश की जीईआर**

राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक विद्यालय खोले जाने से राज्य गठन के बाद सकल नामांकन अनुपात द्धग्रॉस एनरॉलमेंट रेसियो-जीईआरऋ में अत्याधिक सुधार हुआ है। विशेषकर उच्च प्राथमिक स्तर पर यह अनुपात 80 से लेकर 104 प्रतिशत तथा माध्यमिक स्तर पर 56 से 93 प्रतिशत तक हो गया है। जो कि वर्तमान स्थितियों में शैक्षिक सूचकांकों के क्रम में राज्य का प्रदर्शन कुल राष्ट्रीय औसत से अच्छा है।

**बोर्ड परीक्षा परिणामों में बढ़ा उत्तीर्ण प्रतिशत**

राज्य गठन के उपरांत विद्यालय शिक्षा की पहुंच आसान होने, जन जागरूकता, विद्यालयों में संसाधनों की प्रयाप्त उपलब्धता, शिक्षकों के प्रशिक्षण आदि के परिणाम स्वरूप छात्र-छात्राओं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में निरंतर सुधार हुआ है। जहां एक ओर राज्य गठन के समय हाईस्कूल स्तर पर बोर्ड परीक्षा में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत मात्र 32.6 फीसदी था वहीं वर्तमान में यह प्रतिशत 90.8 फीसदी हो गया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट स्तर पर बोर्ड परीक्षा में छात्रों का तत्कालीन उत्तीर्ण प्रतिशत 61.2 था जो अब 83.3 फीसदी हो गया है।

**भौतिक संसाधन सम्पन्न बने विद्यालय**

राज्य गठन के बाद विद्यालयों में भौतिक संसाधनों का चरणवद्ध ढंग से विकास किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप वनभूमि क्षेत्रांतर्गत आने वाले 0.5 फीसदी विद्यालयों को छोड़कर शेष सभी विद्यालयों में भवन निर्माण कराए गए। जहां पर शत प्रतिशत विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध है। करीब 98 फीसदी विद्यालयों में बालक-बालिकों के लिए शौचालय, 99 फीसदी विद्यालयों में पेयजल सुविधा तथा 95 फीसदी विद्यालयों में विद्युतीकरण आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। ढांचागत विकास में प्रगति के लिए राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विद्यालई शिक्षा के बजट में वृद्धि की जाती रही है। जहां राज्य गठन के समय प्रारम्भिक स्तर पर 342 करोड़ का बजट स्वीकृत था वहीं वर्तमान में 4384 करोड़ हो गया है। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर पर बजट 323 करोड़ से बढ़कर 7017 करोड़ हो गया है।

**शिक्षा व्यवस्था में सुधार को योजनाएं लागू**

राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए राज्य गठन के बाद समय-समय पर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का क्रियान्वयन किया गया। जिसके संतोषजनक परिणाम मिले हैं। उदाहरण स्वरूप वर्ष 2003-04 में राज्य के दूर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभावान बालक-बालिकों को गुणवतापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए एक-एक आवासीय विद्यालय राजीव गांधी नवोदय विद्यालय नाम से स्थापित किए गए। जिसका सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार वर्ष 2015-16 में राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में 4 राजीव गांधी अभिनव आवासीय विद्यालय व प्रत्येक विकासखंड में दो-दो मॉडल स्कूल विकसित किए गए। जिनकी वर्तमान में कुल संख्या 190 हो चुकी है। जिनके सफल संचालन के लिए 22 करोड़ 44 लाख रुपये का बजट आवंटित है। इसी प्रकार एनईपी-2020 की अनुसंशा के आधार पर विद्यालयों को शिक्षा के उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने, भौतिक एवं मानव संसाधनों के अभीष्टतम उपयोग, छात्र-छात्राओं को गुणवतपूर्ण शिक्षा प्रदान करने के समान अवसर दिए जाने के दृष्टिगत वर्ष 2023-24 में कलस्टर विद्यालयों का शुभारम्भ किया गया। इस योजना के अंतर्गत माध्यमिक स्तर पर 559 विद्यालयों चयन कलस्टर स्कूल के लिए किया गया है, जिसके तहत अभी तक 86 करोड़ 6 लाख रूपये आंवटित किए जा चुके हैं। जबकि प्राथमिक स्तर पर 679 स्कूलों चयन कलस्टर विद्यालय के लिए किया गया है। जिनके लिए शीघ्र बजट आंवटित किया जाना प्रस्तावित है।

**बालिका शिक्षा को मिला प्रोत्साहन**

राज्य में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत 39 कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास स्थापित किए गए। जिनमें कक्षा-6 से 12 तक की 4300 बालिकाओं के लिए नि:शुल्क आवासीय सुविधाएं उपलब्ध है।

**छात्र-छात्राओं को मिला विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ**

प्रदेश के कमजोर एवं अपवंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किए जाने के लिए वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री छात्र प्रोत्साहन योजना शुरू की गई। जिसके तहत छात्रवृत्ति परीक्षा में बैठने वाले कुल छात्रों के 10 फीसदी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जा रही है। जिसके तहत कक्षा-6 के छात्रों को 600 रुपये प्रतिमाह से शुरूकर कक्षा-12 के छात्रों को 1200 रुपये प्रतिमाह दी जा रही है। इसी प्रकार हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने के लिए वर्ष 2029 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार प्रारम्भ किए गए है। जिसके तहत इंटरमीडिएट स्तर पर श्रेष्ठ तीन विद्यालयों को क्रमश: 10 लाख, 5 लाख व 3 लाख रुपये तथा हाईस्कूल स्तर पर श्रेष्ठ तीन विद्यालयों को क्रमश: 8 लाख, 4 लाख व 2 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जा रहा है। इसी प्रकार इंटर स्तर पर श्रेष्ठ तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमश: 21 हजार, 15 हजार व 11 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसी प्रकार हाईस्कूल स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 15 हजार, 11 हजार व 8 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 2100 का नकद पुरस्कार दिया जा रहा है।

**विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना**

प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के दृष्टिगत रियल टाइम आंकड़ों के संग्रहण के लिए वर्ष 2023-24 में केन्द्र सरकार के सहयोग से विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना की गई, जो देश का दूसरा विद्या समीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया। जिससे सभी विद्यालयों, छात्रों एवं शिक्षकों को जोड़ा गया। वर्तमान में छात्रों एवं शिक्षकों की ऑनलाइन रियल टाइम उपस्थिति ली जा रही है तथा छात्रों के रियल टाइम आंकलन के लिए परख कार्यक्रम भी इसी के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से शिक्षकों हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। राज्य के विद्यालय समीक्षा केन्द्र को राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केन्द्र से भी जोड़ा गया है।



राज्य सरकार विद्यालई शिक्षा को उत्कृष्ट, रोजगारपरक और मूल्यपरक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया जा रहा है, ताकि शिक्षा को व्यवहारिक और जीवनोपयोगी बनाया जा सके। साथ ही छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु खेल, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। केंद्र सरकार से वित्त पोषित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए, राज्य में शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य सतत जारी है।


**डॉ. धन सिंह रावत,**
**विद्यालई शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## परीक्षा देने का सबसे अच्छा समय क्या है

कामेंलो विकारियो एवं उनके साथियों ने फ्रंटियर्स इन साइकोलॉजी पत्रिका के जुलाई 2025 के अंक मी एक शोध.ापत्र प्रकाशित किया था, जिसका शीर्षक था 'Timing Matters. Academic assessment changes throughout the day (समय मायने रखता है। शैक्षणिक मूल्यांकन दिन भर बदलता रहता है)। इस अध्ययन में उन्होंने संपूर्ण इटली के 1,04,552 विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन का विश्लेषण प्रस्तुत किया है, जो कहता है कि परीक्षा का समय मायने रखता है। अध्ययन में पाया गया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच आयोजित परीक्षाओं के परिणाम बहुत अच्छे आए थे, और उनमें मध्यान्ह (12 बजे) के आसपास आयोजित परीक्षाएं सबसे अच्छी रहीं। जबकि सुबह 8 से 9 बजे के बीच और दोपहर 2 से 5 बजे के बीच आयोजित परीक्षाओं के परिणाम खराब रहे।

यानी नतीजों पर इस बात का असर पड़ता है कि महत्वपूर्ण निर्णय दिन के किस समय लिए गए हैं। ग्राफ पर परीक्षा में सफलता दर घंटाकार वक्र रेखा के रूप में प्रदर्शित हुई थी, जिसके शिखर पर मध्यान्ह 12 बजे का समय था। अर्थात यदि सुबह 11 बजे या दोपहर 1 बजे परीक्षा हो तो उत्तीर्ण होने की संभावना में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन यदि परीक्षा सुबह 8-9 बजे या दोपहर 3-4 बजे ली जाती है तो उत्तीर्ण होने की संभावना अपेक्षाकृत कम हो जाएगी। उत्तीर्ण होने की संभावना सुबह और देर दोपहर में बराबर थी। इस अध्ययन के एक सह लेखक बोलोग्ना विश्वविद्यालय के प्रोफसर एलेसियो एवेनंती का कहना है कि हइन निष्कर्षों के व्यापक निहितार्थ हैं। ये नतीजे इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे जैविक लय (biological rhythms) महत्वपूर्ण मूल्यांकन परिणाम को सूक्ष्म रूप से लेकिन काफी प्रभावित कर सकती है जबकि इस बात को अक्सर निर्णय लेने के संदर्भ में अनदेखा कर दिया जाता है। हालांकि अध्ययन में इस पैटर्न के पीछे के क्रियाविधि का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन दोपहर के समय उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या में अधिकता इस बात के प्रमाण के समान है कि संज्ञानात्मक प्रदर्शन सुबह के दौरान बेहतर होने लगता है और दोपहर के दौरान कम होता जाता है। देर-दोपहर में विद्यार्थियों के ऊर्जा स्तर में गिरावट के कारण उनकी एकाग्रता कम हो सकती है, जिससे उनका प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। प्रोफेसर/शिक्षक भी (जांच के दौरान) निर्णय लेने में थकान का अनुभव कर सकते हैं, जिसके कारण उत्तरों मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है। वहीं, सुबह के समय में खराब परिणाम क्रोनोटाइप या जैविक घड़ी की विविधता के कारण हो सकते हैं। 20 की उम्र के लोग आम तौर पर रात में जागने वाले होते हैं, जबकि 40 या उससे ज्यादा उम्र के लोग सुबह जल्दी उठने वाले होते हैं। यानी जब प्रोफेसर शिक्षक सबसे ज्यादा चेतन फुर्तीले हैं तब विद्यार्थी उनींदे से होते हैं नतीजा होता है संज्ञानात्मक प्रदर्शन में गिरावट।




इटली के मेसिना विश्वविद्यालय के डॉ. विक.ारियो का सुझाव है कि दिन के समय के प्रभावों का मुकाबला करने के लिए, विद्यार्थियों को अच्छी नींद लेना चाहिए, दिन के जिस समय वे खुद को सबसे कम ऊर्जावान महसूस करते हैं उस दौरान महत्वपूर्ण परीक्षाओंध्साक्षात्कार रखने से बचना चाहिए, परीक्षा से पहले दिमाग को आराम देने जैसी रणनीतियां अपनाना चाहिएय और संस्थानों द्वारा सत्र देर-सुबह शुरू करने या प्रमुख मूल्यांकन देर-सुबह रखने से परिणाम में सुधार हो सकता है, लेकिन शैक्षणिक प्रदर्शन पर दिन के समय के प्रभाव को पूरी तरह से समझने और वाजिब मूल्यांकन सुनिश्चित करने के तरीके विकसित करने के लिए अधिक शोध की आवश्यकता है। शोध पत्र के वरिष्ठ लेखक मेस्सिना विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मासिमो मुच्चियार्डी का कहना है कि अध्ययन में हहम अन्य कारकों को पूरी तरह से शामिल नहीं कर पाए हैं। जैसे हम विद्यार्थियों या परीक्षकों के विस्तृत डैटा (जैसे सोने-जागने की आदतें, तनाव या जैविक लय सम्बंधी जानकारी) नहीं हासिल कर पाए। यही कारण है कि हम अंतर्निहित तंत्रों को उजागर करने के लिए शारीरिक या व्यवहारिक कारकों को शामिल कर आगे के अध्ययनों का सुझाव देते हैं। हालांकि यह शोध इटली में हुआ है, लेकिन इसके निष्कर्ष भारत में भी भलीभांति लागू हो सकते हैं। भारत में भी कई प्रवेश परीक्षाएं आम तौर पर सुबह और दोपहर के समय में आयोजित की जाती हैं।

साभार स्रोत फीचर्स

## इसरो की नई छलांग, आसमान में चमका भारत का बाहुबली



योगेश कुमार गोयल

पिछले दिनों हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम 3-एम 5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-3 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4,410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-3 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है।

'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम 3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया। एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है।

इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रैंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधु.निक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी।

भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम 3-एम 5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निर्माता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी। नारायणन के शब्दों में, 'यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है।' एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के 'विक.सित भारत 2047' के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-3 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम 3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है जबकि इसकी लागत उन मिशनों की तुलना में बेहद कम है। यही भारतीय प्रतिभा और वैज्ञानिक अनुशासन की असली पहचान है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सीएमएस-3 से भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी और रक्षा नेटवर्क दोनों को मजबूती मिलेगी। देश के सुदूरवर्ती द्वीपों, सीमांत इलाकों और समुद्री मार्गों पर निर्बाध संचार स्थापित करना अब अधिक आसान होगा। इस मिशन के जरिए भारत का संचार तंत्र और आपदा प्रबंधन प्रणाली भी अधिक सटीक और प्रभावी होगी। यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज जब विश्व अंतरिक्ष की नई प्रतिस्पर्धा में प्रवेश कर चुका है, जहां अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ में हैं, भारत ने शांत, दृढ़ और सटीक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी अलग पहचान बनाई है। चंद्रयान-3 के बाद 'बाहुबली' की यह सफलता भारत की उसी निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जिसने विज्ञान को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा है। कुल मिलाकर, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल खोज का नहीं बल्कि सशक्त राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन चुका है। सीएमएस-03 केवल एक उपग्रह नहीं बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मविश्वास और दूरदृष्टि का प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच फिर गोलीबारी

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के एक सीमावर्ती जिले में पाकिस्तानी सेना ने भारी हथियारों का भी जमकर इस्तेमाल किया। अफगानिस्तान के स्थानीय मीडिया के अनुसार गोलीबारी स्थानीय समयानुसार गुरुवार शाम लगभग 5 बजे हुई। इसमें कहा गया है कि स्पिन बोल्डक जिले के एक व्यावसायिक बाज़ार पर मोर्टार के गोले दागे गए, जिससे निवा. सियों और व्यापारियों को इलाक़े से भागने पर मजबूर होना पड़ा।

### पाकिस्तान और इराक से 433 अफगानी कैदी रिहा

**काबुल।** पाकिस्तान और इराक की जेलों में बंद 433 अफगानी कैदियों को पिछले सप्ताह रिहा कर अफगानिस्तान भेज दिया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार देर रात यह जानकारी दी। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान में हिरासत में लिए गए 430 लोग दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के रास्ते देश में वापस आ गए। इसके अलावा छह महीने से इराक की जेलों में बंद तीन अन्य कैदी पश्चिमी निमरोज़ प्रांत में पुल-ए-अब्रेसिम सीमा पार करके वापस लौटे।

### वियतनाम में तूफान कालमेगी से पांच लोगों की मौत

**हनोई।** मध्य वियतनाम में तूफान कालमेगी के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय दैनिक लाओ डोंग ने शुक्रवार को यह जानक. ारी दी। तीन मौतें डाक लाक प्रांत में हुईं, जबकि अन्य दो गिया लाई प्रांत में हुईं। स्थानीय अधिकारियों की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार पूरे क्षेत्र में 52 घर ढह गए और 2593 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय अधिकारी नुकसान का आकलन और राहत कार्य जारी रखे हुए हैं। वियतनाम के कृषि एवं पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि तूफान आज तड़के एक उष्णकटिबंधीय दबाव क्षेत्र में कमज़ोर हो गया और फिर दक्षिणी लाओस के ऊपर एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदल गया।

### ब्रिस्बेन हवाई अड्डे पर वर्जिन के विमान में आग लगी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन हवाई अड्डे पर गुरुवार को वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइन के एक विमान के ब्रेक प्रणाली में आग लग गई। वर्जिन ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि विमान में सवार 178 यात्रियों और चालक दल के किसी भी सदस्य को कोई चोट नहीं आई। एयरलाइन कम्पनी ने कहा कि डार्विन से उड़ान भरने वाले बोइंग 737-800 के कल शाम स्थानीय समयानुसार लगभग सात बजे ब्रिस्बेन में उतरने के बाद उसके ब्रेक सिस्टम में आग लग गई।

# श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात

## न्यूनतम तापमान 0.2°C रिकॉर्ड किया गया, पहलगाम में हाड़ कंपाने वाली ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया जबकि श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, जहां न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया तथा घाटी में औसत तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई हिमपात के कारण घाटी में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और कई इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। अनंतनाग जिले के पर्वतीय रिसॉर्ट पहलगाम में शून्य से नीचे 3-0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया जो कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान रहा। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम की अब तक की सबसे सर्द रात थी। तापमान सामान्य 1.9 से गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोकरनाग में 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



■ तापमान सामान्य 1.9 से गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0. 7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 2-6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान केन्द्र शासित प्रदेश में मुख्यत: मौसम शुष्क रहने का अनुमान व्यक्त किया है। इसके साथ ही विभाग ने यह भी कहा है कि अगले दो दिनों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है, जिससे पूरे क्षेत्र में शुष्क और ठंडी स्थिति यथावत रहने का अनुमान है।

# डेमोक्रेटस की जीत का ओबामा ने मनाया जश्न

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हालिया चुनावों को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी में जश्न का माहौल है। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा वाशिंगटन में एक कार्यक्रम में अप्रत्याशित रूप से भाग लेते हुए नजर आए।

यहां उन्होंने कहा कि अमे. रिकी वोटर्स अब ट्रम्प के एजेंडे को खारिज कर रहे हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि डेमोक्रेट्स के बीच जारी मतभेदों को दूर किया जा सकता है। ओबामा ने पाड सेव अमेरिका नाम के पाडकास्ट के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हमारा मंगलवार बहुत अच्छा रहा। उनके ये बोलते ही भीड़ ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा संकेत है कि अमेरिकी जनता ध्यान दे रही है। वे निर्दयता नहीं चाहते। वे ऐसे लोगों को नहीं देखना चाहते जो सत्ता में बने रहने के लिए हरसंभव कोशिश करते हैं। न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर और खुद को समाजवादी कहने वाले जोहरान ममदानी और वर्जीनिया और न्यू जर्सी के गवर्नर चुनावों में क्रमश: डेमोक्रेट्स एबिगेल स्पैनबर्गर और मिकी शेरिल की जीत हुई थी। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि 2026 के मध्यावधि चुनावों की तैयारी के दौरान पार्टी अपने प्रगतिशील और मध्यमार्गी गुटों के बीच मतभेदों को कैसे सुलझाएगी। एसोसिएटेड प्रेस के वोटर पोल, जिसमें न्यूयार्क सिटी, वर्जीनिया, न्यू जर्सी और कैलिफोर्निया के 17,000 से अधिक मतदाताओं से राय ली गई है, के मुताबिक अधिकांश मतदाताओं ने तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रदर्शन को अस्वीकार किया और माना कि उनकी कठोर आव्रजन नीति हद पार कर गई। ओबामा ने स्वीकार किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी में अभी काफी काम किया जाना बाकी है, लेकिन कहा कि पार्टी के अलग-अलग गुट एक-दूसरे के साथ चल रहे हैं न कि किसी दिखावे या बनावटी तरीके से। डेमोक्रेटिक पार्टी के समाजवादी नेता और ममदानी के समर्थक सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि डेमोक्रेट्स के बीच मतभेद हैं, लेकिन उन्हें दूर किया जा सकता है।



■ पूर्व राष्ट्रपति ने कहा: अमेरिकी वोटर्स अब राष्ट्रपति ट्रम्प के एजेंडे को खारिज कर रहे

# पाक एटमी हथियारों की तस्करी कर रहा: भारत

## विदेश मंत्रालय ने कहा: हमने हमेशा इस बारे में बताया, ट्रम्प ने कहा था-पाक न्यूक्लियर टेस्ट कर रहा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान सालों से सीक्रेट तरीके से न्यूक्लियर एक्टिविटी करता रहा है। इसमें तस्करी, नियम तोड़ना, सीक्रेट साझेदारी और एक्यू खान नेटवर्क शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है। इसी वजह से हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पाकिस्तान के न्यूक्लियर टेस्ट वाले बयान पर भी गौर किया है।

दरअसल ट्रम्प ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान सीक्रेट तरीके से परमाणु परीक्षण कर रहा है। विद. ेश मंत्रालय ने साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में इसी बयान पर प्रतिक्रिया दी है। एक्यू खान नेटवर्क एक सीक्रेट अंतर्राष्ट्रीय परमाणु तस्करी नेटवर्क था, जिसे पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक डा. अब्दुल कदीर खान ने बनाया था। यह नेटवर्क 1970 के दशक से लेकर 2000 के शुरुआती सालों तक एक्टिव रहा। कदीर खान को पाकिस्तान के परमाणु बम के जनक कहा जाता है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए यूरेनियम संवर्धन तकनीक डेवलप की थी, जिससे पाकिस्तान ने 1998 में परमाणु परीक्षण किया। हालांकि बाद में सामने आया कि डा. खान ने यही तकनीक दूसरे देशों तक भी पहुंचाई। इसे ही एक्यू खान नेटवर्क कहा गया। यह नेटवर्क कोई औपचारिक संस्था नहीं था, बल्कि वैज्ञानिकों, इंजी. नियरों और कंपनियों का एक सीक्रेट नेटवर्क था जो अलग-अलग देशों में फैला था। इनके जरिए एटमी प्रोग्राम के लिए जरूरी पुर्जे, मशीनें और डिजाइन चुपचाप ईरान, उत्तर कोरिया और लीबिया जैसे देशों तक पहुंचाए गए।

साल 2003 में इस सीक्रेट का पर्दाफाश तब हुआ जब लीबिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को दी। जांच में यह पता चला कि लीबिया को तकनीक पाकिस्तान से मिली थी। इसके बाद 2004 में डा. कदीर खान ने टीवी पर आकर स्वीकार किया कि उन्होंने इन देशों की मदद की थी, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने यह काम अपनी मर्जी से किया, सरकार के आदेश पर नहीं। अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान ने खान को गृह नजरबंद कर दिया और कहा कि नेटवर्क को खत्म कर दिया गया है। ट्रम्प ने कहा था कि अमे. रिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नार्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस,पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता।



■ भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है

## पीओके में पाक के विरुद्ध सड़कों पर जेन-जी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ विरा. ेध-प्रदर्शन भड़क उठा है। नेपाल की तरह ही अब पीओके में भी आंदोलन की कमान जेन-जी ने संभाल ली है। हालांकि, शुरू में छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन शिक्षा सुधार और फीस कटौती पर केंद्रित था लेकिन उनकी मांगों को सुनने के बजाय सेना-पुलिस की मदद से उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई तो हालात बेकाबू हो गए। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिसमें मुजफ्फराबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सड़कों पर उतरे छात्रों को नारेबाजी, तोड़फोड़ करते और टायर आदि जलाते देखा जा सकता है। शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन में बदले विरोध-प्रदर्शन को पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में युवा पीढ़ी के बीच गहराते असंतोष के तौर पर देखा जा रहा है। कई सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा जा रहा है कि नेपाल के बाद अब पीओके में जेन-जी के आंदोलन ने पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए हालात मुश्किल बना दिए हैं। प्रदर्शन मुजफ्फराबाद की एक प्रमुख यूनिवर्सिटी में भारी-भरकम फीस और सुविधाओं के अभाव पर विरोध जताने के लिए शुरू हुआ था। प्रदर्शन शांतिपूर्ण जारी था लेकिन प्रशासन ने यूनिवर्सिटी में सभी राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी। स्थिति तब बिगड़ गई जब एक अज्ञात बंद. ूकधारी ने छात्रों के एक समूह पर गोली चलाई। एक महीने पहले भी पीओके में इसी तरह अशांति हुई थी।

■ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर फायरिंग से बढ़ा बवाल, पिछली बार प्रदर्शन के दौरान हिंसा में गई थीं कई जानें

# गाजा की सुरंग में फंसे 200 हमास लड़ाके

**गाजा।** गाजा के राफा बार्डर के पास करीब 200 हमास लड़ाके एक सुरंग में फंस गए हैं और वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ये लड़ाके मार्च 2025 से यहां फंसे हुए हैं। इजरायली सेना ने इनके बाहर निकलने का रास्ता बंद कर दिया है। इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, ये लड़ाके गाजा के उस हिस्से में मौजूद हैं, जो इजरायल के नियंत्रण में है।

वे सुरंगों के अंदर छिपे हैं, लेकिन अगर पीछे हटने की को. शिश करेंगे तो सीधे इजरायली सैनिकों (आईडीएफ) के हाथों पकड़े जाने का खतरा है। वाईनेट न्यूज के मुताबिक इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कहा है कि उन्हें सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वहीं, इजरायली सेना के चीफ आफ स्टाफ एयाल जमीर ने कहा कि लड़ाकों को निकालने के लिए हमास से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हम उन्हें अंडरवियर में सैन्य ठिकाने ले जाएंगे। कुछ इजरायली मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि अगर हमास के लड़ाके अपने हथियार डाल दें, तो उन्हें बाहर निकलने दिया जा सकता है। हालांकि, नेतन्याहू के दफ्तर ने इस दावे को झूठा बताया और साफ किया कि किसी भी हमास सदस्य को माफी या सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

सदे तेइमान एक सैन्य ठिकाना है जो इजरायल के नेगेव रेगिस्तान में गाजा की सीमा के नजदीक है और अक्टूबर 2023 के बाद इसे गाजा से पकड़े गए लोगों को रखने और पूछताछ करने के लिए इस्तेमाल किया गया है। कुछ रिपोर्ट्स के मुता. बिक यहां पर हजारों फिलिस्तीन कैदी हैं। जमीर ने सरकार को सलाह दी कि जब तक सभी बंधक और शहीद सैनिकों के शव वापस नहीं आ जाते, तब तक सीजफायर समझौते के अगले चरण पर नहीं बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त किए बिना वहां किसी तरह का कामकाज शुरू नहीं होना चाहिए।

■ इजरायल ने निकलने का रास्ता बंद किया, इजरायली सेना बोली: इन्हें अंडरवियर में आर्मी कैंप ले जाएंगे

# अमेरिका में 40 एयरपोर्ट्स पर 700 उड़ानें बंद

## ट्रम्प के शटडाउन की वजह से स्टाफ नहीं मिल रहा, बिना वेतन काम कर रहे कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन हुए 37 दिन बीत चुके हैं। इसका सबसे ज्यादा असर हवाई यात्रा पर पड़ रहा है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने 40 बड़े हवाई अड्डों पर उड़ानों में कटौती का ऐलान किया है। शुक्रवार सुबह से यह कटौती शुरू हो गई है। इसमें न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी के बड़े एयरपोर्ट्स शामिल हैं। कुल 40 में से ज्यादातर देश के सबसे व्यस्त हब हैं।

इससे थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं। रायटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई बड़े एयरलाइंस पहले ही उड़ानें कैंसिल कर चुके हैं। अब तक कुल 700 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल हो चुकी हैं। इसमें रीजनल और मुख्य उड़ानें शामिल हैं। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें इससे बचेंगीं। एफएए के मुताबिक यह कदम एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की कमी को कम करने के लिए उठाया गया है। ये कंट्रोलर्स एक महीने से ज्यादा समय से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। उड़ानों में कटौती के बाद कई बड़े एयरलाइंस उड़ानें कैंसिल कर रहे हैं। रोजाना 1,800 उड़ानें कैंसिल होने का खतरा, 2.68 लाख लोग प्रभावित, यह कटौती धीरे-धीरे बढ़ेगी। शुक्रवार से 4 प्रतिशत उड़ानें कम होंगी, 14 नवम्बर तक यह 10 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। यह सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इससे घरेलू उड़ानें प्रभावित होंगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इससे रोजाना 1,800 उड़ानें रद्द हो सकती हैं। वहीं, करीब 2.68 लाख लोग प्रभावित होंगे। डेल्टा एयर लाइंस ने शुक्रवार के लिए 170 उड़ानें रद्द कीं। यूनाइटेड एयरलाइंस ने 200 उड़ानें कैंसिल कीं। यह उनके शुक्रवार के शेडयूल का 4 प्रतिशत है। वही, अमेरिकन एयरलाइंस ने 220 उड़ानें कम कीं। साउथवेस्ट एयरलाइंस ने 100 उड़ानें रद्द कीं। एयरलाइंस फार अमेरिका ने कहा कि हम सरकार के साथ मिलकर यात्रियों की परेशानी कम करने की कोशिश कर रहे हैं। एफएए ने कहा कि एयरलाइंस खुद तय करेंगी कि कौन सी उड़ानें रद्द करनी है। फ्रंटियर समेत कई बड़ी एयरलाइंस ने अगले 10 दिनों के भीतर ट्रैवल करने वाले यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। फ्रंटियर एयरलाइंस के सीईओ बैरी बिफल ने इंस्टाग्राम पर कहा कि अगर आप शुक्रवार या अगले 10 दिनों में उड़ान भरने वाले हैं। तो बैकअप टिकट बुक करें। दूसरी एयरलाइन पर इकोनामी टिकट लें।




■ थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं




**श्रीनगर। नशा विरोधी रैली में भाग लेते छात्र-छात्राएं।**

# ट्रम्प नीति को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की मुहर

## पासपोर्ट पर लिंग पहचान सीमित, ट्रांसजेंडर समुदाय में नाराजगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को ऐसी नीति लागू करने की मंजूरी दे दी है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर और नानबाइनरी लोग (ऐसे लोग जो खुद को केवल पुरुष या महिला के रूप में नहीं पहचानते हैं) अब अपने पासपोर्ट पर अपनी लैंगिक पहचान खुद नहीं चुन पाएंगे।

इस फैसले से पहले एक निचली अदालत ने आदेश दिया था कि सरकार लोगों को पासपोर्ट पर पुरुष, महिला या अन्य लिंग में से अपनी पहचान चुनने की अनुमति देती रहे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट के छह जजों की बहुमत वाली बेंच ने कहा कि पासपोर्ट पर जन्म के समय का लिंग दिखाना, समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है। यह देश के जन्मस्थान दिखाने जैसा ही है, सिर्फ एक तथ्यात्मक विवरण। तीन लिबरल जजों ने इस फैसले का विरोध किया। जस्टिस केतानजी ब्राउन जैक्सन ने कहा कि यह नीति ट्रांसजेंडर लोगों को 'हिंसा, उत्पीड़न और भेदभाव' के खतरे में डालती है। उन्होंने लिखा कि यह अदालत एक बार फिर ऐसे कदम को मंजूरी दे रही है जिससे लोगों को तुरंत नुकसान पहुंचेगा, बिना किसी ठोस कारण के। जैक्सन ने यह भी कहा कि यह नीति ट्रम्प के उस कार्यकारी आदेश से निकली है, जिसमें ट्रांसजेंडर पहचान को झूठा और विनाशकारी बताया गया था। अमेरि. कन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) के वकील जान डेविडसन ने कहा कि यह फैसला बेहद दुखद है। यह लोगों को अपनी असली पहचान से दूर करने की को. शिश है और ट्रांसजेंडर समुदाय के खिलाफ सरकार के अभियान को और बढ़ावा देगा। कई ट्रांसजेंडर और नानबाइनरी लोगों ने अदालत में बताया था कि जब उनके पासपोर्ट पर उनकी पहचान गलत होती है, तो उन्हें हवाई अड्डों और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर अपमान, तलाशी और हिंसा का सामना करना पड़ता है। ट्रम्प प्रशासन ने दलील दी कि पासपोर्ट विदेशी मामलों का हिस्सा हैं और यह पूरी तरह से कार्यपालिका (राष्ट्रपति) के अधिकार में आता है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने इस फैसले को 'कामन सेंस और राष्ट्रपति ट्रम्प की विचारधारा की जीत' बताया। अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने कहा कि सिर्फ दो ही लिंग हैं, पुरुष और महिला। न्याय विभाग इस सच्चाई की रक्षा करता रहेगा।



■ पासपोर्ट पर जन्म के समय का लिंग दिखाना, समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है: अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट

# न्यूयॉर्क की कहानी, प्यूर्टो रिको के बिना अधूरी: ममदानी

**सैन जुआन।** न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने चुनाव जीतने के बाद प्यूर्टो रिको का दौरा किया, जहां हर साल न्यूयार्क के राजनेता और लाबिस्ट जमा होते हैं। यह वार्षिक सम्मेलन श्सोमोसश के नाम से जाना जाता है और राजनीतिक रणनीति, चर्चाओं और मेलजोल का केंद्र माना जाता है।

समुद्र तट पर आयोजित स्वागत समारोह में जोहरान ममदानी का जोरदार स्वागत किया गया। वहां मौजूद भीड़ ने तालियों बजाकर उनका स्वागत किया, और न्यूयार्क की अटार्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने मंच से सबको 'ममदानी, वो-ओ-ओ-ओ' गीत गाने के लिए प्रेरित किया, पुराना मशहूर गीत 'वोलेरे' की धुन पर। जोहरान ममदानी ने सभा को संबो. धित करते हुए कहा कि मैं सोमोस में आकर बहुत खुश हूं। न्यूयॉर्क सिटी की कहानी आप प्यूर्टो रिको की कहानी के बिना नहीं बता सकते। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने यहां का पारंपरिक पकवान 'मोफोंगो' खाया और उसकी तारीफ की। इस सम्मेलन के दौरान 'राइजिंग कम्युनिटीज के जरिए वर्कफोर्स डेवलपमेंट' और 'ह्यूमन सर्विसेज का जश्न' जैसे विषयों पर कार्यक्रम रखे गए हैं। इसके अलावा कई विधाई कार्यशालाएं भी होंगी। आमतौर पर यह सम्मेलन चुनाव के बाद नेताओं के लिए आराम, बातचीत और नेटवर्किंग का मौका होता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108